डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 16 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-03, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 09

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम ...

संसेक्स
81,820.12 ▲ -152.93

डॉलर
84.041 ▲ -0.024

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 76,070
01 किलो 90,930

## एक नजर

### कांग्रेस ने झारखंड के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। कांग्रेस ने झारखंड के लिए तारिक अनवर, अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रमार्क मल्लू को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है।

### रांची के नए उपायुक्त वरुण रंजन ने ग्रहण किया पदभार



**रांची।** रांची के नए उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया है। रांची के नए डीसी वरुण रंजन 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। बता दें कि चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद मंजूनाथ भजंत्री को रांची के डीसी पद से हटाया गया है। उन्हें विगत 30 सितंबर को रांची का उपायुक्त बनाया गया था।

### मनोज स्वर्गियारी बने बोकारो के एसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी मनोज स्वर्गियारी को बोकारो का एसपी बनाया है। बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

## झारखंड में विधानसभा चुनाव का बजा बिगुल, दो चरणों में मतदान

# 13 और 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट



RAJIV KUMAR
CHIEF ELECTION COMMISSIONER

- *11.84 लाख मतदाता पहली बार वोट देंगे*
- *20,281 क्षेत्रों में 29,562 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे*
- *शहरी क्षेत्रों में 5,042 मतदान केंद्र होंगे*
- *ग्रामीण क्षेत्रों में 24,520 मतदान केंद्र होंगे*
- *81 विधानसभा सीटों में सामान्य 44, एसटी 28 और एससी 9 सीटें हैं*
- *1.14 लाख मतदाताओं की उम्र 85 साल से अधिक है*
- *1,706 मतदाताओं की उम्र 100 साल से अधिक है*
- *3.67 लाख मतदाता दिव्यांग हैं, 448 थर्ड जेंडर मतदाता हैं*

● पुरुष मतदाता : 1.31 करोड़ ● महिला मतदाता : 1.29 करोड़ ● कुल मतदाता : 2.60 करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल मंगलवार को बज गया। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने झारखंड की 81 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे, जबकि महाराष्ट्र के साथ ही 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को बताया, झारखंड में चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण में 43 सीटों पर मतदान 13 नवंबर और दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर मतदान 20 नवंबर को होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा, झारखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 2.6 करोड़ है। इनमें से 1.31 करोड़ पुरुष और 1.29 करोड़ महिला मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है। झारखंड में इस बार चुनाव में 29,562 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। सीईसी राजीव कुमार के अनुसार, पहली बार मतदान करने वाले 11.84 लाख युवा मतदाताओं की उम्र 18 से 19 साल है। इसके अलावा, 66.84 लाख मतदाताओं की उम्र 20 से 29 साल के बीच है। 3.67 लाख मतदाता दिव्यांग हैं, जबकि 1.14 लाख मतदाताओं की उम्र 85 साल से अधिक है। इसके साथ ही 448 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं, 1,706 मतदाताओं की उम्र 100 साल से अधिक है। बता दें कि झारखंड में इस समय झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है। वहीं, भाजपा विपक्ष की भूमिका में है।

### झारखंड स्थापना दिवस मनेगा, लेकिन गाइडलाइन के अनुसार : रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव कराने की भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा करने के साथ ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को बताया कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में और दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गई है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान

### झारखंड विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम

**पहला चरण : 43 विधानसभा सीटों के लिए मतदान**

- अधिसूचना जारी करने की तिथि : 18 अक्टूबर (शुक्रवार)
- नामांकन की अंतिम तिथि : 25 अक्टूबर (शुक्रवार)
- नामांकन जांच की तिथि : 28 अक्टूबर (सोमवार)
- नाम वापसी की अंतिम तिथि : 30 अक्टूबर (बुधवार)
- मतदान की तिथि : 13 नवंबर

**दूसरा चरण : 38 विधानसभा सीटों के लिए मतदान**

- अधिसूचना जारी करने की तिथि : 22 अक्टूबर (मंगलवार)
- नामांकन की अंतिम तिथि : 29 अक्टूबर (मंगलवार)
- नामांकन जांच की तिथि : 30 अक्टूबर (बुधवार)
- नाम वापसी की अंतिम तिथि : 1 नवंबर (सोमवार)
- मतदान की तिथि : 20 नवंबर

### 13 नवंबर को इन विधानसभा सीटों के लिए पड़ेंगे वोट

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### 20 नवंबर को इन विधानसभा सीटों के लिए पड़ेंगे वोट

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी।

### महाराष्ट्र में एक चरण में होगा चुनाव, 23 नवंबर को रिजल्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो राज्यों महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। इसके अलावा, आयोग ने 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदान कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में मतदान होगा। 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 29 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकता है।

## धारदार हथियार से युवक की हत्या



- **पिता पर पुत्र की हत्या का संदेह**
- **पुलिस सभी बिंदुओं पर कर रही जांच**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के खामडीह गांव निवासी सरेश साव के 22 वर्षीय पुत्र सकेंद्र साव की हत्या पूर्णाडीह टोला स्थित नवनिर्मित मकान में सोमवार की रात धारदार हथियार से कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। मृतक युवक एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर खामडीह में पंचर बनाने का काम करता था। युवक का पुराना घर खामडीह में है, जबकि मृतक पूर्णाडीह में नया मकान बना रहा है। सोमवार को दुकान बंद करने के बाद युवक नवनिर्मित मकान पर रात करीब 11 बजे पहुंचा और बरामदे में खटिया लगा कर सो गया। वहां उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। शव देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या धारदार हथियार कर खटिया पर सुला दिया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक का घर पहुंचने से पूर्व पिता के साथ कहा सुनी हुई थी। पिता का किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध बताया जा रहा है। मृतक की मां रबिंदा देवी ने एफआईआर दर्ज करवाया है। उसने हत्या की आशंका अपने पति पर ही जाहिर की है। ग्रामीणों ने बताया कि लड़का बहुत ही अच्छा व मिलनसार था। अपनी मेहनत की बदौलत वह पक्का का घर बनाया है, जिसमें सिर्फ प्लास्टर व खिड़की, दरवाजा लगाना बाकी था। थाना प्रभारी अंचित कुमार न बताया कि धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई है। मृतक की मां रबिंदा देवी ने एफआईआर दर्ज करवाया है। उसने हत्या की आशंका अपने पति सरेश साव पर जताई है। थाना प्रभारी ने बताया कि हर पहलू से इस हत्या की जांच की जा रही है।

## वायनाड से प्रियंका गांधी होंगी कांग्रेस की उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की तरफ से केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी उम्मीदवार होंगी। इसके अलावा पार्टी ने दो विधानसभा सीटों पर भी होने वाले उप चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार केरल की पलक्कड़ सीट से राहुल मनकूटट्टिल और चेलक्कारा - एससी सीट से राम्या हरिदास पार्टी उम्मीदवार होंगी। उल्लेखनीय है कि आज ही चुनाव आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है।

### प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए आईआईएम रांची में चौथे विशेष प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची के सहयोग से राज्य के 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्राचार्यो के लिए विशेष प्रशिक्षण के लिए चौथे सत्र की शुरूआत हुई। पांच थीम पर आधारित इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में प्राचार्यो को अलग-अलग विषयों पर आईआईएम के विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। आज रणनीतिक नेतृत्व विषय पर आधारित थीम पर प्रधानाध्यापकों को जानकारी दी गयी। इसमें परिवर्तन प्रबंधन जैसे विषय भी शामिल है। आईआईएम, रांची के प्रोफेसर आदित्य मिश्रा ने मंगलवार को हुए प्रशिक्षण के बारे में बताया कि एचएम अपने विद्यालयों के लीडर होते है। उनके विजन और मिशन को विद्यालय के उद्देश्यों से संरेखित करना एवं प्राचार्यो को नवीन शैक्षिक नवाचारों और उनके विधाओं से अवगत कराना पहले दिन के प्रशिक्षण का उद्देश्य था। आज उन्हें प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रेटेजी मैनेजमेंट के प्रोफेसर्स द्वारा रणनीतिक प्रबंधन की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सीखना और विकास थीम पर आधारित प्रशिक्षण दिया जायेगा। स्कूली बच्चो की लर्निंग बेहतर एवं प्रभावशाली बनाने, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन, सॉफ्ट स्किल्स, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, हैप्पीनेस एवं तनावमुक्त माहौल के साथ साथ भावनात्मक कल्याण विषय पर प्रधानाध्यापकों को जानकारी दी जाएगी।

## चुनाव से पहले दी जाने वाली फ्री की योजनाएं रिश्वत : सुप्रीम कोर्ट

- **शीर्ष अदालत ने केंद्र व चुनाव आयोग से मांगा जवाब**

- ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने एक याचिका, जिसमें चुनाव से पहले दी जाने वाली फ्री की योजनाओं को रिश्वत घोषित करने की मांग की गई है, पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार व चुनाव आयोग को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। कर्नाटक के रहने वाले शशांक जे. श्रीधर ने अपनी याचिका में कहा है कि चुनाव से ठीक पहले फ्री वाली स्कीमों की घोषणा को रिश्वत घोषित करना चाहिए। यह मतदाता को एक तरह से रिश्वत का झांसा देना है।

याचिका में यह भी कहा गया कि फ्री की स्कीम से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। राजनीतिक पार्टियां अक्सर इस तरह की मुफ्त योजनाओं की घोषणा कर देती हैं और यह भी नहीं बताती हैं कि वे इसे पूरा कैसे करेंगी। याचिका में यह भी कहा गया कि पारदर्शिता की कमी ऐसे वादों को पूरा करने में समर्थ नहीं होती है। इससे वोटरों के साथ धोखाधड़ी होती है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि इस तरह की स्कीम से चुनाव की प्रक्रिया लेन-देन की प्रक्रिया बनकर रह जाती है। फ्री की स्कीमों के चुनाव से पहले के वादों के बढ़ते खतरों के बाद भी चुनाव आयोग इस प्रथा को रोकने में कामयाब नहीं हो पाया है। इसमें कहा कि चुनाव इस तरह से कराए जाएं, जिससे लोकतंत्र की अखंडता बनी रहे। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि चुनाव से कुछ समय पहले ही फ्री की योजनाओं पर रोक लग जानी चाहिए। ऐसी रोक सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों पर लागू होनी चाहिए।

मालूम हो कि हरियाणा, जम्मू-कश्मीर से लेकर महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा चुनावों तक में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने चुनावी वादों में इस तरह की योजनाओं की घोषणा कुछ ज्यादा ही देखने में आई हैं। महाराष्ट्र की भाजपा नीत गठबंधन वाली एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में एंट्री पर लगने वाले सारे टोल टैक्स लाइट मोटर व्हीकल के लिए माफ कर दिए हैं। इसके अलावा, लड़की बहिन स्कीम की भी घोषणा की गई थी। झारखंड में भी ऐसी ही योजनाओं का ऐलान किया गया है। हरियाणा के चुनावों में भी राजनीतिक पार्टियों ने कई तरह की स्कीमों का ऐलान किया था। इसमें सत्ताधारी पार्टी से लेकर विपक्षी पार्टी तक सब शामिल हैं।

### आज | कल




## इंडिया

# प्रचार और होर्डिंग का खतरनाक कचरा



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए सार्वजनिक स्थानों से नेताओं के पोस्टर, बैनर, शुभकामना संदेशों को हटाकर कचरे में फेंकने का काम शुरू हो जाता है पर सोशल मीडिया से लेकर वैचारिक कचरा जो दिमागों में भर दिया गया है उसे कैसे हटाया जाए? कभी भारत के दक्षिणी राज्यों से प्रारंभ हुई व्यक्ति पूजा और स्वयं के प्रोत्साहन हेतु सार्वजनिक स्थलों पर छोटे-बड़े महिमामंडन के बैनर-पोस्टर और होर्डिंग लगाने की परंपरा अब न सिर्फ शहरों में, बल्कि गांवों तक पहुंच गई है। इसमें निरंतर प्रतिस्पर्धा के चलते एक-दूसरे से अधिक संख्या और बड़े आकार के विज्ञापन लगा कर अपने कद को बड़ा साबित करने के प्रयास किए जाते हैं। यह होड़ नियम कानून तोड़कर मनमाने स्थानों में होर्डिंग लगाने से शहरों को न सिर्फ भद्दा बना रही है, बल्कि उससे भी अधिक बुरी बात है कि वातावरण में जहर घोलने का काम भी कर रही है, जिसका आभास न लगाने वाले को, न प्रायोजित करने वाले को है। नेताओं और उनके समर्थकों के दबाव में मूक दर्शक बने अधिकारियों के साथ जनता मजबूरी में उसे स्वीकार कर रही है।यों तो हर राज्य और शहर के लिए विज्ञापन संबंधी नियम-कायदे बने हुए हैं, जो निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त कहीं पर भी प्रदर्शित विज्ञापन सामग्री को प्रतिबंधित करते हैं, किंतु अनधिकृत प्रदर्शित विज्ञापन सामग्री पर यदा-कदा ही कार्रवाई हो पाती है।बिना अनुमति के लगने वाले इस प्रकार के बधाई संदेशों का चलन इतना बढ़ गया है कि इन्हें सार्वजनिक उत्पात की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। अधिक से अधिक व्यक्तियों की दृष्टि में आने की लालसा में ये विज्ञापन होर्डिंग्स सड़क हादसों के भी अनेक बार कारक होते हैं। साथ ही सार्वजनिक स्थल पर गंदगी भी एकत्रित करते हैं। बढ़ते प्रदर्शन के दौर में अब जन्मदिन, श्रद्धांजलि,बधाई, शुभकामना, आभार आदि संबंधी छोटे-बड़े होर्डिंग इतनी संख्या में लगाए जाते हैं, जिनसे संबंधित व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता है, बिना यह जाने कि उस संदेश को विज्ञापित करने वाली सामग्री कितनी जहरीली है। इन सामग्रियों के संपूर्ण वातावरण पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। प्रयुक्त सामग्री का किसी भी प्रकार से पुनः उपयोग नहीं हो पाता है और उसका जहां भी निष्पादन होता हैं, वहां वह वायु प्रदूषण की प्रमुख वजह बन जाती है। पिछले दिनों दशहरे पर हमने देखा कि आजकल लग रहे बधाई पट्ट रावण जैसे पुतले



बनाने में सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाते हैं। पहले के प्राकृतिक वस्तुओं से बनने वाले रावण के बजाय आजकल प्रयुक्त किए जाने वाले पीवीसी की सामग्री रावण जैसी असुरी प्रवृत्ति से कम भी नहीं है। बधाई संदेश में लगे बांस और खपच्ची रावण का ढांचा बना देते हैं और उपयोग में लाया गया सिंथेटिक पॉलीमर उसकी भराई और ऊपरी सतह की तरह काम में उपयोग किया जाता है। जब यह पुतला जलता है, तो इससे खतरनाक डाइऑक्सिन वातावरण में घुल जाता है। यह तत्व सबसे जहरीले तत्वों में शुमार है, जो पूरे वायुमंडल को प्रदूषित कर देता है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार, 80 प्रतिशत डाइऑक्सिन प्रदूषण के लिए पीवीसी ही दोषी है। कार्बन श्रृंखला का उत्पाद होने के कारण पीवीसी के द्वारा कार्बन उत्सर्जन भी अत्यधिक मात्रा में होता है। मूल सामग्री के अतिरिक्त उक्त प्रदर्शन सामग्री के निर्माण में प्रयुक्त रंगों के अतिरिक्त भी रसायन उपयोग में लिए जाते हैं, जो मानवीय एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक होते हैं। आजकल स्टार फ्लेक्स प्रिंटिंग का भी चलन है, जो कि आमतौर पर उपयोग में लिए जाने वाले पीवीसी से मोटा होता है, किंतु उसका निष्पादन भी जटिल रहता है।

इनका चलन इसलिए भी बढ़ रहा है, क्योंकि इसकी लागत मात्र दस रुपये प्रति फीट आती है और एक होर्डिंग चार सौ से छह सौ रुपये में तैयार हो जाता है। इनको प्रदर्शित करने का कोई भी शुल्क या कर नगरीय निकाय द्वारा वसूल नहीं किया जाता, जबकि निर्धारित स्थल के विज्ञापन नीलामी के जरिये एक तय मासिक या वार्षिक राशि के आधार पर आवंटित किए जाते हैं। यदि प्रदर्शित सामग्री का उपयोग जलाने या ढकने में नहीं होता, तो वह कचरा डिपो में पहुंच जाती है और प्रदूषण की नई श्रृंखला प्रारंभ कर देती है।खुला कचरा अपने आप में वायुमंडल के लिए अभिशाप है, उसके ऊपर यह सामग्री तड़के का काम करती है। यदि यह कचरा घर तक पहुंच जाए, तो मीथेन जैसी विषैली गैस के उत्सर्जन में उत्प्रेरक का कार्य करने लगती है।महत्वपूर्ण यह है कि क्या आम आदमी के स्वास्थ्य और पर्यावरण को हानि पहुंचाते हुए बधाई संदेशों को प्रदर्शित करने की आवश्यकता क्या है? क्या यही शक्ति प्रदर्शन का एकमात्र आधार है? यदि इनके प्रदर्शन पर शुल्क लगता या कोई कार्रवाई होती, तो संभवतया इन पर अंकुश लग सकता था। बधाई-आभार संबंधी सार्वजनिक प्रदर्शित विज्ञापन के उत्पात को रोकने के लिए सरकार को शीघ्रातिशीघ्र कदम उठाना चाहिए और उसे लगाने वाले पर दंड भी लागू करना चाहिए, अन्यथा यह चलन बढ़ता ही जाएगा और वातावरण भी जहरीला होता जाएगा।सोशल मीडिया का कचरा साफ किया जाना चाहिए।

## पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर झारखंड हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व विधायक ममता देवी को बड़ी राहत मिली है। रामगढ़ की पूर्व विधायक की सजा पर झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी है। हजारीबाग व्यवहार न्यायालय स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें कुल 7 साल की सजा सुनाई थी। गोला प्रखंड के टोनागातू में इनलैंड पावर प्लांट निर्माण किया गया था। इसके निर्माण के समय कई ग्रामीण यहां से विस्थापित हुए थे। इन लोगों को हटाने से पहले नौकरी, मुआवजा और रोजगार देने का आश्वासन दिया गया। प्रबंधन ने अपने कहे अनुसार कुछ लोगों को नौकरी तो दी, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हे पर्याप्त सुविधा और रोजगार नहीं दिया गया। इसी मांग को लेकर 29 अगस्त, 2016 को तत्कालीन पार्षद ममता देवी एवं राजीव जायसवाल के नेतृत्व में यहां पर धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। इस दौरान अचानक पुलिस और आंदोलन कर रहे लोगों के बीच झड़प का माहौल बन गया और धीरे-धीरे यह रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 43 लोग घायल हो गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्कालीन सीओ की गाड़ी में आग लगा दी। इसे लेकर गोला और रजरप्पा थाना में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे।इसके बाद हजारीबाग के एमपी-एमएलए कोर्ट के जज पवन कुमार ने इस मामले की सुनवाई करते हुए रामगढ़ की पूर्व विधायक समेत 13 आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी। उन्हें आईपीसी की धारा 333 और 307 के तहत 5 साल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा, 148 और 332 के तहत 2 साल की सजा के साथ-साथ 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। झारखंड हाईकोर्ट ने इसी सजा पर रोक लगाई है।

## एक नजर

### भाजपा ने शहीद हरिद्वार शाह का मूर्ति का किया अनावरण



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के लहर बंजारी स्थित कोयल नदी पुल पर शहीद हरिद्वार शाह का मूर्ति का अनावरण प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, संजय चंद्रवंशी, सतेंद्र सिंह, सुरेश पासवान, मनोज कुमार, पूर्व मुखिया अशोक चौधरी, बिंदेश्वर चौधरी, कुंदन चौधरी, अजय चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, अर्जुन चौधरी, संतोष कुमार चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### रेलवे स्टेशन पर रेल अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 19 लोग धाराएं

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑन सोन रेलखंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट जपला के अधिकारियों ने सोमवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस छापेमारी अभियान में रेलवे एक्ट की धाराओं का उलंघन करने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एएसआई जितेंद्र यादव ने बताया कि जपला रेलवे स्टेशन पर विभिन्न यात्री ट्रेनों व प्लेटफार्म पर छापामारी के दौरान सभी 19 लोग गिरफ्तार हुए है। रेलवे एक्ट 141 में एक,एक्ट 155 में 8, एक्ट 162 में 10 लोग पकड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी व्यक्तियों को रेल न्यायालय डालटनगंज भेज दिया गया है। इस अभियान में एएसआई जीतेन्द्र यादव व जवान शामिल थे।

# विधायक ने 15 करोड़ की आठ योजनाओं का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने आठ योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने लगभग 15 करोड़ की लागत से सात सड़कों और एक पुल निर्माण की आधारशिला रखी।

ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और सभी गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया गया है। योजनाओं में मेन रोड से तेंदुई तक पथ का सुदृढ़ीकरण, मेन रोड से दमवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, आरसीडी पथ से पिपरा ब्लॉक एवं थाना तक सुदृढ़ीकरण कार्य, मेन रोड बारा से बनाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण, दलपतपुर से पोलदा भाया महुगाईन तक पथ का सुदृढ़ीकरण, हरिहरगंज एनएच 139 ढाबकला से भांवर तक पथ का सुदृढ़ीकरण, तुरी पथ से कोशडीहरा भाया विशुनपुर पिपरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत तेंदुई पंचायत के टंडवा जगदीशपुर अमझर नदी पर पुल निर्माण कार्य शामिल है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, कान्हा सिंह, बबलू सिंह, जनेश्वर भुइयां, और अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### परता में विधायक ने मूरही नाला पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में विधायक कमलेश सिंह ने मूरही नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि पुल निर्माण के अलावा उन्होंने अपने कोटा की अन्य कई योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराया है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान निष्ठा से करने का प्रयास किया गया है, जिसमें सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, गली, नाली, चबूतरा और विवाह मंडप जैसी सुविधाएं शामिल हैं। विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र की सभी जनता उनके परिवार के सदस्य हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करना उनका दायित्व है। शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला और गाजा-बाजा के साथ स्वागत किया। भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने कहा कि विधायक ने संपूर्ण इलाके में बिना भेदभाव के कार्य किया है, जिससे सभी जातियों, धर्मों और समुदायों को लाभ मिला है। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अनूप कुमार सिंह, संजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल थे।

## मोहम्मदगंज में अबतक नहीं हुआ गरीब रथ का ठहराव, रेल उपभोक्ताओं में निराशा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव अब तक नहीं मिल सका है। इससे इस क्षेत्र के रेल उपभोक्ताओं में निराशा व्याप्त है। उनका कहना है पूर्व मध्य रेलवे के डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड रेलखंड का यह अति महत्वपूर्ण स्टेशन है। जहां प्रखंड व थाना के अलावा भीमचूल्हा पर्यटक स्थल सहित अन्य कई दर्शनीय स्थल भी हैं। इसके साथ ही हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा, उंटारी रोड प्रखंड के सतबहिनी,गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखंड के मोरबे,भवनाथपुर व केतार सहित संपूर्ण कांडी प्रखंड के सैकड़ों गांव के लोगों का यह रेलहेड भी है।

सोन नदी के सीमावर्ती बिहार राज्य के कई गांवों के लोगों को भी ट्रेन सुविधा के लिए यही स्टेशन सहज होता है। गरीब रथ का ठहराव होने से इन क्षेत्रों के लोगों को देश की राजधानी नई दिल्ली में सर्वसुविधा युक्त एम्स सहित अन्य बड़े अस्पताल में इलाज और धर्मनगरी प्रयागराज, व्यावसायिक नगरी कानपुर सहित अन्य महानगरों में रोजगार, व्यापार व अध्यात्म से जुड़ने की सुविधा उपलब्ध होगी।

वैसे, भी इस स्टेशन से यात्री टिकट से प्रतिदिन औसतन एक लाख से अधिक के राजस्व की प्राप्ति रेलवे को होती है। जो गरीबरथ ट्रेन के ठहराव की अहर्ता को पूरी करता है। उक्त ट्रेन का यहां से जपला करीब 20 किमी और गढ़वा रोड करीब 30 किमी पर ठहराव होता है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह का इस मामले में कहना है कि वे इस स्टेशन से जुड़े रेल उपभोक्ताओं के लिए गरीबरथ एक्सप्रेस के ठहराव को सुनिश्चित करवाने की दिशा में सांसद से मिलकर जल्द ही पहल कराएंगे।

## ग्रामीणों को रेल लाइन क्रॉस करने में उठानी पड़ती है जोखिम, नहीं दी जा रही आवागमन की वैकल्पिक सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक स्टेशन बिल्डिंग, नन इंटरलॉकिंग प्रणाली से ट्रेन परिचालन, नए प्लेटफॉर्म की सुविधा और थर्ड लाइन के विस्तारीकरण सहित काफी विकास किया जा रहा है। नया फुट ओवरब्रिज भी बनाने का काम शुरू किया गया है। मगर ग्रामीणों की मांग के बावजूद न तो राजनडीह-पदारथडीह के पास अंडरब्रिज बनाया जा रहा है, न ही फुट ओवरब्रिज को पुरब दिशा में विस्तारित किया जा रहा है। बल्कि इसका भी निर्माण प्लेटफॉर्म टू प्लेटफॉर्म ही किया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि स्टेशन के पूर्वी दिशा के रामनगर, राजनडीह, झरिवा, नदीपर सहित अन्य कई गांवों के लोगों को रेलवे लाइन आर-पार करने को लेकर जोखिम उठाने की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले एक दो रेल पटरियों को आर-पार करना आसान होता था। जबकि अब ननस्टॉपेज थर्ड रेल लाइन के साथ अन्य पटरियों को आर-पार करना जोखिम भरा होता जा रहा है। हर पांच मिनट में मालगाड़ियों का तेज गति से गुजरने के दौरान अब तक कई लोगों और मवेशियों की इनकी चपेट में आने से मौत हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त गांवों के लोगों को रेल लाइन आर-पार करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। बच्चों के स्कूल, बड़ों को बाजार और शवों को लेकर श्मशानघाट जानें में रेल लाइन को ही आर-पार करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि पदारथडीह-राजनडीह और रामनगर गांवों के पास अंडरपास ब्रिज अथवा फुट ओवरब्रिज को प्लेटफॉर्म के बाहर तक बनवाया जाए। जिससे उनकी समस्या का समाधान हो सकता है। इसकी मांग करने वाले ग्रामीणों में पंचू रजवार, रामजन्म राम, सुशील कुमार मेहता, गुड्डू पासवान, प्रवेश पासवान, ममता देवी पंसस सहित अन्य कई के नाम शामिल हैं।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं में जागरुकता जरूरी : राजीव रंजन



### विचार गोष्ठी सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के नेशनल आइटीआइ कॉलेज कौवाखोह में मंगलवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को देखते हुए विचार गोष्ठी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध लोग, जन प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। विचार गोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने कहा कि पहले की अपेक्षा आज के माहौल में वोटर्स में जागरूकता बढ़ी है। वह अपने हक और अधिकारों को समझने लगे हैं। जरूरत है कि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदार छवि के जनप्रतिनिधियों का ही चयन किया जाए। इसके लिए क्षेत्र के तमाम मतदाताओं को वोट की अहमियत समझना होगा। उन्होंने तमाम वोटरों से वोट के अधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, अवधेश मेहता, रघुनंदन साव, मृत्युंजय सिंह, विनय सिंह, विश्वदीप कुमार, विजय प्रजापति, संजय मेहता, अरविंद बोस, नवीन दुबे, ब्रजेश सिंह, संजय पासवान, विनय विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुरेश यादव, अनिल यादव, मनोज सिंह, अजय स्वर्णकार, शंभू यादव, दिलीप मेहता, अनुज मिश्रा, विजय शौंडीक, नरेंद्र गुप्ता, रवि रंजन वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से मिलन भाव होता है : राणा प्रताप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मेला टांड में सोमवार को भक्ति जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर किया गया। इसका उद्घाटन डाल्टनगंज-भंडारिया विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कर्यकर्ता अजय उरांव, महेश यादव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह सने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से मिलन भाव होता है। संगीत जीवन में बहुत महत्व रखता है। संगीत से शांति मिलती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम इसी उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। जय मां काली संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा समाप्ति के दुसरे दिन भक्ति जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है। मौके पर आसनसोल से आए कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भक्ति व हिंदी, भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने अपने गीत, नृत्य से सबका मन मोह लिया और सभी को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर काली मंदिर संघ के अध्यक्ष मेघराज प्रसाद, सचिव रंजीत मिश्रा, आफताब आलम,अजीत सोनी समेत हजारों की संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### पंचायत सचिवों में बंटा प्रभार

**मोहम्मदगंज।** पंचायत सचिवों के बीच प्रभार का बंटवारा कर दिया गया है। इसके तहत अविनाश कुमार को मोहम्मदगंज-कादलकुर्मी, छोटू जौहरी कोल्हुआ-सोनबरसा-लटपौरी, राजकुमार गोड़ाडीह, सुरेश कुमार सिंह पंसा-रामबांध और रामदेनी सिंह को भजनियां पंचायत का प्रभार दिया गया है।

### आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के चरकेडिया मोहल्ला वार्ड नंबर 11 में नगर विकास एवं आवास विभाग की इस योजना से यमुना सिंह के घर से बटाने नदी तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा तथा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। मुहल्ले में नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को एक साथ कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा था। अब नाली बन जाने के बाद मुहल्लेवासियों को जल निकासी की समस्या का निदान हो जाएगा। लोगों ने नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किए जाने पर प्रसन्नता जताई है। उक्त कार्य का निर्माण महाकाल इंटरप्राइजेज द्वारा कराया जाना है। शिलान्यास के मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन, संवेदक विपुल गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद पासवान, शिक्षक मृत्युंजय सिंह, अभय सिंह, धर्मेंद्र पटेल, दिनेश मेहता, मुकेश मेहता, सुरेंद्र सिंह, विजय प्रजापति, पवन कुमार तथा सरस्वती देवी आदि कई ग्रामीण मौजूद थे।

### मनरेगा का तीन दिनी प्रशिक्षण शुरू

**पंडवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन पड़वा मुखिया संघ अध्यक्ष रंजना कुमारी सिंह व अन्य मुखिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं मुखिया और पंचायत सचिव को मनरेगा योजना में तकनीकी विशेषज्ञता के बारे में जानकारी पंचायती राज के मास्टर ट्रेनर कर्ण कुमार एवं महिला मुखिया मास्टर ट्रेनर सुमन गुप्ता पाटन (किशुनपुर) के द्वारा दिया गया। वहीं ट्रेनर द्वारा पंचायत अंतर्गत मनरेगा की गतिविधियां एवं सात रजिस्टर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मुखिया रंजना कुमारी सिंह, कमला देवी, सिंधु देवी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी,आशा देवी,शंकर साव, राजीव रंजन पासवान, पंचायत सेवक मनोज कुमार मिश्रा, कमला प्रसाद, कुसुमलता भारती और प्रज्ञा केंद्र ऑपरेटर भाग लिये। मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज अमित चौबे एव प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ,प्रधान सहायक बसंत राजू मिंज ,नाजीर संजीव गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ से की शिकायत

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ के पहरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव ने मंगलवार को बीडीओ राहुल देव से भेंट कर शिकायत की। श्री साव ने पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा पर अबुआ आवास में मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ से कहा कि अबुआ आवास की सूची में 44 नम्बर तक दिया गया। इसके बाद पंचायत सचिव श्री शर्मा ने वरीयता क्रम तोड़कर 154 की छलांग लगाकर अबुआ आवास लाभुक का रजिस्ट्रेशन किया है। जबकि इसके बीच कई ऐसे लाभुक आवास लेने योग्य हैं। वरीयता क्रम टूटने से बीच के सभी लाभुक रिमाइंडर में चले गए। मुखिया प्रतिनिधि में बीडीओ से शिकायत कर पंचायत सचिव को पहरा से हटाने की मांग की। मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास में पंचायत सचिव की मनमानी करने का लिखित आवेदन मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ को दिया है। हलांकि पहरा पंचायत में अबुआ आवास लाभुकों से जमकर वसूली की जा रही है। कई ऐसे सुखी सम्पन्न लाभुक को आवास दिया गया और कई लेने लायक लाभुक छूट गए हैं।

### बीएलओ को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह, सिद्धेश्वर पांडेय व बीडीओ राहुल देव ने बीएलओ को से मतदान केंद्र में पानी, बिजली, शौचालय समेत अन्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ मतदान के समय मतदान केंद्र के 100 से 200 मीटर के आसपास भीड़ एकत्रित नहीं होने की बात कही। साथ ही सभी बूथ पर वरिष्ठ मतदाता बूथ होने, 85 वर्ष प्लस आयु वाले मतदाता, दिव्यांग मतदाता व स्थायी बुनियादी ढांचा, मतदाता जागरूकता के तहत बैग का गठन कर मतदाता जागरूक करने की बात कही। प्रशिक्षण में बीएलओ के साथ पर्यवेक्षक मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 93वीं जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद मध्य विद्यालय परिसर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के 93वें जन्मदिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

वक्ताओं ने बताया कि डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था। उन्होंने गरीबी को करीब से देखा और पेपर बेचकर अपनी पढ़ाई की। उन्होंने पेपर बेचने से लेकर देश के 11वें राष्ट्रपति बनने तक कई कठिनाइयों का सामना किया। उन्हें ₹मिसाइल मैन₹ भी कहा जाता है और वे डीआरडीओ एवं इसरो के प्रमुख वैज्ञानिक रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज उनके बताए पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है, तभी उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से डॉ. कलाम की जीवनी से संबंधित 10 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों में शामिल थे: उनका पूरा नाम क्या था? जन्म कब और कहां हुआ? वे राष्ट्रपति कब बने? इसरो और डीआरडीओ का पूरा नाम क्या है? मिसाइल मैन किसे कहा जाता है? दूसरा परमाणु परीक्षण कब हुआ? तत्कालीन वैज्ञानिक कौन थे? इनका निधन कब और कहां हुआ?

इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वालों में अक्षय कुमार, शिवांश कुमार, जूली कुमारी, एकता कुमारी, स्वीटी कुमारी, सुमन कुमारी, प्रार्थना कुमारी, जागृति कुमारी, हिमांशु राज, अनुराग कश्यप, वैष्णवी सहित अन्य शामिल थे। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में कॉपी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में एचएम कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, मो. जुबैर अंसारी, पुष्पा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, राजेश सिन्हा, रश्मि प्रकाश और कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता आदि मौजूद थे।

# पलामू में विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू



**सरकारी भवनों से सभी पोस्टर और बैनर हटाए जाएंगे और इस प्रक्रिया को 72 घंटे के भीतर पूरा किया जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में फेज वन में चुनाव होना है। यह जानकारी पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। शशि रंजन ने बताया कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है और निर्वाचन कार्यक्रम आयोग द्वारा जारी कर दिया गया है। इस संबंध में आज राजनीतिक दलों की एक मीटिंग भी आयोजित की गई, जिसमें निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रक्रिया और नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी भवनों से सभी पोस्टर और बैनर हटाए जाएंगे और इस प्रक्रिया को 72 घंटे के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 3,25780 है, जबकि डाल्टनगंज में यह संख्या 4,20, 088, विश्रामपुर में 3,59, 129, छतरपुर में 3,19,189, और हुसैनाबाद में 3,22,390 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांकी विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक आयु के 1,895 वरिष्ठ मतदाता हैं, जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 7,582 है। डाल्टनगंज में 85 वर्ष से अधिक आयु के 1,137 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6,726 है। विश्रामपुर में 1,804 वरिष्ठ और 6,475 दिव्यांग मतदाता हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

### महत्वपूर्ण तिथियां

- गैजेट नोटिफिकेशन : 18 अक्टूबर 2024
- नामांकन की अंतिम तिथि : 25 अक्टूबर 2024
- स्क्रूटनी ऑफ नॉमिनेशन : 28 अक्टूबर 2024
- नाम वापसी की अंतिम तिथि : 30 अक्टूबर 2024
- मतदान की तिथि : 13 नवंबर 2024
- मतगणना की तिथि : 23 नवंबर 2024
- चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति : 25 नवंबर 2024

### निर्वाचन के लिए टीमों का गठन

शशि रंजन ने बताया कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अधिसूचित निर्वाचित पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी विभिन्न अधिसूचित निर्वाचित पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान अवैध नकद राशि, शराब, और अन्य मादक पदार्थों के परिवहन की जांच के लिए आठ अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का गठन किया गया है। चेक पोस्ट पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि चुनाव के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है और किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

## एक नजर

### नए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिया योगदान

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने मंगलवार को निर्वतमान जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुगार्नंद झा से प्रभार लेने के बाद योगदान दिया। इस मौके पर विदायी समारोह का भी आयोजन किया गया। पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुर्गानंद झा ने कहा कि यह उनके लिए काफी भावुक पल है। जो प्यार और सम्मान पलामू में मिला वह हर जगह संभव नहीं है। पूरे कार्यकाल के दौरान अपने तरफ से सभी शिक्षकों, कर्मियों के साथ समान भाव से पेश आने की पूरी कोशिश की। साथ ही उनके कार्यों का निष्पादन किया। उन्होंने कहा कि सरकारी पदाधिकारियों का स्थानांतरण होना एक सामान्य प्रक्रिया है। पलामू में जिला हालांकि वह ज्यादा समय तक सेवा नहीं दे पाएं लेकिन जितने दिन भी यहां पर वह उनके लिए बहुत अच्छा रहा। सेवा काल के दौरान सभी कर्मचारियों व शिक्षकों का हर मामले में भरपूर सहयोग मिला। मौके पर उपस्थित कर्मियों ने श्री झा कि तारीफ करते हुए कहा कि उनका अल्प कार्यकाल हम सभी के लिए यादगार रहेगा। शिक्षा विभाग के अरूण कुमारी गिरि, महेंद्र सिंह, शादाब सिद्दीकी, रवि रंजन पाठक, स्नेहशील मनीष, हिमांशु पांडेय, मंजीत कुमार, राही पासवान सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, पति-पत्नी और बच्चा घायल

**पड़वा।** थाना क्षेत्र के पंडवा में सोमवार देर शाम दो पक्षों के बीच आपसी विवाद के चलते मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में अरविंद कुमार मेहता (40 वर्ष), उनकी पत्नी गुड्डी देवी (35 वर्ष) और 10 वर्षीय बेटी सपना कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल अरविंद कुमार मेहता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत में पानी पटवा रहे थे, तभी उनकी हिस्सेदारी मुनेश महतो और उसके बेटे ने वहां पहुंचकर किसी बात पर बहस शुरू कर दी। बहस के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई, जिससे अरविंद, उनकी पत्नी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए।

## 108 एंबुलेंस कर्मचारियों का हड़ताल जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 108 एंबुलेंस के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने अपने 3 महीने से बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहें। हड़ताल पर गए इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और ड्राइवरों की संख्या 92 है, जबकि एंबुलेंस की संख्या 32 है। जिसमें 28 चालू हालत में है। 4 की हालत खराब हैं। दोनों स्तर के कर्मियों ने एनआर में अस्थाई करने तथा तीन महीने के वेतन की मांग को लेकर अनिनिश्चकालीन हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया। 108 एंबुलेंस के ड्राइवर के हड़ताल पर जाने के कारण पूरे जिला मे गरीब मरीजों और आकस्मिक दुर्घटना होने पर मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिला में कही भी किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर 108 एंबुलेंस को ही कॉल किया जाता है। हड़ताल पर जाने के कारण ये सेवा बाधित हो रही है। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी भी हड़ताली कर्मचारियों से भेंट कर उनके मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वह कभी थर्ड पार्टी कांट्रैक्ट का पक्षधर नहीं रहे हैं और ना ही किसी कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट देने के पक्ष में रहे हैं। कॉन्ट्रैक्ट कंपनियां सरकार से 20 से 25 हजार तक की राशि लेकर इन्हें 10 हजार देती है। यदि वह चुनाव जीत कर विधानसभा में जाते हैं तो इनकी बातों को वहां रखेंगे और सरकार से इनकी बातों को मनवाने का कोशिश करेंगे कि जो भी पैसा देना है वह डायरेक्ट इन्हीं के हाथों में दें।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर कड़ी नजर, उपायुक्त ने दिए अहम निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनावी तैयारियों का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को 'चुनाव मोड' में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव की सफलता टीम वर्क पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारियों से कोषांगवार कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग, मतदान कर्मियों का डेटा तैयार करने, लंबित प्रविष्टियों को पूरा करने, पोस्टल बैलेट की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाओं की उपलब्धता और वाहनों की व्यवस्था पर भी चर्चा की। साथ ही, उपायुक्त ने ईवीएम, सामग्री, प्रेक्षक, मीडिया, और स्वीप कोषांग के वरीय अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित हैंडबुक के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए, अंतर जिला चेकिंग अभियान को सक्रिय बनाने पर जोर दिया। आदर्श आचार संहिता के तहत 24, 48, और 72 घंटे के प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू करने के आदेश दिए गए।

## न्यूज बॉक्स

### मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पुनः जारी



**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में दो महीने पहले एक ट्रेनी महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के जूनियर डॉक्टरों ने पुनः मंगलवार को हड़ताल की है। डॉक्टरों का कहना है कि घटना को दो महीने बीत गए, लेकिन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होना अत्यंत दुःखद है। ओपीडी सेवा बंद, सिर्फ इमरजेंसी में सेवा दे रहे जूनियर डॉक्टर हड़ताल के चलते जूनियर डॉक्टर फिलहाल अपनी ओपीडी सेवाएं बंद रखे हुए हैं और केवल इमरजेंसी सेवाओं में सहयोग दे रहे हैं। हड़ताल के कारण आज ओपीडी के खुलने में करीब 40 मिनट की देरी हुई, जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आईएमए ने रविवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि पूरे देश में आईएमए जूनियर डॉक्टर नेटवर्क 15 अक्टूबर को सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अनशन करेगा।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने मगलवार को नए जिला शिक्षा पदाधिकारी व पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी को शॉल उढ़ाकर वह बुके देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में संघ के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार दुबे ने कहा कि पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यकाल शिक्षकों के लिए काफी लाभप्रद रहा है। अपने अल्प कार्यकाल में ही इन्होंने शिक्षकों की सेवा संपुष्टि भी की। नए जिला शिक्षा पदाधिकारी से उन्हें इस तरीके के हैं सामंजस्य की कामना है। उन्होंने कहा कि पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुगार्नंद झा ने शिक्षकों के विकास के लिए अपने अल्प कार्यकाल में ही काफी कुछ किया है। वह सदैव शिक्षकों के उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रयारत रहें है। उन्होंने नए जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश से भी उम्मीद जाताया कि वह सभी शिक्षकों को शिक्षका विभाग का परिवार का अंग मानते हुए उनके सभी प्रकार के समस्याओं के सामाधान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर जिला सचिव आलोक कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष साकेत शुक्ला, संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार सिंह, प्रमंडलीय अध्यक्ष सत्यनारायण पांडेय, प्रमंडल सचिव सुरेंद्र पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, डॉ. एजाज अहमद, सुरेंद्र कुमार दुबे, रमेश कुमार सिंह, मुरारी दुबे, उपाध्यक्ष दिगंबर कुमार, सुमित शंकर,साकेत शुक्ला, मीडिया प्रभारी साकेत तिवारी, संजीत तिवारी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता को गिरफ्तार करें पुलिसः सर्व ब्राह्मण समिति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सर्व ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक रुचिर तिवारी ने ग्राम महुगांवा निवासी अक्षय कुमार पांडेय, उनकी बहन के साथ मारपीट कर अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने के मामले की निंदा की है। साथ ही भाजपा नेता दुर्गा जौहरी की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता दुर्गा जौहरी व व्यवसायियों ने सोमवार को बाजार जाने के क्रम में स्कूटी व चार पहिया वाहन में टक्कर हो जाने के बाद मामला सुलझने के बाद भी दुर्गा जौहरी उसके भाइयों व समर्थकों द्वारा अक्षय व उनकी बहन के साथ भरे बाजार में मारपीट करना, अभद्रता पूर्वक व्यवहार करना यह बड़े अपराध के श्रेणी में आता है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि उसकी बहन अपने भाई को बचाने के लिए आगे आ रही है। उसके बावजूद उसके साथ भी मारपीट करना या भाजपा नेता के चरित्र को दशार्ता है। उन्होंने पलामू आरक्षी अधीक्षक से अविलंब धारा 323, 504 ,506 ,354 के तहत एफआईआर दर्ज कर दुर्गा जौहरी और उसके साथियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। मांग नहीं पूरी होने पर सर्व ब्राह्मण विकास समिति अन्य लोगों को साथ लेकर के शहर थाना का घेराव करने के लिए बाध्य हो जाएगी। इससे पहले सर्व ब्राह्मण विकास समिति के पदाधिकारियों ने पलामू आरक्षी अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर सर्व ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सचिन त्रिपुरारी तिवारी, संरक्षक रूचिर कुमार तिवारी एवं कार्यकारी सदस्य गोरखनाथ पांडेय, शाहित सहित कई मौजूद थे।

## 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में सुधार के लिए शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने का है लक्ष्य : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के नए डीईओ सौरभ प्रकाश ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से सभी उच्च विद्यालयों में शैक्षिक माहौल को सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत में कहा कि 10वीं और 12वीं के रिजल्ट को बेहतर करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि विद्यालयों का शैक्षिक वातावरण प्रेरणादायक और प्रभावी हो। सौरभ प्रकाश ने बताया कि इन विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। उनका लक्ष्य है कि शैक्षिक माहौल में सुधार के साथ-साथ छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि इसके लिए वे लगातार प्रयास करेंगे। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि विद्यालयों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उनका मानना है कि यदि शिक्षकों का समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए, तो इससे विद्यालय का माहौल सक्रिय और प्रगतिशील बनेगा। इस कारण वह जिले के सभी विद्यालयों में नियमित निरीक्षण करने की योजना बना रहे हैं, ताकि शिक्षकों की उपस्थिति और कक्षा संचालन पर उचित ध्यान दिया जा सके। सौरभ प्रकाश ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी शिक्षकों को नियमित रूप से कक्षाएं लेनी होंगी और पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सिलेबस का पालन किया जाए, ताकि छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को सुनने और उन्हें हल करने का भी आश्वासन दिया, ताकि शिक्षकों को अपने कार्य में कोई बाधा न आए। उनका उद्देश्य है कि सभी शिक्षक प्रेरित और समर्थ रहें, जिससे वे छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर सकें।

झामुमो कार्यकर्ता सम्मलेन में जिलाध्यक्ष को उम्मीदवार बनाने की मांग उठी

## हेमंत झारखंड को आगे बढ़ाने का काम कर रहें हैः राजेंद्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर डालटगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी देने की मांग केंद्रीय नेतृत्व से करना शुरू कर दिया है। इस सिलसिले में सोमवार को झामुमो जिला कमेटी ने स्थानीय शिवाजी मैदान में जन समर्थन सभा सह कार्यकर्ता सम्मेलन का जुटान कर अपनी तरफ से शक्ति प्रदर्शन किया। झामुमो के सभी पदाधिकारियों, सभी मोर्चा के अध्यक्षों, कार्यकताओं ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को उम्मीदवार बनाने की मांग की। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस भीड़ ने यह साबित कर दिया कि लोगों के मन में झामुमो के प्रति विश्वास बढ़ा है। पिछले 10 वर्षों से विधायक का कार्यकाल शून्य रहा है। भाजपा केवल जुमलों की राजनीति करती है। मिठ्ठी बातों से जनता को गुमराह करने का काम भाजपा करती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंईयां सम्मान योजना राशि को कैबिनेट में पास कर 1 हजार से बढ़ा कर 2500 कर सभी बहनों को सौगात दी है। इसके अलावा सरकार ने अबुआ आवास, बिजली बिल माफ, ओल्ड पेंशन, सर्वजन पेंशन, किसान ऋण माफ सहित सभी योजना ने झारखंड को राहत दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा भाजपा की सरकार रही है। अगर भाजपा चाहती तो झारखंड विकसित प्रदेशों की श्रेणी में खड़ा रहता, भाजपा नहीं चाहती कि झारखंड तरक्की करें। हेमंत सोरेन ने झारखंड को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है तो कई तरह से उन्हें रोकने का काम हो रही है। मगर अब जनता जाग चुकी है। भाजपा के जुमलो में झारखंड कि जनता नहीं आने वाली है। कार्यक्रम में केंद्रीय कार्य समिति सदस्य चंदन सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, फैजायल अहमद, रंजीत जायसवाल, सुशीला मिश्रा, कांति चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### सैकड़ो युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

जन समर्थन सभा में सैकड़ो युवाओं ने झामुमो का दामन थामा। सभी को जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने माला पहनाकर और पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर झामुमो में शामिल कराया। कार्यक्रम में जिले के सभी झामुमो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रवचन

सिंगरा लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में भक्तों की भीड़ उमड़ी

## दत्तात्रेय भगवान की उपासना से मिलती है बुद्धि और ज्ञानः जीयर स्वामी



**जीवन में मोह से बचकर, साधना और विवेक से आत्मसंतुष्टि प्राप्त की जा सकती है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आयोजित कथा के दौरान लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने भगवान दत्तात्रेय के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दत्तात्रेय ऋषि, अत्रि और अनसूइया के पुत्र रूप में प्रकट हुए थे। दत्तात्रेय जी तीनों शक्तियों से समाहित सर्वव्यापी भगवान हैं, जिनकी उपासना से बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है। उनके मंत्रों का जाप शत्रु बाधा और पितृ दोष जैसी समस्याओं को दूर करने में अत्यधिक कारगर माना जाता है। जीयर स्वामी ने दत्तात्रेय द्वारा 24 गुरुओं से ली गई शिक्षाओं का भी उल्लेख किया, जिनसे मनुष्य अपने जीवन में सुख और शांति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने पृथ्वी की सहनशीलता, सूर्य की विविधता, वायु की शुद्धता और समुद्र की असीमता जैसे गुणों से सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में मोह से बचकर, साधना और विवेक से आत्मसंतुष्टि प्राप्त की जा सकती है।

### प्रवचन पंडाल में भक्तों की भीड़

प्रवचन के दौरान श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हरिद्वार से आए पीठाधीश्वर स्वामी बैकुंठनाथ जी महाराज, काशी से जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी मुक्ति नारायण जी और आरा से स्वामी अयोध्यानाथ जी महाराज के नेतृत्व में सप्ताह भर चलने वाले भगवत कथा अनुष्ठान का आयोजन हो रहा है, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसके अलावा, वृंदावन से आए स्वामी रामानुजाचार्य चतुर्भुज जी महाराज द्वारा गीता की कथा भी प्रस्तुत की जा रही है।

### परिक्रमा में उमड़े श्रद्धालु

मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर और आसपास के गांवों से सैकड़ों महिला-पुरुष पूजा-अर्चना और परिक्रमा के लिए सुबह से ही यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। यज्ञाचार्य पंडित विजय राघव पाण्डेय के नेतृत्व में 95 आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ अनुष्ठान हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक यज्ञ-हवन का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र और सभा के आयोजन पर विशेष दिशा-निर्देश

## विधान सभा चुनाव को लेकर आज से मतगणना समाप्ति तक अनुमंडल क्षेत्र में निषेधज्ञा लागू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस क्रम में, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना ने पूरे अनुमंडल क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2024 से मतगणना समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके तहत पूरे क्षेत्र में घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, या विस्फोटक पदार्थ लाने और ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह नियम सरकारी पदाधिकारियों, कर्मचारियों, और पुलिस पर लागू नहीं होगा। निषेधाज्ञा के अनुसार, किसी भी प्रकार की आम सभा का आयोजन, जुलूस निकालने या ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग अनुमंडल कार्यालय से पूर्व अनुमति प्राप्त कर ही किया जा सकेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक की सीमा में अनुमत किया गया है, जबकि समय सीमा के बाहर इसका उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि पर लागू नहीं होगा, लेकिन वहां से चुनाव प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा, किसी भी सार्वजनिक या निजी संपत्ति पर नारा लिखने, पोस्टर चिपकाने, झंडे टांगने, या बैनर-होर्डिंग लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान केंद्रों के 100 मीटर के अंदर किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार, मतदाता लाने के लिए वाहनों का उपयोग, और अनुचित आचरण करना निषिद्ध होगा। चुनाव से 48 घंटे पहले से सार्वजनिक सभाएं आयोजित करना भी वर्जित होगा। चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा डालने या मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जातीय, धार्मिक, या व्यक्तिगत आलोचनाएं करने पर कड़ी पाबंदी रहेगी।

## एक नजर

### रक्षा मंत्री के चचेरे ससुर का निधन


**रमना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के गोसाइंबाग निवासी चचेरे ससुर शिक्षाविद आत्मा प्रसाद सिंह का निधन सोमवार के प्रातः रांची स्थित काठीटाड़ निवास पर हो गया। अंतिम संस्कार मंझिगावा के सतबहीनी नदी मुक्तीधाम पर मंगलवार के दोपहर किया गया। मुखाग्नी बड़े पुत्र आशुतोष कुमार से दिया।आत्मा प्रसाद सिंह पिछले कुछ दिनों से रांची स्थित आवास पर रह रहे थे। आत्मा सिंह एलएलबी की उपाधी धारण करने के साथ रामगढ़ कालेज में अल्पकालीन व्याख्याता भी रह चुके थे। वह अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ एग हैं। इनके निधन पर भाजपा नेता व विधायक भानूप्रताप शाही, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, प्रमुख करुणा सोनी, शारदा महेश प्रताप देव,पूर्व प्रमुख मृत्युंजय कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी ने शोक व्यक्त किया ।

### नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत के मेन रोड पुरानी अस्पताल के समीप नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन डॉक्टर यासीन अंसारी के द्वारा फीता काटकर किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र में नौशाद सेवा सदन का खुलना काफी गर्व कि बात है। इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सक जेनरल फिजिशियन डॉक्टर इरसाद अंसारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जेबा के द्वारा बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। इस सेवा सदन में खुल जाने से मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड के लोगों को अन्यत्र जगह जाने की जरूरत अब नहीं होंगी। बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सेवा इस सदन में उपलब्ध कराई जाएगी, वही नौशाद सेवा सदन के प्रोपराइटर हाजी मजहर अली अंसारी ने कहा कि इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा सभी प्रकार की ऑपरेशन की बेहतरीन सुविधा है।

**पुलिस अधीक्षक ने भयमुक्त मतदान का आश्वासन दिया**

# विधानसभा आम चुनाव 2024: आदर्श आचार संहिता लागू : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता लागू होने की घोषणा के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गढ़वा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 80-गढ़वा, 81-भवनाथपुर, 76-डालटनगंज पार्ट, और 77-विश्रामपुर पार्ट के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

#### चुनाव कार्यक्रम

उपायुक्त ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 और 72 घंटे के भीतर की जाने वाली आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में जानकारी दी, जिसमें सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित बैनर और पोस्टर हटाने की बात शामिल है। इसके अलावा, विभिन्न कोषांगों का गठन भी किया गया है।

#### चुनाव से जु

- अधिसूचना की तिथि: 18 अक्टूबर 2024
- नाम निर्देशन की अंतिम तिथि: 25 अक्टूबर 2024
- नाम निर्देशन की संवीक्षा की तिथि: 28 अक्टूबर 2024
- अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि: 30 अक्टूबर 2024
- मतदान की तिथि: 13 नवंबर 2024
- मतगणना की तिथि: 23 नवंबर 2024

#### पुलिस अधीक्षक का बयान

प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने कहा कि हम भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस बल की आवश्यकता अनुसार और निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार तैनाती की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम सक्रिय है और जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, विभिन्न अंतर-राज्य सीमा क्षेत्रों पर चेक पोस्ट लगाए गए हैं। पुलिस विभाग ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है।

#### मतदान केंद्रों की व्यवस्था

जमुआर ने बताया कि एएमएफ के तहत सभी पोलिंग स्टेशनों पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश, फर्नीचर, और हेल्पडेस्क। सभी मतदान केंद्रों पर वॉलिंटियर्स के रूप में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड और ईएलसी फॉर फ्यूचर वोटर्स के सदस्य तैनात किए जाएंगे।

#### मतदाताओं से अपील

दीपक कुमार पांडे ने मीडिया के माध्यम से मतदाताओं से अपील की कि वे घरों से बाहर आकर बिना भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या के लिए डायल 112 का उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## मझिआंव बीडीओ ने दिया योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया। उन्होंने पूर्व बीडीओ सतीश भगत से प्रभार लिया। पूर्व बीडीओ सतीश भगत, सीओ प्रमोद कुमार सहित सभी प्रखंड व अंचल कमियों ने नए प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक को बुके,कलम, डायरी देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही पूर्व बीडीओ सतीश भगत को भी बुके, कलम, डायरी, देकर व शॉल ओढ़ाकर व उपहार देकर प्रखंड कर्मियों ने विदायी दी। मौके पर पूर्व बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि वह मात्र 10 माह के कार्य काल में प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मचारियों व पदाधिकारीयों द्वारा काफी स्नेह व प्यार मिला। नए बीडीओ कनक ने कर्मचारियों व पदाधिकारीयों से परिचय प्राप्त की। उन्होंने बताया कि वह विकास कार्य को प्राथमिकता देंगी।मौके पर सीओ प्रमोद कुमार, प्रखंड के प्रधान लिपिक लव कुमार, सुषमा तिर्की, नाजीर जितेंद्र सिंह, बीपीओ अजीत सिंह, जनसेवक मुकेश कुमार पांडेय, परमानंद प्रसाद, मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार, सीआई धनलाल उरांव, कर्मचारी शैलेश कुमार महतो, संजीव कुमार पांडेय, दिवाकर सिंह, अंचल नाजीर प्रेम शंकर पाठक, अंचल प्रधान लिपिक संतोष कुमार दुबे, अंचल अमीन राजाराम मेहता वीरेंद्र कुमार, शाहीद सहित अंचल व प्रखंड के कर्मचारी उपस्थित थे।

## भानू के पहल पर खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानू प्रताप शाही के निर्देश पर भाजपा युवा मोर्चा के नेता हैप्पी प्रताप शाही ने मंडल के विभिन्न गांवों में खेल को प्रोत्साहन देने के लिए फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। खरौंधी मंडल के सुंडी, सिसरी, अंधरी, चिल्हियाखोता, तोरेलावा, चौरियां, कूपा, रेखाडीह, चंद्रे, अमरोरा, लामी उर्फ सरहियां, कोशालीबार, अरंगी, मझिगावा, चन्दनी, करिवाडीह, हुसरू, भागीडीह, बैतरी आदि गांवों में युवाओं को फुटबॉल प्रदान किए गए।इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाना और युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर आकर्षित करना है। खेल से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। फुटबॉल वितरण से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा और वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। विधायक जी की इस पहल से न सिर्फ खेल को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं में सामाजिक समरसता और सकारात्मक सोच भी विकसित होगी। खिलाड़ियों ने इस पहल पर विधायक भानू का आभार व्यक्त किया है।

### जनता की समस्याओं का सामाधान शीघ्र होगाः बीडीओ

**रमना।** अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय आम लोगों से अपनी समस्याओं को सीधे उन तक रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का निवारण विधि सम्मत तरीके से किया जायेगा। प्रखंड के लोगों को अपनी समस्या को लेकर खुद पदाधिकारियों के पास जाना चाहिए। उनका प्रयास होगा कि सभी लोगों के समस्याओं का तत्काल ही निपटारा कर दें।

## भगवान के राम के आर्दशों को अपनाने की जरूरतः भानू



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** सोमवार को खरौंधी बाजार में समाज सेवक संघ द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक भानू प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में विधायक ने भगवान राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान राम के चरित्र की महत्ता समझाते हुए कहा कि राम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, धर्म, और नैतिकता के मार्ग पर चलना चाहिए।विधायक भानु प्रताप शाही ने विरोधियों पर तीखे शब्दों में निशाना साधा और कहा कि समाज में कुछ लोग कुम्भकर्ण के रूप में घूम रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज समाज में ऐसे बहुरूपिये हैं, जो जनता की जरूरतों के समय सोते रहते हैं और केवल अपने स्वार्थ में लिप्त रहते हैं। जब जनता को उनकी जरूरत होती है, वे कहीं नहीं दिखते, परंतु जब चुनाव का समय आता है, तो ये लोग सक्रिय हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता समाज के लिए हानिकारक हैं और जनता को इनके झूठे वादों से सावधान रहना चाहिए। विधायक ने जनता से आह्वान किया कि वे ऐसे नेताओं की पहचान करें और उन्हें उनके कार्यों के आधार पर आंका जाए, न कि उनके दिखावे पर। उन्होंने कहा कि आज हमें ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो भगवान राम के सिद्धांतों का पालन करे, न कि ऐसे लोगों की जो सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। समाज सेवक संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि यह रामलीला कार्यक्रम 10 दिनों तक चलेगा और भगवान राम के जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है, और इसमें सभी स्थानीय निवासियों को शामिल होने का आग्रह किया गया है। मौके पर भाजपा नेता भगत दयानंद यादव,मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, इग्नासुस बाड़ा, बुद्धनाथ गुप्ता, सुनील रौशन, कलामुद्दीन अंसारी, अवध मेहता,कृष्णा यादव, अमित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कमिटी के लोग एवं दर्शक उपस्थित थे।

### कुआं से युवती का शव बरामद

**विशुनपुरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोचेया में लाल बच्चा पेट्रोल पंप के पीछे कुआं से एक युवती की सड़ी गली अवस्था में शव बरामद किया गया। घटना की सूचना तब मिली जब कुआं के नजदीक खेत जुताई किया जा रहा था और शव की बदबू दूरों तक आ रही थी। ग्रामीण ने कुआं की ओर जाकर देखा तो एक सड़ी गली अवस्था में कुआं में शव तैर रही थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह को दिया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान सोनम कुमारी(उम्र करीब 16 वर्ष), पिता एस कुमार मेहता ग्राम,थाना बिशुनपुरा के रूप में किया गया। परिजनों ने बताया कि 7 अक्टूबर की रात से ही लड़की रामायण सीरियल देखने निकली थी और वापस नहीं लौटी थी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया की परिजनों ने गुमशुदा की सूचना 14 अक्टूबर को दिया था।

## जायरीनों को झामुमो नेता मानवेंद्र ने स्वागत किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** मक्का मदीना का मुकदस जियारत के लिये सोमवार की देर शाम नगर उंटारी रेलवे स्टेशन से स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से दिल्ली के रवाना हुए। दिल्ली से 16 अक्टूबर को फ्लाइट से सऊदी अरब के लिये रवाना होंगे प्रखंड के एक दर्जन जायरीन उमरा के लिए रवाना हुए। उमरा जाने वाले जायरीनों को ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में निकलकर रेलवे स्टेशन पहुंचाया। जायरीनों का फूल माला से स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव के पुत्र सह झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव,थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक,सदर तौहिद खान,युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर तस्लीम खान ने उमरा के लिये जाने वाले जायरीनों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव के पुत्र झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव ने उमरा के लिये जा रहे जायरीनों से देश,राज्य, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित गढ़वा जिला के सुख,समवृद्धि, अमन-चैन व शांति के लिये दुआ करने की अपील की। उन्होंने सभी जायरीनों से अपील किया कि गढ़वा जिला में हिंदू-मुस्लिम एकता कायम रहे इसके लिये दुआ करें थाना प्रभारी आदित्य नायक ने उमरा पर जाने वाले सभी जायरीनो से अपील किया है कि वहां जाकर मुल्क में अमन चैन भाई चारे की दुआएं मांगे उन्होंने सभी जायरीनो के मंगलमय यात्रा की कामना किया

**ये लोग गए उमरा करने :** उमरा करने जाने वालो में हाजी डॉ कुतबुद्दीन अंसारी,रफीक मिया,मो. एजाज अहमद, नेजामुदिन अंसारी, उमर अंसारी, रोजमोहम्मद अंसारी, सकुर अंसारी, अली मोहम्मद अंसारी, जैफुल निशा,कलीमा बीबी,जैबिन बीबी,इस्लामुदिन अंसारी शामिल हैं।

### दहेज प्रथा महिलाओं के लिए गंभीर समस्याःअरविंद गुप्ता

**खरौंधी।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को खरौंधी प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, और प्लस टू उच्च विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए दहेज प्रथा एक सामाजिक कलंक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को दहेज प्रथा की बुराइयों से अवगत कराना और समाज में इसके उन्मूलन की दिशा में जागरूकता पैदा करना था। सत्र में स्वास्थ्य अरोग्य दूत ने बच्चों को दहेज प्रथा के ऐतिहासिक, सामाजिक और कानूनी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यह प्रथा समाज के कमजोर वर्ग, विशेषकर महिलाओं के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है।

**सक्रिय संवाद** | **मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

## नैतिक मतदान और मतदाता जागरूकता के विषय पर सक्रिय संवाद किया



**पर्यटकों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन के स्वीप कोषांग द्वारा गढ़वा जिले के पर्यटन केंद्र सुखलदरी जलप्रपात, धुरकी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सैलानियों और उपस्थित आमजनों से नैतिक मतदान और मतदाता जागरूकता के विषय पर सक्रिय संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान चर्चा की गई कि मतदान क्यों जरूरी है और कैसे यह मजबूत लोकतंत्र की नींव रखता है। उपस्थित सभी पर्यटकों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में बताया गया कि यदि हम मतदान नहीं करते, तो हमारे अधिकार सीमित हो जाते हैं और किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाना सही नहीं होता। इस अवसर पर ईवीएम और वीवी पैट के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बिना, बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से मतदान करें और अपने देश के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं।

#### ऐप की जानकारी दी

उपस्थित सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के एप्प्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जो निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाने में सहायक हैं। इनमें सी-विजिल एप्प, सक्षम एप्प और वोटर हेल्पलाइन एप्प शामिल हैं। ये एप्प मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में मदद करते हैं, जिससे उन्हें लम्बी लाइन में खड़े होने की परेशानी से निजात मिलती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायती राज के जिला परियोजना प्रबंधक शाहनवाज अख्तर, प्रधान सहायक दिवाकर मिश्रा और यूडीसी नेहा नूतन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने प्रखंड प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली ने योगदान के दूसरे दिन मंगलवार को प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक किया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक में बीडीसी, मुखिया, मुखिया पति के साथ प्रखंड के उच्च कर्मियों ने भाग लिया। पंचायत प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर बीडीओ ने बैठक की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायत में संचालित विकास योजनाओं के बारे में उन्होंने संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों से बारी-बारी जानकारी हासिल किया। उनके पूछताछ में जनप्रतिनिधियों ने पंचायत में संचालित विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान मनरेगा के साथ-साथ 15वें वित्त की संचालित योजना के बारे में भी जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को जानकारी दिया। क्षेत्र के मजदूरों का ख्याल रखते हुए बंद पड़ी योजनाओं को अभिलंब तीव्र गति से आगे बढ़ाने की भी मांग बीडीओ से किया। बैठक में महिला प्रतिनिधियों के जगह उनके पतियों को भाग लेने के सवाल पर बीडीओ ने कहा कि आज की बैठक योगदान के बाद पहली बैठक है। जो भी त्रुटियां सामने आई होगी उसे भविष्य में हर हाल में सुधार लिया जाएगा। मौके पर प्रधान लिपिक वीरेंद्र माझी, बीपीआरओ विकास, मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, महेंद्र चौधरी, मुखिया पति कृष्णकांत सिंह, जितेंद्र ठाकुर, ललन चौधरी, अजय पासवान, निर्मल भुइंया, बीडीसी अरविंद पासवान, लालमोनी गुप्ता, तेज बहादुर सिंह, अखिलेश पासवान मौजूद थे।

### पैर से गोल गप्पे का आटा गूंथते वीडियो वायरल

**मझिआंव।** नगर पंचायत बाजार में गोलगप्पा का आटा को पैर से गूंथते वीडियो वायरल होने पर स्थानीय लोग उग्र हो गये। गोलगप्पा बनाने वाले दो दुकानदारों को घेर लिया तथा गोलगप्पा का पानी बनाने की विधि के बारे में पूछा। इसके बाद जो सच्चाई सामने आई वह काफी चौकाने वाला मामला था। दोनों गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह गोलगप्पा में स्वाद बढ़ाने के लिए हार्पिक व यूरिया खाद का भी इस्तेमाल करते हैं। यह सुनते ही लोग और उग्र हो गए। इस बीच सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों को बचाते हुए हिरासत में लेकर थाना ले गई। गोलगप्पा बनाने वाले अरबिन्द यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके मौसेरे भाई अंशु व राघवेन्द्र से सिंह दुकानदारी को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद उन लोगो ने पैर से मैदा गूंथते वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिये गये दोनों उत्तर प्रदेश के हैं। इनमें एक झांसी जिला स्थित पूंछ थाना के सोमा गांव निवासी हर प्रसाद यादव का पुत्र लगभग 35 वर्षिय अरविंद यादव एवं जालौन जिला के चुरकी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी मंगल लाल का 30 वर्षिय पुत्र सतीश कुमार श्रीवास्तव है। थाना प्रभारी ने कहा कि इनके पास से एक सफेद रंग का फिटकिरी जैसा ठोस पदार्थ केमिकल मिला है। जिसे थोड़ा सा लगभग आधा चम्मच पूरे बाल्टी में डालने पर पूरा पानी खट्टा हो जाता है। इसे मेडिकल लैब में भेजा जायेगा। वर्तमान में इनके अभिभावकों को बुलाकर बॉड लिखवाया जायेगा। अगर सफेद पदार्थ हानिकारक निकला तो दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दोनों से पूछताछ में अरविंद ने बताया कि गढ़वा किराना दुकान से सफेद केमिकल खरीदते हैं। दोनों को हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने उन सभी के दुकान को से ताला बंद कर दी है।

### मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि बढ़ने पर महिलाओं

**श्री बंशीधर नगर।** विधानसभा चुनाव के पहले राज्य की 50 लाख से अधिक महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से बड़ा तोहफा मिला है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपये को बढ़ाकर 2500 रुपये करने का फैसला लिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सूर्य मंदिर के परिसर में बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव के पास पहुंच राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर मिठाई खिलाया। पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अनोखा काम कर रहे हैं। इससे पहले भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है, लेकिन आज तक महिलाओं के लिए कोई भी काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आज से पहले मंईयां सम्मान योजना के तहत सभी माताए और बहनों को 1000 की राशि उपलब्ध कराया जा रहा था, लेकिन अब दिसंबर माह से 2500 के उपलब्ध कराया जाएगा जो महिलाओं को सशक्त सुदृढ़ बनाने में काफी सफल साबित होगा। मौके पर झामुमो नेत्री किरण देवी,महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा देवी,जसिंतना टोप्पो,बसंती देवी, सुनीता देवी,अनिता देवी, लक्ष्मनिया देवी, शांति देवी,ममता देवी,सीता देवी,ललिता देवी,कुसुम देवीं,बिंदा देवी,बबिता देवी,चन्द्रवती देवी,चम्पा देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बामसेफ की प्रखंड कमेटी गठित

**चिनिया ।** प्रखंड के चैतू नाथ सिंह के आवास पर बामसेफ प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन करने के लिए बैठक किया गया। संरक्षक बामसेफ के हिदायतुल्लाह अंसारी, प्रदेश कार्यालय सचिव बामसेफ झारखंड उपस्थित थे। मौके पर हिदायतुल्लाह अंसारी ने बामसेफ के उद्देश्य एवं कार्यो का विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अधिक लोगों को एससी, एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी के लोगों को जुड़ने का अपील की। उन्होंने कहा कि बामसेफ संविधान पक्षधर तथा इसका संरक्षण के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहा है तथा लड़ता रहेगा। धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि सभी का हक बराबर मिले का पक्षधर है। मौके पर बामसेफ जिला उपाध्यक्ष विनय पाल मौजूद थे। बामसेफ प्रखंड कमेटी के नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल मंसूरी, महासचिव तार्वेश सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल साह, कार्यालय सचिव अशरफ अली को बनाया गया। सदस्यों में सत्यनारायण सिंह, राम गति कोरबा, इरफान मंसूरी, राजू कुमार रवि, मानिकचंद्र राम, गोपाल शाह, जनार्दन यादव, गोपाल सिंह, मोबिन अख्तर, श्यामलाल सिंह, नंदकिशोर सिंह मौजूद थे। अध्यक्षता मूल निवासी चैतूनाथ सिंह ने की। समापन व धन्यवान ज्ञापन नथुनी सिंह ने किया।

### मंईया सम्मान की राशि बढ़ने पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

**डंडई ।** मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 से बढाकर 2500 के लिए मंत्री परिषद की स्वीकृति मिलने पर प्रखंड झामुमो महिला मोर्चा के विभिन्न कमेटी की महिलाओं ने मंगलवार को आपस में मिठाइयां बांट खुशी का इजहार किया। पुरानी बाजार स्थित डॉक्टर छोटू के आवास पर पार्टी के महिलाओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति उक्त कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि पार्टी के ही महिलाओं के लिए नहीं बल्कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय हर झारखंडी महिलाओं के लिए है। झारखंड प्रदेश के कोने-कोने कि गांव में निवास करने वाली हर महिलाओं को इसका फायदा मिलना है। उन्होंने कहा कि शुरूआती दौर में मात्र 1000 की सम्मान राशि के लिए सरकार की ओर से 18 से 50 वर्ष तक की आयु वाली महिलाओं का फार्म भरवारा गया था। इस बीच लाखों महिलाओं के खाते में सरकार की ओर से उक्त राशि भी हस्तांतरित किया गया। उक्त राशि खासकर धान, बादाम, मकई, अरहर, तिल जैसे फसलों को उपजाने के साथ-साथ नन्हे मुन्ने बच्चों की पढ़ाई लिखाई में भी वह राशी काफी मददगार साबित हुआ। महिलाओं ने कहा कि अब उसकी राशि मे ढाई गुना की बढ़ोतरी हो जाने से महिलाओं को जहां आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। महिला व बाल विकास मंत्री बेबी देवी को भी महिलाओं की सोच के लिए धन्यवाद दिया।

# लातेहार में विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू




### महत्वपूर्ण तिथियां

*गैजेट नोटिफिकेशन : 18 अक्टूबर 2024*
*नामांकन की अंतिम तिथि : 25 अक्टूबर 2024*
*स्क्रूटनी ऑफ नॉमिनेशन : 28 अक्टूबर 2024*
*नाम वापसी की अंतिम तिथि : 30 अक्टूबर 2024*
*मतदान की तिथि : 13 नवंबर 2024*
*मतगणना की तिथि : 23 नवंबर 2024*
*चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति : 25 नवंबर 2024*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता 15 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बताया कि निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दी गई है। लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण के तहत मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा। उपायुक्त ने आगे बताया कि लातेहार जिला अंतर्गत दो विधानसभा क्षेत्रों में कुल 567,389 मतदाता हैं, जिसमें मनिका विधानसभा के 260,224 और लातेहार विधानसभा के 307,165 मतदाता शामिल हैं। इस आंकड़े में पुरुष मतदाताओं की संख्या 284,673 और महिला मतदाताओं की संख्या 282,716 है। फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 30,969 है। जिले में कुल 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, और दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को विभिन्न सुविधाएँ मुहैया कराई जाएंगी।

**आदर्श आचार संहिता का पालन :** उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा, और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे चुनाव की प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

उपायुक्त ने मतदाताओं से भयमुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सुरक्षा व्यवस्था के लिए असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और सीमावर्ती इलाकों में विशेष गश्ती एवं अभियान चलाए जाएंगे।

**कोषांगों का गठन किया गया :** उपायुक्त ने जानकारी दी कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से सभी कोषांगों का गठन कर दिया गया है और प्रत्येक कोषांग के लिए प्रभारी पदाधिकारी तथा वरीय पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लातेहार में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी कोषांगों को आपसी समन्वय के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि अधिसूचना के साथ आचार संहिता लागू होते ही चुनाव के दौरान इसके पालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव स्थल, मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए।

## लातेहार में मतदाता जागरूकता अभियानः स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**▶▶ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोगों से की मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पांडेपुर पंचायत के मानिकपुर, मुक्का एवं मोंगर पंचायत के मोंगर गांव में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता मुख्य रूप से शामिल हुए।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ग्रामीणों से मतदाता पहचान पत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपील की कि जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है, वे संबंधित बीएलओ के पास जाकर जल्द से जल्द बनवा लें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इस विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता मतदान के लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि इस बार विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

उक्त कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और ग्रामीणों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दीदियों द्वारा रंगोली बनाकर भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

**कार्यक्रम में शामिल अन्य लोग :** कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, बीएलओ, जेएसएलपीएस की दीदियां सहित अन्य उपस्थित थे।

## चौकीदार के लिए चयनित 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन डीएमएफटी भवन चतरा में मंगलवार को किया गया। जिसमें राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री के आगमन पर पौधा भेंट कर उनका स्वागत डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। तत्पश्चात विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बता दें कि जिला में चौकीदार के कुल स्वीकृत पद 373 है, जिसमें पूर्व से 221 कार्यरत हैं। रिक्त पद की संख्या 152 थी। 152 रिक्त पद का जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग से कराते हुए विभागीय निर्देश पर रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए 2 अगस्त को विज्ञापन निर्गत किया गया। विज्ञापन के आलोक में कुल 7320 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। आवेदन पत्रों के प्रथम स्क्रूटनी में 3100 आवेदन स्वीकृत किया गया। इस संबंध में 660 दावा/आपत्ति आवेदन पत्र प्राप्त हुआ, जिसके आलोक में 249 आवेदन स्वीकृत किया गया। इस प्रकार कुल 3349 आवेदन स्वीकृत किया गया। 3349 अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 28 सितंबर को लिखित परीक्षा का आयोजन 07 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। उसके बाद प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन सीसीटीवी के निगरानी में कराया गया। लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 550 अभ्यर्थियों को शारीरिक जांच दौड़ के लिए चयनित किया गया, जिसमें अनारक्षित कोटि में 392, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटि में 48, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कोटि में 69 तथा पिछड़ा वर्ग कोटि में 41 अभ्यर्थी थे। 8 अक्टूबर को आयोजित दौड़ में कुल 172 अभ्यर्थी सफल हुए, जिसमें से कुल 151 अभ्यर्थी का अंतिम मेधा सूची तैयार किया गया। मेधा सूची के अनुसार अनारक्षित कोटि में 108, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटि में 15, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कोटि में 22 तथा पिछड़ा वर्ग कोटि में 07 अभ्यर्थी का चयन चौकीदार के पद के लिए किया गया। कुल चौकीदार पद के लिए चयनित 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा राज्य सरकार द्वारा 200 यूनिट बिजली माफ करने, आवासहीन को अबुआ आवास से लाभान्वित करने का कार्य किया गया। उन्होंने सभी चयनित नवनियुक्त चौकीदार से कहा सभी लोगों को ढेरों बधाई सेवा भाव के उद्देश्य से सभी को कार्य करना है। मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।




## सहायक अध्यापकों ने श्रम मंत्री का जताया आभार

**चतरा।** सहायक अध्यापकों का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार सुबह चतरा स्थित आवास में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन कौशल विकास सह उद्योग विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर आभार जताया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में शामिल सहायक अध्यापकों ने मंत्री को माला पहना कर सम्मानित किया। मंत्री का सम्मान सहायक अध्यापकों द्वारा झारखंड कैबिनेट से इपीएफ एवं अनुकंपा तथा दुर्घटना बीमा के तहत स्वीकृति दिलाए जाने को लेकर की गई। इस दौरान झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा चतरा जिला इकाई एवं प्रखंड इकाई के शिक्षकों ने मंत्री के आवास पर मुलाकात कर मंत्री का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्री ने सहायक अध्यापकों से आगे भी मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अभय सिंह, गोपेंद्र यादव, कुमुद सिंह, विकास त्रिवेदी, मिथलेश पाण्डे, जितेंद्र सिंह, नन्दकिशोर यादव, पप्पू कुमार, रानी मिश्रा, प्रभा देवी, रागनी गुप्ता, राजू पाण्डे, प्रमोद राणा, विनय रजक जागेश्वर महतो, अजय मल्हार, संजय साव राजेश सिंह, सियाराम यादव आदि आदि शामिल थे।

## विस क्षेत्र में पहले चरण में 13 नवंबर को होगा मतदान, उपायुक्त ने दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रेस कान्फ्रेंस कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के घोषणा से संबंधीत जानकारी दी। उपरोक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुका है। आदर्श आचार संहिता के अवहेलना करने वालों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। जिले में कुल 19 कोषांगों का गठन कर लिया गया है। इसके सफल संचालन हेतु सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। पूरे राज्य में पहले चरण में 13 नवंबर व दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। जिसमें जिले के चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव 13 नवंबर 2024 को पहले चरण में होगा। जिसके लिए 18 से 25 अक्टूबर 2024 तक उम्मीदवारों का नामांकन, 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों का स्क्रुटनी। वहीं नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर है। मतगणना 23 नवंबर को होगा। उम्मीदवारों का नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/ सिमरिया के कार्यालय कक्ष में होना है। चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 419 व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 475 मतदान केंद्र हैं। वहीं चतरा जिले के 20 मतदान केंद्र बड़कागांव विधासभा क्षेत्र में आते हैं। जिले में अगर कुल मतदान केंद्रों की बात करें तो कुल 914 मतदान केंद्र हैं। दोनो विधानसभा क्षेत्र मिलाकर कुल 8,04,392 मतदाता हैं। इसमें सिमरिया विधानसभा में 3,77,183 व चतरा विधानसभा में 4,27,209 मतदाता हैं। सिमरिया में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,92,872 व महिला 1,84,311 है। चतरा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,17,096, व महिलाओं की संख्या 2,10,111 है। जबकी थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 2 है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव की लगभग सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता चतरा अरविंद कुमार, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा वेदवती कुमारी समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।




## एक नजर

### एचआईवी से बचाव की दी गई जानकारी

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित पीएम श्री मध्य विद्यालय में मंगलवार को एचआईवी संक्रमण की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जागरूकता अभियान एचआईवी रोकथाम फाउंडेशन हजारीबाग के तत्वाधान में चलाया गया। विद्यालय के बच्चों को एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है व इसकी रोकथाम की विस्तृत जानकारी दिया गया। बच्चों को एचआईवी संक्रमण के फैलाव व रोकथाम की जानकारी अपने अपने अभिभावकों को देने की अपील भी किया गया।

### चोर ने 10 हजार रुपये की खैनी दुकान से उड़ाया

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक स्थित अशोक साव के खैनी दुकान से चोरों ने सोमवार की देर रात करीब दस हजार रुपए की चोरी कर लिया। चोरी की घटना करीब 12:30 बजे रात्रि की बताई जा रही है। बताया गया कि सोमवार की देर रात प्रखंड मुख्यालय में प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकला था। इस क्रम में चौक-चौराहा सुनसान पड़ गया। इसका लाभ उठाकर चोर ने दुकान की कुंडी तोड़कर नकदी की चोरी कर लिया। चोरी गया पैसा अधिकतर पांच व दस के सिक्के थे। दुकान से चोरी की जानकारी मंगलवार की सुबह दुकानदार को मिला।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध मंगलवार को टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में छापेमारी के दौरान बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर कार्रवाई की गई। सुबह में छापेमारी कर उडसु मोड़ में डीएमओ ने एक ट्रैक्टर को जब्त किया। जबकि दोपहर में सीओ विजय दास ने किसुनपुर में बालू लदे ट्रेक्टरों को जब्त कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। सीओ श्री दास ने बताया कि नियमित छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू उत्खनन,परिवहन व भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल, प्रशासनिक कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है।

### निर्धारित रुट से अलग हो रहा है फ्लाई ऐश की ढुलाई

**टंडवा (चतरा)।** निर्धारित रुट छोड़कर एनटीपीसी प्लांट से निकले गीला कचरा (फ्लाई ऐस) की ओवरलोड ढुलाइ कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा दिनों बेधड़क कर रही है। बताया जाता है कि राख ढुलाई के लिए बिजुपाड़ा का रुट निर्धारित है। घनी आबादी वाले सड़कों में गीला कचरा गिरने से भारी प्रदुषण हो रहा है। सूत्रों के अनुसार इस रुट से ढुलाई करने पर दो टोल टैक्स की चोरी व प्रति टन एक सौ रुपए का अतिरिक्त वृद्धि भाड़ा कंस्ट्रक्शन कंपनी बचाकर लाखों रुपए धनोपार्जन कर रही है। डीटीओ इंद्र कुमार ने बताया कि शीघ्र ही नियमित जांच अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रिम्स में सांसद से मिले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री

**इटखोरी (चतरा)।** चतरा के पूर्व जिला महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि रह चुके बसंत नारायण सिंह एवं ईटखोरी के वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर पोद्दार मंगलवार को रांची रिम्स पहुंचकर सांसद कालीचरण सिंह से मुलाकात की। दोनो ने रिम्स में इलाजरत सांसद के हालचाल ली और जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। ज्ञात हो कि सांसद अचाानक बीमार होने के बाद सदर अस्पताल चतरा से बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया गया है। जहां अब सांसद स्वस्थ्य हो गए हैं।

## न्यूज बॉक्स

### तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्धघाटन



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत स्थित देवी मंडप के समीप खेल मैदान में एसपीएल क्लब शिबला कद्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्धघाटन वार्ड सदस्य मो. शकील, समाज सेवी डब्लू सिंह, मो. गोल्डेन ने विधिवत फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच मैक्स क्लब बालूमाथ तथा यंग तिरंगा क्लब बारियातू के बिच खेला गया। मैक्स क्लब बालूमाथ ने 10 ओवर मे 111 रन बनाए। जवाब में यंग तिरंगा क्लब बारियातू द्वारा 10 ओवर मे 51 रन का लक्ष्य खड़ा किया। इस टूर्नामेंट मैच में मैक्स क्लब बालूमाथ के खिलाड़ियों ने 60 रन से जीत हासिल की। इस अवसर पर वार्ड सदस्य मो. शकील ने कहा कि खेल से मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। खिलाड़ी को खेल की भावना से सदैव खेलना चाहिए। द्वेष की भावना से नहीं। अच्छा खिलाड़ी वही होते हैं जो खेल को अच्छे प्रदर्शन कर अच्छे मुकाम तक पहुंचते है। समाज सेवी डब्लू सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेले। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का निखार बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते है। मौके पर अध्यक्ष विजय कुमार, उपाध्यक्ष मो. मकसूद, सचिव संतोष ठाकुर, कोषाध्यक्ष मो. मिन्हाज, मो. आशिफ, मो, आफताब, सोनू आलम, टिंकू, अनिल ठाकुर, अजाजुल हक, अफरोज सहित दोनों टीम के खिलाड़ी व अन्य लोग मौजूद थे।

### शांति किरण छात्रवृति योजना के तहत मेधावी छात्रों को दी जा रही लाभ

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी मयूरहंड प्रखंड की दो छात्राओं को प्रति माह 1000 रुपये देने की घोषणा शांति किरण छात्रवृत्ति योजना के तहत की गई। बताते चले कि माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन झारखंड से मैट्रिक परीक्षा में छात्राओं के समूह में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर दो छात्राओं को इंटर करने तक प्रति छात्रा 1000 रुपये प्रति माह एवं ग्रेजुएशन करने तक प्रति छात्रा 1500 रुपये प्रति माह शांति किरण (निजी संस्था )द्वारा दिया जाता है। इस वर्ष सिमरन कुमारी पिता अक्षय कुमार राम कदगावां कला जो 442 अंक एवं रीना कुमारी पिता बाबूलाल दांगी परोरिया ने 392 अंक प्राप्त कर छात्राओं के समूह में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर थी। इस योजना की शुरूवात इटखोरी प्रखंड की दो बहन स्वाति सिंह,रेशु सिंह एवं भाई आभास सिंह के द्वारा सन 2021 से की गई जो अनवरत जारी है। यह कार्यक्रम सिर्फ माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन जाखंड में ही संचालित है।अभी तक लगभग दर्जनों छात्राओं को लाभ पहुंचाने का कार्य उक्त तीनों भाई बहन ने किया है। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार के ओर से नारी शिक्षा के प्रति इस सर्वोच्च योगदान के लिये उनके जज्बे को प्रणाम करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए शिक्षा परियोजना और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कर्मी

**लातेहार।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद संघ व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संघ ने तीन सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। विरोध स्वरूप आईटीडीए कार्यालय परिसर के समक्ष धरने पर बैठ गए हैं। 8 अक्टूबर को दोनों संघ ने मिलकर एक साथ आंदोलन करने को लेकर विलय कर लिया था। दोनों संघ के विलय के बाद कर्मियों ने आंदोलन को तेज करते हुए संपूर्ण झारखंड में हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कस्तूरबा विद्यालय में पठन पाठन पर ब्रेक लग गया है। इस संबंध में लातेहार जिला शिक्षा परियोजना परिषद संघ के सचिव व चंदवा बीपीओ सुबोध कुमार चंदेल ने कहा है कि मुख्य मांगो में समान काम समान वेतन के साथ-साथ 50 फीसदी वेतन बढ़ोतरी, पेंशन, एपीएफ, मेडिकल भत्ता देने, 10 साल से अधिक सेवा देने वाले कर्मियों का सीधा समायोजन करने की मांग शामिल है। तीन सूत्री मांगो लेकर संघ द्वारा 5 अक्टूबर को जिला स्तर और सात व आठ अक्टूबर को राज्य स्तर पर शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया था। राज्य सरकार ने मांगों पर गौर नहीं किया। फलस्वरूप मजबूरन सभी कर्मियों को हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं। केजीवीपी संघ के अरूणा लकड़ा ने कहा है कि उन्हें सरकार के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जैसे-जैसे सेवा वृद्धि होगी उनका नियमितिकरण और सरकारीकरण किया जाएगा। 10 साल से भी अधिक सेवा देने के बाद भी उन्हें ना तो समान काम के बदले समान वेतन दिया जा रहा है और ना ही सरकारी सुविधाएं दी जा रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–30.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **5/RCD/Daltonganj/2024-25/952** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 337786Road(23-24)D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 338999 (Road) 24-25 (D)

समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)
Website: www.latehar.nic.in

(आवश्यक सूचना)

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply of 20 Drones along with accessories on Turn Key basis in office of District Planning Office Latehar District. |

कार्यालय ज्ञापांक 349/जि०यो० दिनांक 26.09.2024 के द्वारा निकाली गयी REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)/निविदा PNR No.- 337293/27.09.2024 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

PR 338948 Planning and Development(24-25)#D

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार

# आदर्श आचार संहिता लागू, जिला में मतदान 13 नवंबर को : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

## मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्र जाएं और वोट करें, सुरक्षा पूरी : हारिस बिन जमां

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड विधानसभा आमसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने निर्वाचन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर 2024 तक का समय रहेगा। मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा। आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पूरी तैयारी की गई है। जगह-जगह चेकपोस्ट पर एसएसटी की टीम मौजूद रहेगी और एफएसटी टीम द्वारा मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित रिपोर्टिंग भी की जा सकेगी। मतदाता सुविधा के लिए कई मोबाईल एप की सुविधा दी जाएगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पूरे इंतजाम मतदाताओं के लिए रहेंगे। आवश्यकतानुसार फोर्स की तैनाती रहेगी। आवश्यकतानुसार बूथ की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रहा था। इस बार भी जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिला प्रशासन की अपील है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्रों तक आएं और मतदान करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### कुल 3 लाख 74 हजार 241 मतदाता

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 74 हजार 241 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 89 हजार 774 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 467 है। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 145 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 45 हजार 848 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लानख 41 हजार 297 है। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 96 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 43 हजार 926 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 170 है। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बुजुर्ग मतदाता जो इच्छुक होंगे उन्हें घर से ही मतदान करने के लिए जिला प्रशासन सुविधा देगी। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

---

विधानसभा चुनाव : विभिन्न कोषांगों के साथ हुई बैठक

## त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराने में कोषांगों की भूमिका अहम : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा आम निर्वाचन,2024 को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, नोडल और प्रभारी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी कोषांगों को दिये गये दायित्वों को पालन करने का निदेश दिया गया।

साथ ही, निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए सभी कोषांगों की भूमिका पर चर्चा की गई। पोस्टल-बैलेट कोषांग को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराते समय निश्चित रूप से एपिक कार्ड मतदाता द्वारा प्रस्तुत कराना सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग को त्रुटिहरित और प्रत्येक बिंदु का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न हो। पीठासीन पदाधिकारी समेत सभी मतदान पदाधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण का निदेश दिया गया। मतदान के दौरान मतदाताओं के पंक्ति/कतार का बेहतर प्रबंधन किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चित करने, साइनेज सुनिश्चित किये जाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिये गये। मॉडल बूथ में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। प्रत्याशियों के नामांकन व स्क्रूटनी में विशेष सावधानी का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा सभी कोषांग के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों व बिंदुवार जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। आदर्श आचार संहिता के दौरान पहले चौबीस, अड़तालीस व बहत्तर घंटे में की जानेवाली कार्रवाई, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, प्रशिक्षण, एफएसटी/वीएसटी के कार्य, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं व उनकी रिपोर्टिंग समेत अन्य जानकारी दी गई। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समेत कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, आईटी कोषांग, स्वीप कोषांग, कानून एवं व्यवस्था, वीएम और सुरक्षा योजना तथा एमसीसी, ईवीएम एवं वीवीपैट, व्यय निगरानी कोषांग, संचार योजना कोषांग, मतदाता सूची कोषांग, निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, प्रेक्षक कोषांग, न्यूनतम मूलभूत सुविधा कोषांग, आरओ कोषांग, जिला निर्वाचन कोषांग समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## भंडरा में खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरा चालक, मौत



**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव में खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरने से चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पझरी बड़का टोली गांव निवासी स्वर्गीय कोल्हा उरांव के पुत्र सुनील उरांव (37 वर्ष) के रुप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुनील उरांव (चालक) ट्रैक्टर लेकर सियार टोली व मकुंदा गांव के बीच खेत की जुताई कर रहा था, इसी दौरान चलते ट्रैक्टर में ही चक्कर खाकर गिर गया। इससे ट्रैक्टर का एक चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना क्षेत्र पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

---

## पीड़ित जमाकर्ताओं का पैसा अविलंब भुगतान कराए केंद्र सरकार : हरिनाथ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों का आज 45वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रर्दशन की अध्यक्षता ठगी पीडीत जमाकर्ता जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह के नेतृत्व में समाहरणालय के समक्ष जारी रहा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला से चलकर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव मो० अजहर आलम एवं वरिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू एवं अतिथि के रूप में रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहें। मो० अजहर आलम ने कहा कि भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अधिनियम जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 एक्ट के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेदकों की जमा राशि ब्याज सहित अभिलंब भुगतान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन तक आंदोलन चलाते रहेगी। मौके पर उपस्थित हरिनाथ साहू ने कहा जब तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी निवेशकों का भुगतान सुनिश्चित नहीं करती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा नगर नगर भ्रमण किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख रूप लोकहित अधिकार पार्टी के नेता पवन तिग्गा, बजरंग साहू, ठगी पीड़ित संगठन के सुकरो उरांव, शशि नंदन भगत,श्याम देव, उरांव बालमूनी मिंज, तारा देवी, वेहराह सहित सैकड़ों की संख्या में ठगी पीड़ित परिवार के लोग उपस्थित हुए।





---

### मनीर उरांव ने कहा दीदी योजना से घबरा गई है हेमंत सरकार

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में गोगो दीदी योजना को लेकर भरी जा रही फार्म की समीक्षा की गई। एक एक प्रखंड अध्यक्ष से अब तक भरे गए फार्म की संख्या की जानकारी ली गयी। विधानसभा चुनाव की तैयारी एवम रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा झारखंड की मां बहनों के लिए लायी गयी गोगो दीदी योजना जिसमे प्रत्येक महिला को वर्ष में 25 हजार रुपए सुनिश्चित देगी। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने सभी मण्डल एवम मंच मोर्चा केअध्यक्ष को बैठक कर चुनाव संचालन समिति बनाने ,प्रबंधन समिति का चयन करने,चुनाव कार्यालय का चयन करने एवम ग्राम स्तर पर दौरा करने को कहा।

---

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों एवं पुस्तकालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमे विशेष रूप से जिले के स्विप कोषांग टीम के द्वारा कस्तूरबा मध्य विद्यालय लोहरदगा, राज्यकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, एवं विज्ञान भवन में स्थित पुस्तकालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे भाग लिया गया। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को अपने घर के बड़े जनों एवं आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु अपील की गई, एवं उनसे अपील किया गया कि जिनके वोटर कार्ड अभी तक नहीं बना है वह कृपया अपने नजदीकी इछड दीदी एवं ऑनलाइन आवेदन करें साथ ही जिनका वोटर कार्ड नहीं है तो भी वे 13 प्रकार के के पहचान पत्र के माध्यम से भी वोट दे सकते हैं एवं फॉर्म 6 के बारे में भी बताया गया । इस कार्यक्रम में जिले के स्विप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा एवं स्वीप के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे।

---

## देह व्यापार मामले में होटल संचालक दंपति गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अनैतिक देह व्यापार के आरोप में होटल संचालक दम्पति को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है।

सेन्हा थाना के समीप संचालित रोमित ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट के विरुद्ध पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त ढाबे में देह व्यापार का धंधा फलफूल रहा है। पुलिस ने करवाई करते हुए होटल संचालक स्वर्गीय श्रीचंद साहू के 55 वर्षीय पुत्र हीरालाल साहू तथा उनकी 29 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी को देह व्यापार का अनैतिक धंधा संचालित के सम्बंध में पूछताछ के पश्चात सेन्हा पुलिस ने सोमवार को मंडल कारा भेज दिया है। बताया जाता है कि उक्त कारवाई लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हरीस बिन जमां के निदेर्शानुसार मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी एवं सेन्हा थाना द्वारा संयुक्त कारवाई के दौरान दम्पति को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों के विरुद्ध मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर को छापेमारी की गई थी। छापेमारी के क्रम में होटल के सभी कमरों की तलाशी ली गई जिसमें कई अपत्तिजनक सामान बरामाद किये गए हैं। मामले में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि एसपी के निदेर्शानुसार छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में सील बंद और इस्तेमाल किया हुआ गर्भनिरोधक बरामाद किया गया है। मामले को ले सेन्हा थाने में कांड संख्या 91/24 दिनांक 12 अक्टूबर 24 दर्ज कर देह व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के आलोक में आरोपी के विरुद्ध कांड दर्ज कर लिया गया है।

### बसिया के नवनियुक्त थानेदार ने दिया योगदान

**बसिया।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के द्वारा जारी आदेश के आलोक में नवपदस्थापित थाना प्रभारी युधिष्ठिर प्रजापति ने सोमवार की देर रात बसिया थाना में अपना योगदान समर्पित कर दिया। योगदान के साथ श्री प्रजापति ने उपस्थित पुलिस व प्रेस कर्मियों से बात करते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इतना ही नहीं, अमन चैन कायम करने और थाना क्षेत्र के आमजनों को न्याय दिलाने के लिए वे सदैव तत्पर बने रहेंगे।

---

### बेहतर सोच और कठिन परिश्रम से डॉ. कलाम जैसा महान व्यक्ति बनने का प्रयास करें : कविता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्पार्जन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आचार्या कविता दीदी ने डॉ. कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भैया-बहनों को उनके संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने सभी भैया-बहनों से आग्रह किया कि वे भी कठिन परिश्रम कर डॉ. कलाम जैसा महान व्यक्ति बनने का प्रयास करें। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत समेत आचार्य-आचार्या व भैया-बहन उपस्थित रहे।

---

## बच्चों को साइकिल देने के नाम पर पैसा वसूलने का प्रधानाध्यापक पर लगा आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**
लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के कोलसिमरी राजकीय मध्य विद्यालय में ग्रामीणों ने मंगलवार को ताला लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल प्रसाद के द्वारा विद्यालय की सामग्री जैसे कि पुरानी भवन को तोड़ कर उसका ईट, एस्बेस्टस इत्यादि को बेच दिया गया। आठवीं के बच्चों ने बताया कि उनसे साइकिल दिलवाने के नाम पर उनसे 350 रुपए भी वसूले गए है। मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखा। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा विद्यालय पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया एवम विद्यालय को खुलवा कर ग्रामीणों से बात की एवम उचित करवाई एवम जांच का सांत्वना दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल प्रसाद ने बताया कि उनपे जो भी आरोप लगा है वो बेगुनियाद है। पुराने भवन को तोड़ने का निर्देश जिला शिक्षा विभाग के द्वारा दिया गया है।

---

## कुडू में होटल संचालक पर धारदार हथियार से हमला

### पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक को लिया हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**
कुडू बस स्टैंड स्थित झारखंड स्वीट के संचालक 65 वर्षीय अली अंसारी को हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना सोमवार 14 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे घटित हुई है। मौके पर खुन से लतपथ पड़े अली अंसारी को गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कुडू लाया गया जहां स्थिति नाजुक देख डॉक्टरों ने रांची रेफर कर दिया। इधर घटना की सुचना पर भारी संख्या में लोग कुडू हॉस्पिटल में जमा हो गए। और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। हालांकि की पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार हमला करने वाला कुडू लोहरा टोली निवासी रंजीत उरांव पिता बिरसा उरांव अली अंसारी के होटल में काम करता था और कुछ दिन पहले ही काम छोड़ दिया था। और किसी बात को रंजिश को लेकर सोमवार की रात पहले से घात लगा कर बैठा था। होटल बंद कर अखरा टोली की ओर से अपने घर जा रहे अली अंसारी पर धारदार हथियार से पीछे से ताबड़तोड़ कई वार किया जिससे अली अंसारी के सर , गर्दन कान में गंभीर जख्म हो गया और वो वहीं गिर गए। उधर से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जानकारी के अनुसार रंजीत ने हमला करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल अली अंसारी का रांची के लेक विव अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

## मंडलकारा लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**लोहरदगा।** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सहयोग से मंडलकारा लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कारा मंडल में बंद बंदियों का एचआईवी, टीबी, एसटीआई, सिफलिस और हेपेटाइटिस का जांच किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में सदर अस्पताल और एचएलएफपीपीटी रांची की टीम उपस्थित रही। टीम में आईसीटीसी काउंसलर सदर अस्पताल अर्चना प्रसाद, प्रयोगशाला प्रावैधिक आईसीटीसी सदर अस्पताल मो आबिद, रीना कुमारी, रीना कुमारी, एसटीएस जिला लक्ष्मा केंद्र लोहरदगा समीर टोप्पो, आरटीआई एसटीआई काउंसलर सदर अस्पताल बिंदेश्वर भगत, जेएसएम के पीएमटीआईएनजीओ अमृता कुमारी, एचएलएफपीपीटी रांची के प्रिजन कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, स्टेट मॉनिटरिंग एवुलेशन कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार, जेएसएम के एमएनईटीआईएनओ आकाश प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने बताया कि कारा मंडल में बंद बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें बंदियों का स्वास्थ्य जांच कर इलाज भी कराया जाता है।

---

### अरेया पंचायत के निरहु गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई सड़क

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत के निरहु गाँव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर चलने लायक सड़क बनाई है जिसकी वाहवाही हर जगह हो रही है तो वही सरकार की नाकामी भी नजर आ रही है। ग्रामीण सड़क बनाने के लिए आवेदन देकर थक गए लेकिन सड़क नही बनी। थक हार कर स्वयं से अपने गाँव में सड़क बनाने की सोची। बरसात मे गांव में टापू बन जाता था।ग्रामीणों ने मिलजुलकर सड़क बना डाला। इस कार्य मे सुरेश उरांव ,जलहा टाना भगत, राजकुमार उरांव ,अजीत उरांव, रामनाथ ,रामेश्वर ,राममजीत, सतीश महावीर ,रिजु ,सलिंदर, प्रताप, गोपाल ,अशोक , संदीप, अमित, मनिजर, सुखराम ,बुधराम ,बासुआ, रामू उराँव छेदु उराँव समित उराँव आदि ग्रामीण का सहयोग प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि जब बरसात पहुंचती थी तो यह गांव टापू के समान हो जाता था। जहां चलने में दिक्कत होता था।

---

प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक, कहा

## सभी अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना करें सुनिश्चित



**विकास योजना में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें अपूर्ण योजना को पूरा करते हुए अभिलेख बंद करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड में संचालित पीएम आवास, अबूआ आवास, मनरेगा से संबंधित अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ उन्होंने कहा कि विकास योजना में किसी भी तरह से लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत पलायन पर अंकुश लगाने को लेकर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ने का निर्देश संबंधित पंचायत सचिव को दिया है। साथ ही पीएम आवास की स्वीकृत लाभुकों का अविलंब जियो टैग करते हुए कार्य प्रारंभ करने का निर्देश संबंधित पंचायत के जनसेवक को दिया। मौके पर मनीष अग्रवाल , पंचायत सचिव महिपाल उरांव, धर्मदास उरांव, राजेश उरांव, मुफीद अंसारी, प्रभात उरांव, नव प्रभात कुजूर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

---

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों (अध्यक्ष,सचिव) के साथ एनआईसी, लोहरदगा में बैठक हुई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त लागू आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गयी और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन संबंधी निर्देश दिए गए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन किये जाने व इसके अंतर्गत की जाने कार्रवाई के बारे बताया गया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केंद्र, मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र की स्थिति, न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं आदि की जानकारी दी गयी। जिला में प्रत्याशियों के नामांकन, नामांकन की स्क्रूटनी, नाम वापसी, मतदान की तिथि व मतगणना की तिथि से अवगत कराया गया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर व सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गुमला के तीन विस सीटों पर 13 नवंबर को मतदान

# चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी : उपायुक्त





**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत गुमला जिले की तीन प्रमुख विधानसभा सीटों - गुमला, सिसई और बिशुनपुर में 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रेस वार्ता में बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि है, 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 30 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। गुमला जिले में कुल 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि चुनावी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, और चुनाव के दौरान पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## मतदाता जागरूकता के लिए चुनाव पाठशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि के तहत आज जिले भर में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला स्वीप सेल की नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी ने किया। जिले के विभिन्न विद्यालयों, प्रखंडों, बूथों, और सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित इन चुनाव पाठशालाओं में विशेष रूप से नए मतदाताओं को शामिल किया गया।

चुनाव पाठशाला के दौरान मतदाताओं को मतदान के महत्व और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, विभिन्न खेलों और गतिविधियों के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य जिले में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

जिला स्वीप सेल ने जागरूकता गतिविधियों के लिए मासिक कैलेंडर भी तैयार किया है, जिसके तहत प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कैलेंडर के अनुसार, आज जिले में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया, जबकि कल, 16 अक्टूबर को, जिले के सभी जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, और पंचायत स्तरीय पुस्तकालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## गुमला जिले में बेमौसम बारिश से उड़द फसल को हुआ भारी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिले में लगातार दो दिनों से में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा कर दिया है। हजारों एकड़ में खड़ी उड़द (मास) की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसान इस अप्रत्याशित बारिश से परेशान और हताश नजर आ रहे हैं क्योंकि उनकी मेहनत से तैयार फसल बबार्दी के कगार पर है।

**▸ फसल पर बुरा असर**
जिले के अधिकांश खेतों में पानी भर गया है, जिससे उड़द की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। पानी भरने के कारण फसलें झुक गई हैं और कई जगहों पर सड़ने लगी हैं। उड़द फसल को आमतौर पर सूखे मौसम की आवश्यकता होती है, लेकिन इस बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**▸ किसानों में गहरी उदासी**
बारिश के कारण हुए नुकसान से किसान निराश और चिंतित हैं। फसल के खराब होने से न केवल उनकी मेहनत बर्बाद हो गई है, बल्कि आर्थिक संकट भी मंडराने लगा है। कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल उगाई थी, और अब फसल बर्बाद होने के बाद उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।

**▸ सरकार से मदद की उम्मीद**
किसानों ने राज्य सरकार और कृषि विभाग से तत्काल मुआवजे की मांग की है। वे चाहते हैं कि उनके नुकसान का उचित आकलन कर उन्हें राहत दी जाए। इस संकट से उबरने के लिए प्रशासनिक मदद की उम्मीद किसानों में बनी हुई है।
किसानों की यह स्थिति गुमला जिले के कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल सकती है। प्रशासन को इस दिशा में त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि किसानों को राहत मिल सके और वे अपने जीवनयापन को वापस पटरी पर ला सकें।

### एनएसएमसीएच का केंद्र के साथ पीएम जन आरोग्य योजना के लिए एमओयू

**आदित्यपुर।** आदित्यपुरके नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एनएसएमसीएच) प्रबंधन का मंगलवार को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए एमओयू हुआ है. इस एमओयू से आदित्यपुर के लाखों लोगों के साथ औद्योगिक क्षेत्र के हजारों कामगारों को इसका लाभ मिलेगा। यह जानकारी अस्पताल के निदेशक मदन मोहन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उनके अस्पताल में आनेवाले योग्य अभ्यर्थियों को मिलेगा। बता दें कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत योजना का दूसरा घटक है।इस योजना की शुरूआत 23 सितंबर 2018 को रांची झारखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। यह योजना दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है।

# लोहरदगा के सरकारी अस्पताल की प्रयोगशाला में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के सेन्हा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रयोगशाला में मंगलवार को अचानक आग लग गई. अस्पताल में कार्यरत एंबुलेंस चालक संजय कुमार गुप्ता ने अग्निशमन यंत्र से आग बुझाई. साथ ही बोरिंग के पाइप से पानी डालकर आग पर काबू पाया। धुआं से पूरा अस्पताल भर गया था। उस समय अस्पताल में प्रसव के लिए 10 महिलाएं भर्ती थी। जिन्हें तुरंत अस्पताल कर्मियों द्वारा अस्पताल से बाहर निकाला गया। आग बुझ जाने के बाद सभी को वापस भेजा गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कितने का नुकसान हुआ है। इस बात की जांच अस्पताल प्रबंधन कर रही है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से प्रयोगशाला कक्ष में आग लगी। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। मरीजों को तुरंत अस्पताल से बाहर निकाला गया। इसके साथ ही परिजन इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर सेन्हा अंचल अधिकारी मोहम्मद मुदस्सर नजर मंसूरी ने प्रधान सहायक को अस्पताल भेज कर मामले की जांच कराई। साथ ही राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। सीओ ने कहा कि समय पर आग बुझाए जाने की वजह से किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। प्रयोगशाला में रखा हुआ सारा सामान जल गया है। अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजीत आनंद अवकाश में हैं।

### आरयू में महिला सशक्तिकरण पर शक्ति कार्यक्रम 19 को

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय (आरयू) की आंतरिक समिति (महिला शिकायत) और आईक्यूएसी द्वारा महिला सुरक्षा संवेदीकरण पर ह्यशक्तिः महिलाओं को सशक्त बनानाह्न कार्यक्रम 19 अक्तूबर को होगा। आर्यभट्ट सभागार में सुबह 11 बजे प्रस्तावित आयोजन की अध्यक्षता कुलपति डॉ अजीत सिन्हा करेंगे। विजयालक्ष्मी आईजी पुलिस प्रशिक्षण, संध्या मेहता डीआईजी सीआईडी और झारखंड हाईकोर्ट की वकील वंदना सिंह महिला सुरक्षा पर जागरूक करेंगी।

### जन शिकायत निवारण दिवस

## राशन कार्ड पर बुनियादी सुविधाओं के लिए नागरिकों ने डीसी से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
मंगलवार को नए समाहरणालय भवन, चंदाली में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा और समाधान की मांग की।
सिसई की रेणु कुमारी ने राशन कार्ड बनवाने का आवेदन दिया, जबकि डुमरी के मो. तौकीर जैद ने नौकरी के लिए सहायता की गुहार लगाई। वहीं, चौकीदार बहाली प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग भी की गई। कुछ नागरिकों ने नए समाहरणालय भवन के पास होटल/कैंटीन खोलने हेतु जगह आवंटित करने का आग्रह किया। विशुनपुर की बैजयंती कुमारी ने पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन दिया, जिस पर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। फसिया नदी टोली के निवासियों ने सड़क और नाले की मांग करते हुए बताया कि गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है।

### तिसरी के कुंडी गांव में डायरिया का प्रकोप

## स्वास्थ्य विभाग की टीम आज करेगी कुंडी गांव का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**
तिसरी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव कुंडी में डायरिया का प्रकोप फैलने की खबर सामने आई है। बीते सोमवार को डायरिया की वजह से एक 45 वर्षीय महिला पार्वती देवी की मौत होने की बात कथित तौर पर ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही है। वहीं लगभग दर्जन भर लोगों के अब भी डायरिया की चपेट में आकर गंभीर रूप से बीमार होने की बात बताई जा रही है। दरअसल प्रखंड के मनसाडीह पंचायत अंतर्गत झारखण्ड - बिहार सीमा पर बसा गांव कुंडी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। बताया जाता है कि वहां के लोग एक ही कुएं के पानी पी रहे हैं। पिछले सप्ताह एक व्यक्ति के डायरिया से ग्रसित होने की सुचना पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी के पुत्र सनातन मरांडी कुंडी गांव पहुंचे थे। जहां उन्होंने एंबुलेंस की व्यवस्था व आर्थिक मदद कर बीमार व्यक्ति को सदर अस्पताल गिरिडीह भिजवाया था। बताया जाता है कि उक्त गांव में अब भी कई लोग डायरिया से बुरी तरह ग्रसित हैं। हालांकि पार्वती देवी की मौत को स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया से मौत होने की पुष्टि नहीं की गई है। इस संबंध में तिसरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.देवव्रत से फोन पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें अभी तक इस मामले की सूचना नहीं मिली है, मीडिया के माध्यम से ही जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम कुंडी गांव भेजी जा रही है। बहरहाल स्वास्थ्य टीम के गांव में जाने से लोगों को राहत तो मिलेगी ही साथ ही स्पष्ट हो जाएगा कि वाकई डायरिया का प्रकोप ही है या कुछ और।

# गुमला के नए समाहरणालय भवन में पदाधिकारियों को आवंटित हुए कमरे




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
जिले के प्रशासनिक तंत्र को और प्रभावी एवं संगठित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, गुमला के नए समाहरणालय भवन में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को उनके जिम्मेदारियों के अनुसार कमरे आवंटित किए गए हैं। यह कदम जिला प्रशासन की कार्यशैली को तेज और सुचारू बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिससे विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनहित की योजनाओं को तेजी से लागू किया जा सके।

हाल ही में उद्घाटन किए गए इस भवन में जिले के उपायुक्त (डीसी) ने समस्त अधिकारियों के साथ बैठक कर साफ तौर पर निर्देशित किया कि उनका प्राथमिक फोकस जिले के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना होगा। डीसी ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कार्यों को तेजी से पूरा करने और विभागीय समन्वय बढ़ाने के लिए यह बदलाव आवश्यक था। अधिकारियों को जिम्मेदारियों के अनुसार आवंटित किए गए नए कक्षों से न केवल काम में तेजी आएगी, बल्कि कार्यालयों के बीच बेहतर तालमेल भी स्थापित होगा।

**बेहतर सेवाओं का वादा**
डीसी ने कहा, नए कक्षों का आवंटन अधिकारियों की जिम्मेदारियों को और अधिक स्पष्ट करेगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता में सुधार होगा। इसका सीधा लाभ जिले की जनता को मिलेगा, क्योंकि प्रशासनिक कार्यों की गति और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागीय कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करें, ताकि आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें और उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र हो।

**विकास कार्यों की समीक्षा और निरीक्षण का निर्देश**
बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि योजनाओं का कार्यान्वयन सही तरीके से हो रहा है। इसके लिए उन्हें समय-समय पर जमीनी स्तर पर जाकर निरीक्षण करने की सलाह दी गई है। यह कदम प्रशासनिक कार्यों में सुधार के साथ-साथ जिले के विकास कार्यों में भी तेजी लाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

**आम जनता के लिए लाभकारी कदम**
डीसी के इस निर्णय से जिले की जनता को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे जनता को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। इसके अलावा, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से जिले की विकास योजनाओं को तीव्र गति से लागू किया जा सकेगा, जो जिले की प्रगति में अहम भूमिका निभाएगा।

**साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस अब नए भवन में**
डीसी ने इस अवसर पर जिलेवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की। अब हर मंगलवार को आयोजित होने वाला साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस, नए समाहरणालय भवन, चंदाली में आयोजित किया जाएगा। इसका पहला आयोजन 15 अक्टूबर 2024 को होगा। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे नए भवन में आकर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं और जन शिकायत निवारण दिवस का हिस्सा बनें।

### डुमरिया में अंचलाधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**डुमरिया।** डुमरिया अंचल कार्यालय में मंगलवार को नव पदस्थापित अंचलाधिकारी पवन कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के साथ आदर्श आचार संहिता को लेकर बैठक आयोजित की. सीओ ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के भीतर अपने-अपने दल के बैनर, पोस्टर एवं दीवार लेखन आदि हटायें।

# पालकोट में 300 बोतल अवैध शराब जब्त

## चुनाव को लेकर गुमला पुलिस सक्रिय



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
पालकोट थाना क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2024 को प्रशासनिक टीम द्वारा की गई एक बड़ी छापेमारी में लगभग 300 बोतल अवैध शराब जब्त की गई। छापेमारी की यह कार्रवाई दोपहर 3:30 बजे शुरू हुई और इलाके में सक्रिय शराब तस्करी के खिलाफ एक सख्त कदम के रूप में देखी जा रही है। इस छापेमारी के बाद पुलिस ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया, जो इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए विस्तृत जांच करेगी। सूत्रों के अनुसार, इस अभियान में विभिन्न ब्रांड की शराब पकड़ी गई, जिनमें किंग फिशर, गॉड फादर, रॉयल चैलेंज, ओल्ड मॉन्क, ब्लेंडर्स प्राइड, सिग्नेचर, स्टर्लिंग रिजर्व और 8पीएम जैसी नामी ब्रांड्स शामिल हैं। कुल 42 अलग-अलग प्रकार की बोतलें बरामद हुईं, जिनमें 650सौ से लेकर 180रू तक की विभिन्न मात्रा की शराब की बोतलें थीं।

यह शराब तस्करी स्थानीय बाजार में अवैध तरीके से बेचे जाने के उद्देश्य से लाई गई थी। पुलिस का मानना है कि यह एक संगठित तस्करी रैकेट का हिस्सा हो सकता है, जिसकी जड़ें आसपास के इलाकों तक फैली हो सकती हैं। टीम अब इस तस्करी नेटवर्क के सभी पहलुओं की गहन जांच करेगी और यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि इस अवैध कारोबार में कौन-कौन लोग शामिल हैं।
जिला प्रशासन ने इस कार्रवाई को अवैध शराब के व्यापार पर रोक लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इस अभियान के बाद पुलिस की चौकसी और अधिक बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

**जांच में सहयोग**
पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी इस मामले से जुड़ी कोई जानकारी हो तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन का उद्देश्य शराब माफियाओं की कमर तोड़ना और क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करना है।

## न्यूज बॉक्स

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विक्षिप्त युवक की मौत



**सेन्हा-लोहरदगा।** अज्ञात वाहन के चपेट में आने से विक्षिप्त युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया.जिसे पुलिस द्वारा इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया।वही इलाज के दौरान विक्षिप्त युवक की हुई मौत गई। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल मे एन एच 143 ए पथ के किनारे अचेत अवस्था मे युवक को देख एस आई अभिनाश राम सदर अस्पताल में भर्ती कराते हुए युवक का शिनाख्त में पुलिस जुट गई। वही घायल युवक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी ग्राम निवासी बंधन पन्ना का पुत्र बिनोद पन्ना के रूप में किया गया। जिसकी सूचना परिजनों को दिया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि युवक पूर्व से ही मानशिक रोग से ग्रसित था। जो सोमवार देर शाम घर से निकला था। और पैदल लोहरदगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा घटना को अंजाम दे गाड़ी लेकर फरार हो गया। जिसे इलाज के दौरान विक्षिप्त युवक का मौत हो गया।वही घटना को लेकर पुलिस अग्रतर कारवाई करते हुए। अज्ञात वाहन के तलाश में जुट गई है।

### दुर्गा पूजा मेले में मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** अज्ञात वाहन के चपेट में आने से विक्षिप्त युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया.जिसे पुलिस द्वारा इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया।वही इलाज के दौरान विक्षिप्त युवक की हुई मौत गई। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल मे एन एच 143 ए पथ के किनारे अचेत अवस्था मे युवक को देख एस आई अभिनाश राम सदर अस्पताल में भर्ती कराते हुए युवक का शिनाख्त में पुलिस जुट गई। वही घायल युवक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी ग्राम निवासी बंधन पन्ना का पुत्र बिनोद पन्ना के रूप में किया गया। जिसकी सूचना परिजनों को दिया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि युवक पूर्व से ही मानशिक रोग से ग्रसित था। जो सोमवार देर शाम घर से निकला था। और पैदल लोहरदगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा घटना को अंजाम दे गाड़ी लेकर फरार हो गया। जिसे इलाज के दौरान विक्षिप्त युवक का मौत हो गया।वही घटना को लेकर पुलिस अग्रतर कारवाई करते हुए। अज्ञात वाहन के तलाश में जुट गई है।

### पतगछा मोड़ पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, चार घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पतगछा मोड़ पर मंगलवार शाम करीब 6 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तुसगांव निवासी 18 वर्षीय समीर खड़िया सीसी गांव से अपने घर लौट रहा था, तभी ट्रिपल सवार बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में सभी घायल सड़क पर गिर पड़े। समीर को गंभीर चोटें आईं और उसका एक पैर टूट गया, जिसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीनों लड़कों को मामूली चोटें आईं और उनका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रिपल सवार युवक नशे में थे और तेज गति से बाइक चला रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें घटनास्थल पर पकड़ लिया और उनकी बाइक को जप्त कर लिया।

### बेहरा टोली के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, आरोपी फरार

**गुमला।** गुमला पालकोट रोड पर बेहरा टोली के पास मंगलवार शाम 6 बजे एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घाघरा देवाकी निवासी 25 वर्षीय रवि भगत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और शरीर पर गहरी चोटें आईं हैं। जानकारी के अनुसार, रवि कार्तिक उरांव कॉलेज के पास किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। घटना के वक्त वह सब्जी खरीदने के लिए बेहरा टोली गया था और सड़क पार कर रहा था, तभी डुमरडीह की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दो लोग मौके से भाग गए, लेकिन स्थानीय लोगों ने बाइक और उनके साथ लाया हुआ खाली सिलेंडर जप्त कर लिया। घायल रवि को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला-पालकोट रोड पर कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप सोमवार रात करीब 8 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से अरमई बेहरा टोली निवासी 28 वर्षीय अनमोल उरांव और 26 वर्षीय राजू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, अज्ञात वाहन टक्कर के बाद पालकोट की ओर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक रायडीह प्रखंड के सीलम पंचायत के पांदन टोली गांव में कर्मा पर्व मनाने गए थे। पर्व मनाकर बाइक से घर लौटते समय कार्तिक उरांव कॉलेज के पास पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। गौरतलब है कि बीते दो दिनों में कार्तिक उरांव कॉलेज के पास यह पांचवीं सड़क दुर्घटना है, जिसमें एक व्यक्ति की जान भी जा चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लेहा में आयोजित स्व. राणा दिनेश्वर सिंह फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड केल लेहा गांव में आयोजित स्व.राणा दिनेश्वर सिंह फुटबाल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को फाइनल मैच के साथ हुआ । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव शामिल हुए । फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने खिलाड़ियों एवम दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते हैं । वहीं फाइनल मैच न्यू स्टार घाघरा बनाम अद्विक बाबू लेहा के बीच खेला गया । वहीं विजेता - उप विजेता के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य तीन टीमों को भी अतिथियों द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें तृतीय पुरस्कार सरदार टीम लेहा तथा चतुर्थ पुरस्कार सोना गढ़ चमडू को दिया गया । मौके पर लक्ष्मीनारायण साहू,लाल साहू,पवन भगत कृष्णा यादव,महेश्वर मुंडा, शिवम महतो,बुद्धेश्वर उरांव, दर्शक उपस्थित थे।

## संपादकीय

# कनाडा की स्थानीय राजनीति में भारत विरोध

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत फिर आमने-सामने हैं। कनाडा ने निज्जर हत्या की जांच में भारत के राजदूत और अन्य राजनयिकों का नाम बतौर 'पर्सन ऑफ इंट्रेस्ट' लिया था। भारत ने इन बेतुके आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने का फैसला किया है। इसके अलावा भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित करने का भी निर्णय लिया है। करीब एक साल पहले भी निज्जर की मौत के मामले पर दोनों देश आमने सामने थे। तब राजनयिकों को निकालने से लेकर वीजा आवेदन बंद करने तक जैसे निर्णय लिए गए थे।

> **पर्सन ऑफ इंटरेस्ट का मतलब यह है कि किसी व्यक्ति के बारे में पुलिस को लगता है कि वह किसी अपराध में शामिल हो सकता है, लेकिन उस पर औपचारिक आरोप नहीं लगाए सकते और न ही गिरफ्तार किया जा सकता है।**

जब एक साल बाद फिर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है तो इसके पीछे निज्जर हत्याकांड ही है। इस बार निज्जर की हत्या की जांच में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा का नाम बतौर 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' शामिल किया है। इस बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय को एक राजनयिक संदेश मिला। पर्सन ऑफ इंटरेस्ट का मतलब यह है कि किसी व्यक्ति के बारे में पुलिस को लगता है कि वह किसी अपराध में शामिल हो सकता है लेकिन उस पर औपचारिक आरोप नहीं लगाए सकते और न ही गिरफ्तार किया जा सकता। हालांकि, उसकी गतिविधियों, संपर्कों और अन्य जानकारी को जांच के दायरे में रखा जाता है। भारत ने कनाडा के आरोपों को बेतुका बताते हुए इसे सिरे से नकार दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को सिरे से खारिज करता है और इनके पीछे ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को वजह मानता है, जो कि वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'ट्रूडो सरकार ने जानने के बावजूद कनाडा में भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को धमकाने और डराने वाले हिंसक कट्टरपंथियों और आतंकियों को जगह दी है। इनमें राजनयिकों और भारतीय नेताओं को मौत की धमकियां तक शामिल हैं। 'विदेश मंत्रालय की तरफ से यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत विरोध काफी पहले साबित हो चुका है। ट्रूडो की सरकार एक ऐसे राजनीतिक दल पर निर्भर है, जिसके नेता खुले तौर पर भारत विरोधी अलगाववाद की विचारधारा का समर्थन करते हैं, जिससे मामले सिर्फ बढ़े हैं। कनाडाई राजनीति में विदेशी दखल पर आंखें मूंदने को लेकर आलोचनाओं के बावजूद ट्रूडो सरकार लगातार अपने नुकसानों को कम करने के लिए भारत का नाम ले आती है। यह ताजा घटनाक्रम, जिसमें भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाया जा रहा है इस दिशा में अगला कदम है। पूरे प्रकरण में सिर्फ आरोप के आधार पर राजनीतिक कारणों से भारत को निशाने पर लेने को उचित नहीं कहा जा सकता और अंतरराष्ट्रीय मामलों में स्थानीय राजनीति को लाने से कनाडा को भी नुकसान होगा और भारत को भी। सबसे बड़ी बात कनाडा को संवारने में भारतीयों की बड़ी भूमिका रही है और बहुत बड़ी संख्या में भारतीय वहां हैं, जिन्हें वीजा और पासपोर्ट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

# भारत का कार्बन बाजार : उत्सर्जन से निपटने व हरित प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए नई रूपरेखा

**अशोक कुमार, डीडीजी बीईई, सौरभ दिद्दी, निदेशक बीईई, अतीक मतीन शेख, जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ, बीईई**



भारत ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने और अपने महत्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, दो आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो भारतीय कार्बन बाजार (आईसीएम) के भविष्य को आकार देंगे। ये अनुपालन व्यवस्था के लिए विस्तृत प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियों के लिए मान्यता प्रक्रिया और पात्रता मानदंड हैं। आशा है कि वे मिलकर कार्बन उत्सर्जन की मात्रा निर्धारित करने और कार्बन क्रेडिट के व्यापार को सुविधाजनक बनाने के भारत के प्रयासों को उत्प्रेरित करेंगे, जिससे देश अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को अपनाएगा। भारत की जलवायु रणनीति, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) में उल्लिखित है। भारत ने न केवल इसे पूरा किया है बल्कि अपने कई लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर लिया है। वर्ष 2016 में हस्ताक्षरित, पेरिस समझौते का उद्देश्य सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करना था। भारत ने शुरू में वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 33-35 प्रतिशत तक कम करने का वादा किया था। हालाँकि, भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए इस लक्ष्य को समय से पहले ही प्राप्त कर लिया। अपनी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए, 2021 में ग्लासगो में पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी-26) में, भारत ने और भी अधिक आक्रामक लक्ष्य निर्धारित किए। इसने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने, वर्ष 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और उसी समय सीमा के भीतर गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से अपनी 50 प्रतिशत बिजली उत्पन्न करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इनमें से कुछ प्रमुख उपलब्धियां तय समय से पहले ही हासिल करके, भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयास में नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। लेकिन हम वहां कैसे पहुंचे? यहीं पर भारतीय कार्बन बाजार (आईसीएम) आता है। विचार सरल है: यदि कोई कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करती है, तो वह कार्बन क्रेडिट नामक कुछ अर्जित करती है, जिसे वह अन्य कंपनियों को बेच सकती है जो अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह एक पुरस्कार प्रणाली की तरह है - जो कंपनियाँ पर्यावरण के लिए बेहतर काम करती हैं वे पैसा कमा सकती हैं, जबकि जिन्हें सुधार के लिए अधिक समय की आवश्यकता है वे अपने अतिरिक्त उत्सर्जन की भरपाई के लिए क्रेडिट खरीद सकती हैं।

भारतीय कार्बन बाजार को एक व्यापक और पारदर्शी प्रणाली की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास को गति देते हुए डीकाबोर्नाइजेशन को बढ़ावा दे सके। भारतीय कार्बन बाजार, उत्सर्जन मूल्य निर्धारण पर बल देने के साथ, इस संतुलन को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था प्रस्तुत करता है। कंपनियों को कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने की अनुमति देकर, भारत का लक्ष्य सार्वजनिक और निजी दोनों हितधारकों को अपने कार्बन उत्सर्जन को सक्रिय रूप से कम करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे देश को लागत प्रभावी और बडे पैमाने पर डीकाबोर्नाइज करने में सक्षम बनाया जा सके।

**भारतीय कार्बन बाजार ढांचे का निर्माण :** भारतीय कार्बन बाजार की नींव वर्ष 2022 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन के साथ रखी गई थी, जिसने सरकार को कार्बन क्रेडिट व्यापार योजना (सीसीटीएस) स्थापित करने का अधिकार दिया। यह योजना भारत को वैश्विक कार्बन बाजार प्रथाओं के साथ जोड कर कार्बन व्यापार को संचालित करने के लिए आवश्यक नियामक संरचना प्रदान करती है। सीसीटीएस, जून 2023 में पेश किया गया और दिसंबर 2023 में और संशोधित किया गया, जो दो प्रमुख व्यवस्थाओं: अनुपालन और ऑफसेट के माध्यम से कार्बन व्यापार के लिए एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करता है। अनुपालन व्यवस्था उन उद्योगों और क्षेत्रों को लक्षित करता है जिन्हें 'बाध्य संस्थाओं' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन संस्थाओं को सरकार द्वारा निर्धारित विशिष्ट ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (जीईआई) लक्ष्यों को पूरा करना आवश्यक है। यदि कोई बाध्य इकाई अपने उत्सर्जन को निर्धारित लक्ष्य से कम कर देती है, तो उसे कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिसका ट्रेडिंग एक्सचेंज पर कारोबार किया जा सकता है। इसके विपरीत, जो संस्थाएँ अपने लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहती हैं, उन्हें अपने अतिरिक्त उत्सर्जन की भरपाई के लिए क्रेडिट खरीदना होगा। यह बाजार-संचालित व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि कंपनियों को उत्सर्जन में कटौती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे यह भारत के लिए अपनी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए एक आवश्यक उपकरण बन सके। ऑफसेट व्यवस्था गैर-बाध्यकृत संस्थाओं को कार्बन बाजार में स्वेच्छा से भाग लेने की अनुमति देकर अनुपालन प्रणाली को पूरक करता है। ये संस्थाएं, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं या उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से पहल शामिल हो सकती हैं, कार्बन क्रेडिट के लिए अपनी गतिविधियों को पंजीकृत कर सकती हैं। समग्र उत्सर्जन में कमी में योगदान देकर, इन परियोजनाओं को कार्बन क्रेडिट से सम्मानित किया जाता है जिसका व्यापार किया जा सकता है। इससे भारत के कार्बन बाजार में प्रतिभागियों के एक व्यापक नेटवर्क को प्रोत्साहन मिलता है।

**अनुपालन और सत्यापन का समर्थन करने के लिए नए दिशानिर्देश :** अनुपालन व्यवस्था की विस्तृत प्रक्रिया बताती है कि कार्बन बाजार प्रणाली कैसे काम करती है। यह कंपनियों को दिखाता है कि वे अपने उत्सर्जन स्तर की कैसे निगरानी और रिपोर्ट कर सकते हैं और यदि वे अपने उत्सर्जन-कटौती लक्ष्यों को पूरा करते हैं या पूरा करते हैं तो वे कार्बन क्रेडिट कैसे अर्जित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई सीमेंट कंपनी अपने उत्सर्जन को आवश्यकता से अधिक कम कर देती है, तो वह अतिरिक्त कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकती है। ये क्रेडिट उन बिंदुओं की तरह हैं जिन्हें कंपनी किसी अन्य व्यवसाय, संभवतः इस्पात कारखाने को बेच सकती है, जिसके लिए उत्सर्जन कम करना कठिन हो रहा है। इस तरह, जिन व्यवसायों को उत्सर्जन में कटौती के लिए अधिक समय की आवश्यकता है, वे अब भी बेहतर प्रदर्शन करने वालों से क्रेडिट खरीदकर अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। अनुपालन व्यवस्था की यह विस्तृत प्रक्रिया, अनुपालन प्रक्रिया के लिए कैसे काम करेगी, इसके लिए एक स्पष्ट रूपरेखा प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। यह दस्तावेज उन सिद्धांतों, प्रक्रियाओं और समय-सीमाओं की रूपरेखा तैयार करता है जिनका हितधारकों को अपने उत्सर्जन कटौती दायित्वों को पूरा करने के लिए पालन करना चाहिए। इसमें यह मार्गदर्शन शामिल है कि संस्थाओं को अपने ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्ट और सत्यापन कैसे करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रणाली पारदर्शी और जवाबदेह है।

दूसरा दिशानिर्देश, जिसे प्रत्यायन प्रक्रिया कहा जाता है, यह सुनिश्चित करता है कि उत्सर्जन में कटौती वास्तविक है या नहीं, और इसकी जांच करने वाली कंपनियां भरोसेमंद और सक्षम हैं। यह सत्यापित करने के लिए कि क्या व्यवसाय ईमानदारी से अपने उत्सर्जन स्तर की रिपोर्ट कर रहे हैं, इसके लिए मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियां ??(एसीवी) तीसरे पक्ष के संगठन होंगे। उदाहरण के लिए, यदि कोई उद्योग अधिक ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी या नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके उत्सर्जन को कम करने का दावा करता है, तो एसीवी किसी भी कार्बन क्रेडिट देने से पहले संख्याओं की दोबारा जांच करेगा। यह ऐसे लेखा परीक्षक होने जैसा है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि सब कुछ सटीक और निष्पक्ष हो। यह सुनिश्चित करता है कि प्रणाली पारदर्शी है, और हम भरोसा कर सकते हैं कि उत्सर्जन में कटौती वास्तविक है, न कि केवल कागज पर। यह बेहतर ढंग से समझने के लिए कि यह प्रणाली व्यवहार में कैसी दिख सकती है, आइए कुछ वास्तविक दुनिया के उदाहरणों पर विचार करें: भारत में एक बड़ी इस्पात कंपनी को वर्ष के अंत तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, कंपनी अपनी मशीनरी को अधिक ऊर्जा-दक्ष बनाने के लिए अपग्रेड करती है, जिससे उसका कार्बन उत्सर्जन 15 प्रतिशत कम हो जाता है। इन उत्सर्जन की जाँच और सत्यापन मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन एजेंसियों द्वारा किया जाता है। अतिरिक्त 5 प्रतिशत कटौती से कंपनी को कार्बन क्रेडिट मिलता है जिसे वह सीमेंट निमार्ता जैसी किसी अन्य कंपनी को बेच सकती है, जो अपने उत्सर्जन लक्ष्य को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। इस तरह, दोनों कंपनियों को लाभ होता है जबकि भारत का समग्र उत्सर्जन कम हो जाता है।

**भारतीय कार्बन बाजार के लिए भविष्य में आगे क्या होगा?** भारतीय कार्बन बाजार का संचालन अब भी शुरूआती चरण में है, लेकिन जमीनी कार्य तेजी से आकार ले रहा है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), जो आईसीएम के प्रशासक के रूप में कार्य करता है, वर्तमान में अनुपालन व्यवस्था में भाग लेने वाले उद्योगों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट उत्सर्जन लक्ष्यों को अंतिम रूप दे रहा है। ये लक्ष्य भारत के एनडीसी के अनुरूप उत्सर्जन में कटौती हासिल करने की दिशा में कंपनियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होंगे। साथ ही, बीईई एक आईसीएम पोर्टल विकसित करने पर भी काम कर रहा है, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है और यह कार्बन क्रेडिट के सुचारू व्यापार को सक्षम करेगा। यह आईटी अवसंरचना यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगी कि कार्बन बाजार कुशलतापूर्वक चले और लेनदेन सभी प्रतिभागियों के लिए पारदर्शी और सुलभ हो। इसके अतिरिक्त, बीईई कार्बन क्रेडिट के व्यापार को नियंत्रित करने वाले नियमों को विकसित करने के लिए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के साथ सहयोग कर रहा है, जिससे भारत के कार्बन बाजार के ढांचे को और मजबूत किया जा सके। भारतीय कार्बन बाजार एक महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करने के लिए तैयार है, जिससे पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों को लाभ होगा। व्यवसायों को अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रेरित करने और सफल होने वालों को पुरस्कृत करके, बाजार हरित प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव में तेजी लाता है। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि कंपनियां अपने जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों की दिशा में अधिक लागत प्रभावी तरीके से काम कर सकें। समय के साथ, जैसे-जैसे अधिक उद्योग भाग लेंगे, कार्बन बाजार व्यवसायों को कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने की अनुमति देकर कार्बन उत्सर्जन में कटौती की लागत को कम करने में सहायता करेगा।

## विश्व खाद्य दिवस

# कब भूखमरी व भूखे लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?



ललित गर्ग



विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार ह्न आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बबार्दी को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दशार्ती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**यह सत्य है कि बुराई एक दुःस्वप्न है और आत्मा से इसका कोई संबंध नहीं है। चाहे आपकी गलतियां सागर जितनी गहरी हों, लेकिन आपकी आत्मा उनके द्वारा निगली नहीं जा सकती।**


# पूर्व बुरे कर्मों के प्रति सही दृष्टिकोण



श्री श्री परमहंस योगानंद

अपने आपको पापी न समझें। आप परमपिता की सन्तान हैं। चाहे आप कितने भी बड़े पापी क्यों न हों, भूल जाएँ। यदि आपने एक अच्छा व्यक्ति बनने की ठान ही ली है, तो अब आप पापी नहीं रह गए हैं।... शुद्ध हृदय से आरम्भ करें और कहें: मैं सदा अच्छा रहा हूँ, मैं केवल स्वप्न देख रहा था कि मैं बुरा था। यह सत्य है: कि बुराई एक दुःस्वप्न है और आत्मा से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। चाहे आपकी गलतियाँ सागर जितनी गहरी हों, लेकिन आपकी आत्मा उनके द्वारा निगली नहीं जा सकती। बीती गलतियों के सीमित विचारों की बाधाओं को तोड़कर अविचलित दृढ़ निश्चय के साथ अपने मार्ग पर चलते रहें। आप शाश्वत ज्वाला की चिनगारी हैं। आप चिनगारी को छिपा तो सकते हैं, परन्तु आप इसे नष्ट कदापि नहीं कर सकते। एक गुफा में हजारों वर्षों तक अन्धेरे का शासन हो सकता है, परन्तु अन्दर प्रकाश को लाते ही, अन्धेरा ऐसे लुप्त हो जाएगा जैसे कि वह कभी था ही नहीं। उसी प्रकार, आपके दोष कैसे भी क्यों न हों, जब आप अच्छाई का प्रकाश अन्दर लाते हैं तो वे और अधिक समय तक आपके नहीं रहते। आत्मा का प्रकाश इतना महान् है कि बुराई के अनेक जन्म भी इसे नष्ट नहीं कर सकते। कोई भी पाप अक्षम्य नहीं है, कोई बुराई अजेय नहीं है; क्योंकि सापेक्षता के संसार में पूर्णताएँ नहीं होती। ईश्वर कभी किसी का त्याग नहीं करते हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**रूप हजारों आग के, इसे न छेड़ें आप।**
**पता नहीं किस रूप में, लील जाय चुपचाप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

# भारत की स्वास्थ्य सेवा में बदलाव : आयुष्मान भारत, पीएमजेएवाई का प्रभाव और वादा



विनोद के पॉल

राजू (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बिमारी से पीड़ित होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गए। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला,लेकिन उन्होंने इसको ज्यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में, राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी। आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई। आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गई हैं। बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है। योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें निःशुल्क परामर्श, और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो-तरफा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग-थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश्यकता है। इस योजना के कार्यान्वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख्या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़कर 1949 हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में क्षेत्रीय भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, विभेदक मूल्य निर्धारण की अवधारणा शुरू की गई है। साथ ही, स्थानीय संदर्भ के अनुसार एचबीपी दरों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त लचीलापन प्रदान किया गया है। सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने और व्यवस्था में दुरुपयोग की गुंजाइश को कम करने के लिए पीएमजेएवाई स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी-संचालित है, और पेपरलेस या कागज रहित होने के साथ-साथ कैशलेस या नकदी रहित भी है। इसमें प्रतिपूर्ति या सह-भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है।

**सदस्य (स्वास्थ्य) नीति आयोग, आलेख में व्यक्त विचार निजी हैं।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# 2005 में हुआ था झारखंड में पहला विधानसभा चुनाव

झारखंड विधानसभा में सदस्यों की कुल संख्या 82 है। इसमें 81 सदस्य जनता द्वारा चुने जाते हैं। एक सदस्य का मनोनयन राज्यपाल करते हैं। झारखंड विधानसभा के मनोनीत सदस्य एंग्लो-इंडियन समुदाय के होते हैं। जिन 81 सदस्यों का चुनाव होता है, वे वयस्क मताधिकार के आधार पर चुने जाते हैं। झारखंड में वर्ष 2005 में पहला विधानसभा चुनाव हुआ और चुनाव परिणाम के आधार पर दूसरी विधानसभा का गठन हुआ था।

पहली झारखंड विधानसभा का गठन 22 नवंबर 2000 को हुआ था। 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग हो कर झारखंड नया राज्य बना था। झारखंड की पहली विधानसभा का गठन वर्ष 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव के आधार पर ही किया गया था। झारखंड राज्य के अंतर्गत आए विधानसभा सीट से निर्वाचित हुए विधायकों से पहली विधानसभा का गठन हुआ। झारखंड विधानसभा के पहले स्पीकर इंदर सिंह नामधारी थे।

झारखंड में दूसरी बार विधानसभा चुनाव वर्ष 2009 में हुआ था। इस चुनाव से तीसरी विधानसभा का गठन हुआ था। तीसरी बार चुनाव वर्ष 2014 में और चौथी बार चुनाव वर्ष 2019 में हुआ था। वर्ष 2019 के चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशियों, यानी विधायकों से पांचवीं विधानसभा का गठन हुआ। वर्ष 2024 का चुनाव जीत कर विधायक बनने वाले प्रत्याशियों से छठी विधानसभा का गठन होगा।

## चौथी (2014) और पांचवीं (2019) विधानसभा में राजनीतिक दलों की स्थिति

| राजनीतिक दल | 2014 | 2019 | राजनीतिक दल | 2014 | 2019 |
|---|---|---|---|---|---|
| झारखंड मुक्ति मोर्चा | 19 | 30 | राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | 00 | 01 |
| भारतीय जनता पार्टी | 37 | 25 | राष्ट्रीय जनता दल | 00 | 01 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 06 | 16 | बहुजन समाज पार्टी | 01 | 00 |
| झारखंड विकास मोर्चा (प्रजा.) | 08 | 03 | जय भारत समानता पार्टी | 01 | 00 |
| आजसू पार्टी | 05 | 02 | झारखंड पार्टी | 01 | 00 |
| स्वतंत्र | 00 | 02 | मार्क्सवादी समन्वय समिति | 01 | 00 |
| भाकपा (एमएल) एल | 01 | 01 | नवजवान संघर्ष मोर्चा | 01 | 00 |

## झारखंड के निर्वाचन क्षेत्र

### (सामान्य विधानसभा सीट- 44)

राजमहल, पाकुड़, नाला, जामताड़ा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, पोड़ैयाहाट, गोड्डा, महगामा, कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, रामगढ़, मांडू, हजारीबाग, धनवार, बगोदर, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, बहरागोड़ा, जमशेदपुर पूर्व, जमशेदपुर पश्चिम, ईचागढ़, सिल्ली, रांची, हटिया, पनकी, डालटनगंज, बिश्रामपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### (एससी विधानसभा सीट - 09)

देवघर (एससी), सिमरिया (एससी), चतरा (एससी), जमुआ (एससी), चंदनकियारी (एससी), जुगसलाई (एससी), कांके (एससी), लातेहार (एससी), छतरपुर (एससी)।

### (एसटी विधानसभा सीट - 28)

बोरियो (एसटी), बरहेट (एसटी), लिटीपाड़ा (एसटी), महेशपुर (एसटी), शिकारीपाड़ा (एसटी), दुमका (एसटी), जामा (एसटी), घाटशिला (एसटी), पोटका (एसटी), सरायकेला (एसटी), चाईबासा (एसटी), मझगांव (एसटी), जगन्नाथपुर (एसटी), मनोहरपुर (एसटी), चक्रधरपुर (एसटी), खरसावां (एसटी), तमाड़ (एसटी), तोरपा (एसटी), खूंटी (एसटी), खिजरी (एसटी), मांडर (एसटी), सिसई (एसटी), गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), सिमडेगा (एसटी), कोलेबिरा (एसटी), लोहरदगा (एसटी), मनिका (एसटी)।

## राज्यों से

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में डब्ल्यूटीएसए 2024 का किया उद्घाटन, कहा

# ऐसे मानक बनें, जो सुरक्षित और भविष्य की चुनौतियों के अनुकूल हों

### पीएम ने वैश्विक डिजिटल नियमों और नैतिक एआई पर जोर दिया

- वैश्विक संस्थाओं के लिए वैश्विक शासन के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है।
- सुरक्षा, सम्मान और समानता के सिद्धांत हमारी चर्चाओं के केंद्र में होने चाहिए।
- आज तय किए गए मानक भविष्य की दिशा तय करेंगे।



**नई दिल्ली (हि.स)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचे और वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दिशा-निर्देशों के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया और इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा स्थापित करने के महत्व को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस विषय को भारत ने अपने जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान उठाया था और वैश्विक संस्थाओं से वैश्विक शासन के लिए इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, वैश्विक संस्थाओं के लिए वैश्विक शासन के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी के लिए 'क्या करें और क्या न करें' बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने डिजिटल उपकरणों और अनुप्रयोगों की सीमाहीन प्रकृति पर प्रकाश डाला और साइबर खतरों से निपटने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक संस्थाओं द्वारा सामूहिक कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने विमानन क्षेत्र के साथ समानताएं बताईं, जिसके पास पहले से ही अच्छी तरह से स्थापित ढांचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने डब्ल्यूटीएसए से एक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और दूरसंचार के लिए सुरक्षित चैनल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का डाटा संरक्षण अधिनियम और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने सभा के सदस्यों से ऐसे मानक बनाने का आग्रह किया, जो समावेशी, सुरक्षित और भविष्य की चुनौतियों के अनुकूल हों, जिनमें नैतिक एआई और डाटा गोपनीयता मानक शामिल हों, जो राष्ट्रों की विविधता का सम्मान करते हों। प्रधानमंत्री ने मौजूदा तकनीकी क्रांति में मानव-केंद्रित आयाम की आवश्यकता पर जोर दिया और जिम्मेदार और टिकाऊ नवाचार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज तय किए गए मानक भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुरक्षा, सम्मान और समानता के सिद्धांत हमारी चर्चाओं के केंद्र में होने चाहिए। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूट जाए और उन्होंने समावेशन के साथ संतुलित नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भविष्य तकनीकी रूप से मजबूत होने के साथ-साथ नवाचार और समावेशन के साथ नैतिक रूप से भी मजबूत हो।



## प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति और दुनियाभर में मिसाइल मैन के नाम से विख्यात डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा, सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका विजन और चिंतन विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में देश के बहुत काम आने वाला है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। भाजपा ने एक्स पर लिखा है, नवाचार की उनकी विरासत और राष्ट्र निर्माण में उनका अद्वितीय योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि सादगी, सौम्यता, समर्पण और ईमानदारी की मिसाल रहे डॉ कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में स्थित धनुषकोडी में हुआ था। डॉ कलाम ने देश के पहले स्वदेशी सैटेलाइट लांच व्हीकल एसएलवी-3 को विकसित करने के लिए निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## हिमाचल प्रदेश में लगे भूकंप के झटके

**शिमला (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में तीन दिन के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। मंडी जिले में मंगलवार दोपहर भूकंप के झटकों से धरती हिली। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 रही है। मंडी में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 1 मिनट पर कुछ सेकंड तक महसूस हुए। इसका असर मंडी जिला से सटे इलाकों में भी महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र मंडी में 31.74 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.86 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों के कारण किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से मंडी में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती मजबूती के बाद गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की मजबूत शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में तेजी भी आई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि, खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से पूरे दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार करता रहा।

## बहराइच : पीड़ित परिवार सीएम योगी से मिला

### तीसरे दिन भी इंटरनेट सेवा निलंबित

**बहराइच (हि.स.)।** जिले में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए राम गोपाल मिश्रा का परिवार मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। उनके साथ विधायक सुरेश्वर सिंह भी थे। उधर, बहराइच जिले में घटना के तीसरे दिन भी इंटरनेट सेवा निलंबित है। फिलहाल, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के दौरान पूरे घटना से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है कि उनके साथ न्याय होगा। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इसके अलावा कई विषयों पर पीड़ित परिवार से मुख्यमंत्री की वातार्लाप हुई है।

### हालात तनावपूर्ण, फोर्स तैनात

बहराइच जिले में हुए बवाल के बाद महसी और आसपास के इलाकों में तनावपूर्ण हालात हैं। उपद्रवियों से निपटने के लिए पीएसी, आरएएफ के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी यह मिली है कि बीतीरात को एक धार्मिक स्थल, कुछ दुकानों और घरों को निशाना बनाया गया, लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के चलते उपद्रवियों के मंसूबों पर पानी फिर गया। पूरे जिले में इंटरनेट सेवा निलंबित है। पुलिस के अधिकारी लगातर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं।




### परिजनों का आरोप, पुलिस की लापरवाही से हुई हत्या

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही से ये हत्या की घटना हुई है। उनका कहना है कि उन्हें दोषियों का एनकाउंटर चाहिए। मृतक रामगोपाल मिश्रा की मां ने रोते हुए कहा, मेरा बेटा तो चला गया, अब हम क्या करेंगे। हमें बस न्याय मिलना चाहिए। जैसे बेटे को मारा गया है, वैसी उनको (हत्यारों) सजा मिले। रामगोपाल के भाई ने कहा कि हम पुलिस की कार्रवाई से खुश नहीं हैं।

### प्रभावित क्षेत्रों में रखी जा रही पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला का कहना है कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इंटरनेट सेवा अभी बहाल नहीं की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ तथा स्थानीय पुलिस जवान और अधिकारी मुस्तैद हैं। चार आईपीएस रैंक के अफसर भी तैनात किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखी जा रही है।

## चौदह राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की हुई घोषणा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र एवं झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र एवं केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रमों की भी घोषणा की। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी सीटों की मतगणना 23 नवंबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। इसके अनुसार 48 विधानसभा सीटों में से सर्वाधिक 9 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इसके अलावा राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार एवं पंजाब की 4-4, कर्नाटक की 2-2, गुजरात, उत्तराखंड, मेघालय और छत्तीसगढ़ की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। आयोग के अनुसार 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए बुधवार 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांडेड़ लोकसभा सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। इनके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 4 नवंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गई है।

## भारत का डाटा भारतीय डाटा सेंटर में ही रहना चाहिए : आकाश अंबानी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डाटा भारतीय डाटा सेंटर में ही रखने की वकालत की। उन्होंने मंगलवार को राजधानी के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) को संबोधित करते हुए यह बात कही। आकाश अंबानी ने कहा कि भारत में डाटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है, जो एआई के साथ और तेजी से बढ़ेगी। इसलिए देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके लिए भारतीय कंपनियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से डाटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करने का अनुरोध किया। रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा कि दुनिया उस देश से अचंभित है, जो आठ साल पहले 2-जी की गति से रेंग रहा था, अब 5-जी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त करना चाहूंगा कि 6-जी में भारत का रिकॉर्ड और बेहतर होगा। यूपीआई दुनिया की नंबर वन डिजिटल भुगतान प्रणाली बन गई है। आज भारत दुनिया का एकमात्र बड़ा देश है, जहां मोबाइल डाटा की कीमतें सबसे कम हैं, फिर भी सबसे तेज इंटरनेट है। उल्लेखनीय है कि राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) की शुरुआत हो गई है, जो 18 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2024 का यह आठवां संस्करण है। इसमें 400 से ज्यादा प्रदर्शक, करीब 900 स्टार्टअप और 120 से अधिक देशों की भागीदारी हो रही है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस की थीम द फ्यूचर इज नाउ है।

## एक परीक्षा में सफल होने के बाद अगली तैयारी में जुट जाती है भाजपा : नकवी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता मनोज पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि भाजपा नेताओं को एक दिन पहले सोमवार को ही चुनाव घोषणा की जानकारी मिल गई थी। इसके बाद पांडेय ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली भी कहा। इस पर भारतीय जनता पार्टी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रतिक्रिया दी है। साथ ही, उन्होंने केरल विधानसभा के वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने के आग्रह की भी आलोचना की। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक परीक्षा में सफल होने के बाद अगली परीक्षा की तैयारी में जुट जाती है। यह पार्टी यह नहीं मानती कि अगर हम एक परीक्षा में पास हो गए, तो हमें आराम करना चाहिए या विदेश घूमने जाना चाहिए।

### झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का शानदार आगाज

# झारखंड पुलिस की वजह से विकास कार्य जमीन पर उतर रहे हैं : सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आगाज मंगलवार को हुआ। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा। जैप वन परिसर रांची में 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन झारखंड सरकार के गृह सचिव और डीजीपी ने किया। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान अनुसंधान की तरह-तरह के तरीके को भी प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया। गृह सचिव वंदना दादेल ने झारखंड पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि आज झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे हैं। झारखंड पुलिस बेहतरीन काम कर रही है, जिसे और बेहतर करना है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरुरी है। बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा


हर हाल में अपराधियों को सजा दिलवानी है : डीजीपी

कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि अब हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरुरत नहीं पड़ती। बल्कि एक बटन दबाते ही उसका पूरा प्रोफाइल सामने आ जाता है। बेहतर तकनीक के बल पर अब कांडों का खुलासा संभव है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट तनाव से भरे पल से निकलने का एक जरिया भी है। आने वाले दिनों में ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमारे पुलिसकर्मी अच्छी तैयारी कर रहे हैं। बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितनी खरी उतर रही इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर सीखेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा।

## तिरुपति मंदिर में शरद पूर्णिमा पर भगवान की होगी विशेष स्तुति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में बुधवार को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 4:30 बजे से अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। अनुष्ठान देर रात श्रीभगवान के शयन आरती के साथ संपन्न होगा। प्रातः महाभिषेक, अलंकार, महाआरती, नैवेद्यम्, महास्तुति आदि के बाद रात 8 बजे से सामूहिक हरिनाम संकीर्तनम और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया जाएगा। इसके बाद नित्याराधन, भोग, महाआरती के बाद सुपक्व खीर प्रसाद को परम स्थान (बलिपीठम) गरुड़ध्वज के पास रखा जाएगा। यही खीर चंद्रमा की किरणों से सिञ्चित हुई ओसरुपी अमृत की बूंदों में मिश्रित होकर अमरत्व को प्राप्त कर औषधि का रूप ले लेगा। इसे अगले दिन ग्रहण करने का विधान है। मंदिर प्रबंधन के रंजन सिंह ने बताया कि शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा या कोजागरा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन चंद्रमा सोलहों कलाओं से परिपूर्ण होता है। इस रात आकाश से अमृत की वर्षा होती है। इस दिन महालक्ष्मी विचरण करतीं हुईं



भगवान श्रीमन्नारायण के पूजा में लीन भक्तों के घर में धन की वर्षा करती हैं। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात साधना के लिए अति उत्तम मानी जाती है। यह रास पूर्णिमा त्याग की पराकाष्ठा का रूप बताने वाली है। प्रेम के साध्य का रूप बताने वाली है। अपने सारे भोगों का परित्याग करके भगवान के पवित्र आवाहन पर गोपियां श्रीभगवान के चरणों में पहुंचकर भगवान को सुख दान दिया। यह रास का रूप है। भक्त भगवान के लिए त्याग करें। संसार की आशक्ति ममता का त्याग करें। सारी आशक्ति, सारी ममता एकमात्र भगवान में प्रतिष्ठित हो जाय। शरद पूर्णिमा के एक दिन पूर्व मंगलवार को भी भगवान का महाभिषेक हुआ। शृंगार निवेदन कर खीर, आलू पकौड़ा, फल व मेवा का भोग लगा। अनेकानेक प्रकार से भगवान की पूजा, आराधना, अर्चना और वंदना की गयी।

## चुनाव की तारीख में संशोधन की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयुक्त से मिला
- चुनाव आयुक्त ने विधि सम्मत विचार का दिया आश्वासन

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एवं गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा का प्रतिनिधि मंडल गुरविंदर सिंह सेठी के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले जाने वाले नगर कीर्तन के दिन ही रांची विधानसभा के चुनाव की तिथि की घोषणा हुई है। उक्त तिथि में संशोधन को लेकर ज्ञापन सौंपा। गुरविंदर सिंह सेठी ने बताया की हमने मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर उन्हें बताया कि पिछले 57 सालों से श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व परे कृष्णा नगर कॉलोनी से शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष शोभा यात्रा 13 नवंबर को है। इसी तारीख को रांची विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की घोषणा की गई है। इसको लेकर उन्होंने चुनाव की तिथि के बदलाव की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।मौके पर गुरविंदर सिंह सेठी,गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी जानी विक्रमजीत सिंह, अर्जुन देव मिढ़ा,त्रिलोचन सिंह अकाली, सुरेश मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, गुरविंदर सिंह मखीजा, बसंत काठपाल, ऋषि छावड़ा एवं रमेश पपनेजा आदि मौजूद थे।

### विकसित देशों के निःशुल्क पीएचडी कोर्स का विद्यार्थी लाभ लें : डॉ पवन कुमार

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वेटनरी कॉलेज में मंगलवार को विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता न्यूयॉर्क के स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पवन कुमार ने विकसित देशों के निःशुल्क पीएचडी कोर्सों का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी जैसे देशों में पीएचडी कोर्स निःशुल्क होते हैं। शोधार्थी को अच्छा वजीफा भी दिया जाता है। झारखंड के विद्यार्थियों को वहां के शोध में प्रवेश के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वहां पीएचडी में 100 विदेशी आवेदकों में से सिर्फ 5-6 ही चयनित होते हैं। इसलिए बायोडाटा, शोध कार्य का पूर्व अनुभव और किसी विशेष प्रयोगशाला या विश्वविद्यालय में ही शोध क्यों करना चाहते हैं, इसका औचित्य भी ठीक से तैयार करना चाहिए। प्रवेश के लिए कार्य अनुभव का वर्णन करते हुए आवेदन तैयार करना एक महत्वपूर्ण कौशल है।

## चुनाव के लिए रांची पूरी तरह तैयार : डीसी

- चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 9798300836 या 8987790664 जारी
- पोस्टर-बैनर हटाने के लिए मिला 72 घंटे का समय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदर्श आचार संहिता लागू होने के ठीक 24 घंटे पहले रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री का तबादला कर दिया गया। रांची के नए उपायुक्त वरूण रंजन ने पत्रकार वार्त्ता कर बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि रांची जिला चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पोस्टर-बैनर 24 से 72 घंटे के अंदर हटाने का निर्देश दिया गया है। तमाड़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया, मांडर और कांके विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 2777 (दो हजार सात सौ सतहत्तर) मतदान केंद्र बनाए



हैं। इन सातों विधान सभा चुनाव में 2577470 (पच्चीस लाख सतहत्तर हजार चार सौ सत्तर) मतदाता हैं जिसमें 1283370 (बारह लाख तिरासी हजार तीन सौ सत्तर) पुरूष, 1294025 (बारह लाख चौरानवे हजार पच्चीस) महिलाएं और 75 अन्य हैं। इस मतदान में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 92868 (बानवे हजार आठ सौ अरसठ) है। 32521 (बत्तसी हजार पांच सौ इक्कीस) विकलांग मतदाताओं के लिए सुगम मतदान के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था रहेगी। सभी विधानसभा चुनाव के लिए सात रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किए गए हैं। तमाड़ के लिए किस्टो कुमार बेसरा, सिल्ली के लिए रामनारायण सिंह, खिजरी के लिए सुदर्शन मुर्मु, रांची के लिए उत्कर्ष कुमार, हटिया के लिए राजेश्वर नाथ आलोक, मांडर के लिए मोनी कुमारी और कांके विधान के लिए मुकेश कुमार को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। अन्य सहायक निर्वाची पदाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। रांची जिला में कुल 3500 आर्म लाइसेंसधारियों के लिए भी दिशा निर्देश जारी किया गया है। चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए हेल्प लाइन नंबर 9798300836 या 8987790664 जारी किया गया है। यह नंबर चौबीस घंटे सेवारत है। वोटरों की पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कॉड, बैंक पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि मान्य हैं।

## बीआईटी में पेंटिंग व डिजिटल पोस्ट मेकिंग पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीआईटी मेसरा लालपुर सेंटर के तत्वावधान में ग्राफिक गाला विषय पर एक कलात्मक पेंटिंग और डिजिटल पोस्ट मेकिंग पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विजुअल एंड आर्ट प्रोफार्मिंग सोसाइटी ने किया । कार्यक्रम की शुभारंभ संस्थान के इंचार्ज डॉ प्रणव कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की अद्भुत क्षमता पर अपनी बातों को रखा। वहीं कहा की आज जब छात्रों में पढ़ाई के अत्यधिक बोझ होने से इस प्रकार की गतिविधियों से अपने को दूर रखते है पर हमारे संस्थान के प्रतिभावान छात्रों ने इससे प्रतियोगिता का रूप देकर और ही बेहतर बनाने का कार्य किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ अमृता



प्रियम और डॉ महुआ बनर्जी ने बताया की पूरे प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के आयोजन किया गया है जिसमे पोस्टर मेकिंग सहित कई विषय शामिल है। निर्णायक की भूमिका में डॉ सोमनाथ मुखर्जी, डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार और डॉ महुआ बनर्जी उपस्थित रहे। दूसरे मुकाबला जिसका विषय क्विक वित था, जिसमें प्रतिभागियों ने वाक्पटुता से अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसमें निर्णायक की भूमिका में डॉ उमेश प्रसाद और डॉ सोमित्रो चक्रवर्ती उपस्थित थे। ग्राफिक्स गाला के विजेता रहे वेदिका अग्रवाल को प्रथम पुरस्कार व संसिता झा को दूसरा पुरस्कार मिला। तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से प्राची कुमारी और अनुष्का पाठक को दिया गया। दूसरा मुकाबला जिसका विषय था क्विक वित जिसमें प्रथम स्थान पर कुमार पुष्कर व दूसरे स्थान पर शिवांगी तिवारी और तृतीय स्थान अनुष्का श्रीवास्तव रही। आयोजन में सोसायटी के सदस्यों ने मुख्य भूमिका निभाई। इसमें मुख्य रूप से आर्य सिंघल, शिवांगी, सृष्टि राज, ऐंजल, प्रांजल, अरुणिमा, राजवीर, नेनशी, खुशी मोहनी सहित अन्य शामिल थे।

### दृष्टिहीनों ने पैदल मार्च कर लोगों को किया जागरूक

**रांची।** विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस (वर्ल्ड व्हाइट केन सेफ्टी डे) 15 अक्तूबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ शाखा झारखंड, विश्व भारती जन सेवा संस्थान, साइट सेवर, संत माइकल ब्लाइंड स्कूल, अमर ज्योति नेत्रहीन विद्यालय चान्हो और दिव्यांग अधिकार मंच की ओर से जागरुकता कार्यक्रम हुआ। दृष्टिहीनों ने लोगों को जागरूक करने को लेकर सहजानंद चौक से हरमू चौक तक लघु पैदल यात्रा निकाल कर संदेश दिया। राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ के समन्वयक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि दृष्टि बाधित लोगों के उपयोग में आने वाली सफेद छड़ी को समाज में प्रचारित करने के लिए विश्व स्तर पर किया जाता है। यह संदेश भी देना है कि दृष्टिहीन दिव्यांगजनों को भी अगर हर स्तर पर सही अवसर और अनुकूल सुगम वातावरण प्रदान किया जाए तो वह भी देश के एक सशक्त और भागीदार नागरिक बन सकते हैं।

## सीसीएल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल ने पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में निःशुल्क श्वसन तंत्र (रेस्पिरेटरी सिस्टम) जांच शिविर का आयोजन किया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 40 वृद्धों की जांच की गयी और उन्हें चिकित्सीय सलाह एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी दी गई। आश्रम में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहता है। इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय होते रहता है। शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, डॉ प्रीती तिग्गा, डॉ मेजर शिल्पी, डॉ रंजीत कुमार, डॉ दीपक सिंह, डॉ अनीता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ दीपाली, डॉ सत्यप्रकाश रंजन, डॉ शिल्पी झा, डॉ प्रियंका झा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# न्यूज बॉक्स

### रिम्स से ब्लड की दलाली करते दो धराए



**रांची।** रिम्स से ब्लड की दलाली करते दो युवक को पकड़ा गया। मरीज के परिजन से ब्लड दिलाने के नाम पर पैसों की उगाही कर रहे थे। पकड़े गये लोगों में मोहित कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं।

### हरमू में तोरणद्वार का बांस गिरा, पत्रकार घायल

**रांची।** हरमू रोड में दुर्गा पूजा के लिए बने तोरणद्वार का बांस मंगलवार शाम पांच बजे के करीब अचानक एक पत्रकार के सिर पर गिर पड़ा। इससे इटकी से एक दैनिक अखबार (प्रभात खबर) के पत्रकार सोनू अभिलाष गंभीर रूप से घायल हो गए। हेलमेट पहने होने के कारण उनका सिर तो बच गया लेकिन दाहिने आंख के ऊपर भवां और गाल कट गया। पत्रकार ने फोन कर मौके पर अपने परिजनों और मित्रों को बुलाया। वे लोग उसे उठाकर सेवा सदन अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने भवां और गाल में सात-आठ टांके लगाकर उन्हें घर भेज दिया और आराम करने की सलाह दी है।



### ख्याति.. द बुटीक ने दिवाली प्रदर्शनी का किया आयोजन



**रांची।** ख्याति.. द बुटीक ने फैशन पॉइंट के सहयोग से रेडिसन ब्लू में 15 और 16 अक्टूबर को एक भव्य डिजाइनर दिवाली प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इस प्रदर्शनी में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फैशन के बेहतरीन संग्रह उपलब्ध है। जिसमें इंडो वेस्टर्न, वेस्टर्न, और भारतीय परिधान शामिल हैं। प्रदर्शनी में प्रदर्शित कपड़ों का संग्रह विशेष रूप से दिवाली के लिए तैयार किया गया है, ताकि आप इस पर्व पर अपनी विशेषता को और बढ़ा सकें।

### परियोजना व कस्तूरबा विद्यालय के कर्मियों की हड़ताल समाप्त



**रांची।** परियोजना व कस्तूरबा विद्यालय के कर्मियों का हड़ताल समाप्त हो गया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अध्यक्ष और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी संघ व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुई। वार्ता में प्रतिनिधि के रुप में अभिनव कुमार, राजीव शरण, रवि कुमार, अखिलेश कुमार, रोहिणी प्रसाद, रश्मि कुमारी, बागेश्वरी कुमारी , पम्मी सिन्हा और सुनील कुमार साहु शामिल हुए। वार्ता में 8 बिंदुओं पर सहमति बनी, इसके बाद हड़ताल समाप्त हो गया।

### आंगनबाड़ी कर्मियों की अनिश्तिचकालीन हड़ताल स्थगित

**रांची।** झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगति कर दी है। संघ की प्रदेश महासचिव देवंती देवी ने कहा कि संघ की आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल 5 अक्तूबर से जारी थी। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सेविका सहायिका बुधवार से अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्रों में योगदान करेंगी। कहा कि हमारी मांगों को लेकर कई बार मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी को भी अवगत कराया गया, लेकिन कभी भी सरकार इसे लेकर सकारात्मक नहीं रही। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन टालमटोल रवैया जारी रहा।

### रिम्स की मेडिकल सुविधाओं में कोई कमी नहीं होगी : डॉ राजीव रंजन

**रांची।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रिम्स के मेडिकल सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी, यह बात रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बातचीत में बताया। उन्होंने कहा कि अधिकांश टेंडरों को भर दिया गया है। भरे टेंडरो पर काम आगे बढ़ेगा परंतु कुछ टेंडर अधुरे पड़े हैं जिसे चुनाव के बाद भरा जाएगा।




### ऑप्यूलेंट दिवाली और ब्राइडल बाजार का सांसद ने किया उद्घाटन, कहा

## मशहूर डिजाइनर्स का शानदार संग्रह पेश किया गया है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होटल रैडिसन ब्लू में मंगलवार को दो दिवसीय ऑप्यूलेंट दिवाली और ब्राइडल बाजार का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एक्ट्रेस युक्ति कपूर शामिल हुईं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी थीं, जिन्होंने इस अद्भुत फैशन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और सराहना की। कहा कि यहां देशभर के मशहूर डिजाइनर्स के शानदार संग्रह पेश किए गये हैं। जहां आप करवा चौथ, धनतेरस, दिवाली और वेडिंग में जोरदार खरीदारी कर सकते हैं। समारोह की शुरूआत अपग्रेडेड प्राइमरी स्कूल, सिंदवार टोला के बच्चों द्वारा लायंस क्लब रांची समर्पण के सहयोग से प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई। जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मौके पर युवा समाजसेवी सह भोजपुरी गायक आशुतोष द्विवेदी, यूनिवर्सल इंडिया इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट की फर्स्ट रनरअप रिद्धिमा मित्तल भी उपस्थित थीं। एग्जीबिशन की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया कि प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण दिल्ली,



मुंबई, कोलकाता, वाराणसी, बेंगलुरु, कश्मीर और रांची के प्रसिद्ध डिजाइनरों का नवीनतम संग्रह है। यहां हर शैली के लिए खास डिजाइन के परिधान हैं। हर घंटे लकी ड्रॉ भी है, जिसमें चांदी के सिक्के पुरस्कार के रूप में दिए जा रहे हैं। डायरेक्टर ने कहा कि प्रदर्शनी में शामिल डिजाइनर कलेक्शन में आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला है। जिसमें डिजाइनर एथनिक वेयर है। इसमें सूट, कुर्तियां, साड़ियां, लहंगे और ब्राइडल वेयर शामिल है। प्रदर्शनी में विशेष विंटर कलेक्शन भी प्रदर्शित किया जा रहा है। इसमें लक्जरी कोट, जैकेट, स्वेटर और कार्डिगन शामिल है। खास बात यह है कि यहां स्टॉल, घरेलू स्किनकेयर ब्रांड है, जो रासायनिक मुक्त उत्पादों से बनाया गया है। कहा कि पौष्टिक साबुनों और कोमल जैविक क्लींजर से लेकर कुमकुमादी तेल जैसे शानदार फेशियल ऑयल तक, हर उत्पाद शुद्ध और प्राकृतिक स्किनकेयर देने के लिए सावधानी से तैयार किया गया है। बताया कि डिजायनर एवं सिल्क की साड़ियों का अद्भुत कलेक्शन उपलब्ध है। इसके साथ ही द पॉश द्वारा दिवाली बोनांजा प्रस्तुत किया गया है।

### छुट्टी में कटौती पर विश्वविद्यालय शिक्षकों ने जताई नाराजगी

**रांची।** झारखंड के राजकीय विश्वविद्यालयों में ग्रीष्मावकाश और क्रिसमस अवकाश में की गई कटौती पर मंगलवार को शिक्षकों ने नाराजगी जताई। रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के मोरहाबादी परिसर में आरयू और डीएसपीएमयू के करीब 40 शिक्षकों ने सभा की। छुट्टी वापसी के लिए शिक्षकों ने राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र सौंपा। इसमें कहा कि न्यायतंत्र और उच्च शिक्षा में दक्षता बढ़ाने के लिए छुट्टी दी जाती है, पर इसे गत वर्ष से रोक दिया गया है। यह भी कहा कि 8 दिन की क्रिसमस छुट्टी सिर्फ एक दिन करना शिक्षक और विद्यार्थियों के साथ उपहास किया गया है। विरोध प्रदर्शन में डॉ कंजीव लोचन, जगदीश लोहरा, डॉ विनय भरत, डॉ सीमा प्रसाद, डॉ शशिकांत टोप्पो, डॉ अभय सागर मिंज, डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ ममता केरकेट्टा, डॉ अवध बिहारी, डॉ मतियुर रहमान आदि शामिल थे।

## श्रीश्याम मंदिर में हुआ श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री हनुमान चालीसा के श्लोको के पाठ से हरमू रोड का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। श्रीश्याम मित्र मण्डल, रांची के द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 123 वां श्री सुन्दरकाण्ड - श्री हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक पाठ का दिव्य आयोजन किया गया था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके गुड़, चना, केशरिया पेड़ा, नारियल का प्रसाद अर्पित किया। श्रीरामचरितमानस महाग्रन्थ व पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा, व अन्य का चंदन - वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पाठ वाचकों ने श्रीगणेश वन्दना करके श्री हनुमान चालीसा व सुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारंभ किया उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने सामुहिक रूप से श्रीहनुमान जी की सेवा में पाठ किया । भजनों का गायन भी किया गया। महाबली रामभक्त श्री हनुमान जी की जयकारो से पुरा मंदिर व हरमू रोड़ गूंज रहा था। राजेश जायसवाल ने केला फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद, पुष्प देवी पौदार ने केशरिया पेड़ा व मुकेश मित्तल गिरीगोला की सेवा निवेदित की। पाठ समापन के पहले पुनः श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती की गयी। भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढाढ़ंनिया, अनिल नारनोली, रतन शर्मा, स्नेह पौदार, अंकित सिंह, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### शरद पूर्णिमा उत्सव आज

खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर के परम्परा के अनुसार हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में बुधवार को शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। मुख्य समारोह रात्रि 9 बजे से होगा। अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके अद्वितीय भजनों का कार्यक्रम होगा। धनबाद से श्रीपरितोष अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मिनी प्रीतम के साथ भजनों की श्रीगंगा प्रवाहित कर खाटूनरेश को रिझायेंगे। साज - साजिन्दा की टीम भी उन्ही के साथ आ रही है। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सभी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने सभी भक्तों को आमंत्रित किया है।

# झारखंड विस चुनाव पर सत्ता पक्ष ने कहा- जल्दबाजी में लिया गया फैसला

*भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को झारखंड विस चुनाव की घोषणा कर दी। इसी के साथ 15 अक्टूबर 2024 की शाम साढ़े तीन बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। राज्य में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। ऐसे में पक्ष व विपक्ष आमने-सामने आ गये हैं। झामुमो ने समय से पूर्व चुनाव कराने का आरोप लगया है। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे झामुमो की हार बता दिया है। कांग्रेस व राजद ने भी समय से पूर्व चुनाव कराने पर आपत्ति जतायी है। वहीं भाजपा व आजसू ने इस चुनाव को झारखंड का नया सवेरा बताया है।*

## कार्यकाल से पूर्व हो रहा है चुनाव : महुआ



**रांची।** झामुमो से राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और महाराष्ट्र में भी भाजपा की सरकार है। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार है। ऐसे में यहां कार्यकाल से पहले ही चुनाव करा दिया गया। केंद्र झारखंड से भेदभाव करती है। सीएम हर परिस्थिति से निपटने को तैयार हैं। 2 साल तो कोविड में चला गया। जब काम की तेजी आयी तो ईडी आ गयी। अभी काम और तेज हुआ तो कार्यकाल से पहले ही चुनाव कर दिया गया।

## विस चुनाव का था इंतजार : आरती



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजुर ने कहा कि हम जीतेंगे, हमलोग चुनाव के इंतजार में थे। पहले संकेतों से लग रहा था कि महाराष्ट्र की तरह झारखंड में भी एक चरण में चुनाव होगा। महाराष्ट्र में 288 सीटों पर एक चरण में चुनाव हो रहे है लेकिन झारखंड में कुछ कारणों के वजह से दो चरण में चुनाव कराया जा रहा है।

## हमलोग तैयार हैं : आदित्य विक्रम



प्रोफेशनल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि चुनाव के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की नहीं चलेगी। जनता को पता है कि किसे वोट करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हमारी सरकार आएगी। इसके लिए लिए हमलोग तैयार है।

## जल्द ही नया सवेरा आए : देवशरण भगत



आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि परीक्षा की तिथि (चुनाव की तिथि) की घोषणा हो गई है। अब हम सभी परीक्षार्थी (चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी) भी तैयार हैं। आजसू पार्टी पूरे प्रदेश में चुनाव के लिए तैयार है। झारखंड में दो चरणों में चुनाव होना है। बस निष्पक्ष ढंग से चुनाव हो और जल्द ही नया सवेरा आए।

### बाबूलाल मरांडी और अमर कुमार बाउरी ने चुनाव की घोषणा का किया स्वागत

## यह रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव : बाबूलाल मरांडी





**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत किया है। श्री मरांडी ने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न और झामुमो, कांग्रेस व राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनाएंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की अत्याचारी- महाभ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

## हार के डर से बौखलाया झामुमो : प्रतुल शाहदेव



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चुनाव आयोग के द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि झामुमो बेवजह इस पर आपत्ति कर रहा। प्रतुल ने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट वर्णित है की चुनाव आयोग चुनाव वाले राज्यों में 6 महीने पहले तक चुनाव कराने के लिए सक्षम है। झारखंड में तो यह सरकार ने 59 महीना तक लूट और भ्रष्टाचार का शासन किया है। फिर एक महीने के लिए इनको इतनी बेचैनी क्यों? प्रतुल ने कहा कि कई बार तो मुख्यमंत्री हेमंत भी कह चुके हैं कि हम चुनाव के लिए किसी भी समय तैयार हैं। फिर चुनाव की घोषणा के बाद यह छटपटाहट क्यों? प्रतुल ने कहा कि दरसल इनको पता है कि झारखंड में समाज का हर वर्ग जिसको इन्होंने ठगा है, इस सरकार को वोट के जरिए चोट देने को तैयार है। झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को पता है कि यह उनकी झारखंड में अंतिम सरकार होगी। क्योंकि 5 वर्षों में इस राज्य ने भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न ,युवाओं के साथ वादाखिलाफी, लूट, खसोट, घोटालों का नंगा नाच देखा है। उससे अब जनता मुक्ति चाहती है। प्रतुल ने कहा कि इस चुनाव से सबसे ज्यादा जनता उत्साहित है। क्योंकि उसे 5 वर्षों के सीएम के भ्रष्ट शासनकाल से मुक्ति चाहिए। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश की 2 करोड़ 60 लाख लोग हेमंत सरकार को बाहर करने के लिए 13 और 20 नवंबर को अपना वोट डालेंगे। आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत होगी और हेमंत सरकार इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगा।

## प्रथम चरण की तिथि पर पुनर्विचार करे चुनाव आयोग : कैलाश



प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा झारखंड में दो चरण में चुनाव कराने का स्वागत किया है लेकिन तिथि पर आपत्ति व्यक्त किया है। श्री यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्य में प्रथम चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को घोषित किया है लेकिन राजद की ओर से चुनाव आयोग को सुझाव है कि इस बीच हिन्दू धर्म का कई बड़ा त्योहार है, जिसमें 31अक्टूबर को दीपावली 2 नवंबर को भैयादूज एवं आस्था का महान पर्व छठ 6 एवं 7 नवंबर को होना है। ऐसे में चुनाव आयोग प्रथम चरण का चुनाव की तिथि 15 नवंबर के बाद घोषित करने पर पुनर्विचार करने पर निर्णय ले। श्री यादव ने कहा कि चुनाव आयोग राज्य में समय से पूर्व चुनाव कराने का फैसला लिया। ऐसे में कहीं न कहीं स्पष्ट संकेत है कि झारखंड में दो चरण में तिथि निर्धारण में निश्चित रूप से बीजेपी के इशारे पर घोषणा की गई है।

## एक नजर

### कुव्यवस्था हारेगी जनता विजयी होगी : सुदेश महतो



**रांची।** चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किए जाने पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव कुशासन के खिलाफ एक लड़ाई है, जिसे हमें जीतना है। कुव्यवस्था हारेगी, जनता विजयी होगी। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि पूरी सेवा, समर्पण और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। झारखंड की जनता बदलाव के लिए बेताब है।

### बैनर-पोस्टर हटाने का निर्देश

**रांची।** अनुमंडल पदाधिकारी ने विस क्षेत्र से 24 घंटे के अन्दर सभी प्रकार के झण्डा, बैनर, पोस्टर, पम्पलेट होर्डिंग आदि को हटवाने का निर्देश जारी किया है। सरकारी संपत्ति का विरूपण -सरकारी संपत्ति पर सभी दीवार लेखन, पोस्टर, कागज या किसी अन्य रूप में विरूपण, कटआउट, होर्डिंग्स, बैनर, झंडे आदि को हटा दिया जायेगा। किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या चुनाव से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सरकारी वाहन का दुरुपयोग निषेध है। वाणिज्यिक वाहनों पर झंडा, स्टीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह वाहन वैध रूप से चुनाव प्रचार के लिए उपयोग में न लाया गया हो। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निजी वाहनों में यदि झंडे और स्टिकर का उद्देश्य किसी विशेष पार्टी को आकर्षित करना हो तो आईपीसी की धारा 171एच/भारतीय न्याय संहिता की धारा 176 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

### हुंडरू फॉल में बंगाल के छात्र की डूबकर मौत

**रांची।** हुंडरू फॉल में नहाने के दौरान बंगाल के एक छात्र की डूबकर मौत हो गई। घटना मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे की है। मृतक 18 वर्षीय अनिमेष दास पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर जिले के सबंग थाना क्षेत्र का निवासी था। मृतक अनिमेष नारायण बाड़ा उच्च विद्यालय सबंग में 12वीं का छात्र था। वह आइडियल कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करता था। कोचिंग के टूर ट्रिप में कुल 78 छात्रों और 10 शिक्षकों के साथ वह हुंडरू फॉल घूमने पहुंचा था।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, बोले

# बकाया राशि हमारा हक है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है जिसमें कोयला कंपनियों से लंबित 1.36 लाख करोड़ रुपये की मांग की गई है। उन्होंने कहा है कि वह राज्य के लिए स्पेशल बजट की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि उचित बकाए की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि इस लंबित रकम के कारण झारखंड के विकास को काफी क्षति हो रही है। सोरेन ने पत्र को 'एक्स' पर पोस्ट किया है और लिखा है कि यह बकाया राशि हमारा हक है... झारखंड किसी विशेष बजट की मांग नहीं कर रहा है। हम सिर्फ अपने हक की बात कर रहे हैं जिसे हम हर हाल में लेकर रहेंगे।



**बकाया राशि का विवरण :** कुल बकाया राशि लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये है। इसमें शामिल हैं : वॉश्ड कोयला रॉयल्टी के रूप में 2,900 करोड़ रुपये, पर्यावरण मंजूरी सीमा के उल्लंघन के लिए 32,000 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण मुआवजे के रूप में 41,142 करोड़ रुपये (38,460 करोड़ रुपये जीएम भूमि और 2,682 करोड़ रुपये जीएम.जे.जे भूमि के लिए)। इस पर लगी सूद की रकम 60,000 करोड़ रुपये, कुल 1,36,042 करोड़ रुपये।

**विकास पर प्रभाव :** इस बकाया राशि के कारण, हमारे राज्य में अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएँ प्रभावित हुई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, स्वच्छ पेयजल एवं मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, किसान, मजदूर, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक, विस्थापित एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं को लागू करने में कठिनाई हो रही है। झारखंड, एक अल्प विकसित राज्य है, जो संसाधनों की कमी से गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। संसाधनों की कमी को पूर्ण करने के लिए उपरोक्त राशि अत्यंत आवश्यक है।

**न्यायिक निर्णय :** सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने राज्य के पक्ष में फैसला दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि खनन और रॉयल्टी शुल्क वसूलने का अधिकार राज्य को है। यह भी कहा गया है कि रॉयल्टी एक कर नहीं है और इसलिए इस पर कोई सीमा नहीं लगाई जा सकती।

**हमारा अनुरोध :** मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और कोयला कंपनियों को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दें। जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना चाहिए या कोल इंडिया के खाते से राज्य के खाते में सीधे क्रेडिट किया जाना चाहिए। यह राशि झारखंड के लोगों के कल्याण और राज्य के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**समाधान का आग्रह :** हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मुद्दे का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि झारखंड के लोग विभिन्न सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह न केवल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हम आपके सकारात्मक हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई की आशा करते हैं। इसके लिए झारखंड के लोगों की ओर से, मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा।

### केंद्र की असंवेदनशीलता से राज्य में ओबीसी आरक्षण नहीं बढ़ा : राजेश गुप्ता



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता के कारण राज्य में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव अभी तक अधर में लटका हुआ है। मोर्चा ने केंद्र सरकार से अविलंब ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियां में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 झारखंड विधानसभा द्वारा 11 नवंबर 2022 को पारित किया गया था। यह विधेयक राज्यपाल सचिवालय द्वारा राष्ट्रपति के समक्ष 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने के लिए विचारार्थ रखने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेजा गया है। बावजूद केंद्र सरकार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाए हुए है, जो झारखंड के ओबीसी समुदाय के लिए घोर निराशाजनक है।

### आधा सच, आधा फसाना

## मांडर में किसके सर सजेगा ताज ?

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची से सटे मांडर विधानसभा सीट हमेशा चर्चा का विषय रहा है। इस सीट पर बहुत ज्यादा भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव नहीं रहा है। वहीं झारखंड अलग राज्य बनने के बाद यहां से 2014 में गंगोत्री कुजूर ने अपनी जीत दर्ज की थी। बंधु तिर्की इस सीट से अलग-अलग पार्टियों की टिकट पर चुनाव जीतते आए हैं।



उनकी सदस्यता जाने के बाद उनकी बेटी वर्तमान में विधायक है, लेकिन इस बार चर्चा का माहौल कुछ और है। 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से सनी टोप्पो सबसे सक्रिय दिख रहे हैं। सनी पिछले 5 सालों से मांडर विधानसभा में काफी मेहनत कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक पंडित यह कयास लगा रहे हैं कि मांडर से भाजपा गंगोत्री कुजूर को ही चुनाव मैदान में उतारेगी। ऐसे में मांडर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि सन्नी टोप्पो को टिकट नहीं मिलता है तो भाजपा में बगावत होने की संभावना है। क्षेत्र के लोगों का यह भी कहना है कि यदि गंगोत्री कुजूर को टिकट मिलती है तो वह फिर से हार जाएगी। वहीं पूर्व डीएसपी जागरे उरांव ने कसम खाई है कि वे उनकी नौकरी लेने वाले एक बड़े नेता का हर हाल में हराएंगे दूसरी ओर पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत लगातार मेहनत कर रहे हैं और आदिवासी समुदाय में अच्छी पकड़ बना चुके हैं ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होगा।

## भाजपा के रहते संविधान व आरक्षण पर खरोंच तक नहीं आएगा : लाल सिंह आर्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड प्रदेश का प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा है कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार है, तब तक आरक्षण पर खरोंच भी आने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा दशकों से चला आ रहा है। झारखंड की अनुसूचित जाति बहुल सभी सीटों पर भाजपा जीतेगी और प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि गरीबी को नजदीक से देखने वाले प्रधानमंत्री ने जब से देश की सत्ता को संभाला है, गरीबों के उत्थान के लिए ही काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबध हैं। उन्होंने कहा कि देश के चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दे दिया गया है और 03 करोड़ नए पक्का मकान देने की योजना है। 11 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं और तकरीबन 11 करोड़ घरों में रसोई गैस सिलेंडर भी पहुंचाया गया। इतना ही नहीं 14 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी भी पहुंचाया गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.भोला सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के सभी कार्यकर्ता टोली बनाकर गांव में घूम-घूम कर पार्टी के पति लोगों को जागरुक करेंगे। सिमरिया विधायक किशुन दास ने दावा करते हुए कहा कि झारखंड की सभी 41 अनुसूचित जाति बहुल सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में विषय प्रवेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने कराया। वही, मंच संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री प्रभात भुइंया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीतू चरण राम राष्ट्रीय मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा, ब्रजमोहन राम प्रदेश प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड एवं सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने उपायुक्तों के साथ की बैठक, बोले

# निर्वाचन के दौरान 4 एम पर रखें विशेष ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन कर सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान कर सकेंगें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 4 एम (मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश है। पीवीटीजी, वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करनी है। श्री कुमार विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपयुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि वहां बिजली एवं लाइटिंग की व्यवस्था हो। स्वीप कैलेंडर तैयार कर मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी मतदान केंद्रों के कारणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के उपायों पर कार्य करें। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर प्रीजाइडिंग ऑफिसर के साथ 4 पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है। इस लिए पहले से पदाधिकारियों को चिह्नित करते हुए उनकी सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि इस बार के निर्वाचन में मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से वोटर टर्नआउट मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी पदाधिकारियों को दी गई है, जिसका अनुपालन करते हुए सुगमता के साथ मतदान संपन्न कराना है।

मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले 72 घंटे के अंदर क्या करना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो ने मंईयां सम्मान की राशि बढ़ने पर निकाला विजय जुलूस



**रांची।** मंईयां सम्मान योजना को एक हजार रूपए से बढ़ाकर 2500 रूपए करने की खुशी में झामुमो ने विजय जुलूस निकाला। राजधानी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार का आभार प्रकट करने हुए जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने के लिए 2500 रुपए की सम्मान राशि की योजना देने का काम किया। मंईयां सम्मान योजना की तीन किस्त राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते में जा चुकी है और इसी दिशा में उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते हैं वो करते हैं, भाजपा की तरफ फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते। मौके पर समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया,डॉ हेमलाल कुमार मेहता, नयन तारा उरांव, राखी देवी, अंशु लकड़ा, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, सुषमा बरदेवा, राधा हेंब्रम, पुष्पा बरदेवा, फरीद खान, सबीबुल रहमान, परवेज आलम गुड्डु, विलयम रिचर्ड लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### किन्नर समाज अभिशाप नहीं आशीर्वाद है : प्रियंका




**रांची।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के महासचिव सह प्रवक्ता प्रियंका ने कहा है कि समाज में हर व्यक्ति की अहमियत है। चाहे वह कोई भी समुदाय से हो। हमारी पार्टी ने किन्नर समुदाय से एक व्यक्ति को उम्मीदवार पेश किया है। यह काम हमारे विपक्षी दलों ने कभी नहीं किया है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि अब समाज के सभी वर्गों को राजनीति में अपनी पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि किन्नर समुदाय भी अब अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। यह न केवल हमारे लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि राजनीति में किसी भी वर्ग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### हेमंत की लोकप्रियता से घबरा कर समय से पहले चुनाव : विनोद पांडेय



**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में चुनाव की घोषणा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आखिर चुनाव आयोग ने इतनी जल्दबाजी में झारखंड में चुनाव की घोषणा क्यों की है। महाराष्ट्र में चुनाव समय पर हो रहा है, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को पूरा हो रहा है। पंचम झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 05 जनवरी 2025 को पूरा होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की घोषणा से एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने यह बता दिया था कि मंगलवार को चुनाव आचार संहिता लग जाएगी। इससे दो प्रश्न उठते हैं। एक चुनाव आयोग भाजपा के निर्देश पर चल रहा है या दूसरा चुनाव आयोग के फैसले की जानकारी भाजपा को पहले मिल जाती है। दोनों की स्थिति में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं भाजपा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता और उनके नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार में जनहित में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों से भाजपा घबरा गई है। यही वजह है कि हेमंत सोरेन को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया जा रहा है। जनादेश से बनी इंडिया गठबंधन की सरकार को गठन के एक घंटे बाद से ही भाजपा तमाम तरह के असंवैधानिक, अनैतिक हथकंडे अपनाकर अपदस्थ करने का षड्यंत्र रचती रही है। यह बात किसी से छुपी नहीं है। जनता को भाजपा के एक-एक षड्यंत्र की जानकारी है।

### झारखंड के जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल खत्म, काम पर लौटे

**रांची।** कोलकाता की घटना को लेकर जहां एक तरफ कोलकाता में डॉक्टरों का आंदोलन 2 महीने से जारी है। वहीं करीब 200 घंटे से सभी डॉक्टर भूख हड़ताल पर हैं। वहीं अब इस आंदोलन ने जोर पकड़ लिया है। मंगलवार से आईएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के आह्वान पर डॉक्टरों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरूआत की है। इस आंदोलन का समर्थन रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने भी किया। मंगलवार सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक के लिए भूख हड़ताल की थी। लेकिन जेडीए रिम्स ने झारखंड में घोषित होने वाले आदर्श आचार संहिता को लेकर डब्ल्यूबीजेडीएफ (आरजी कार मामले के लिए) के साथ एकजुटता में आईएमए (जेडीएन और एमएसएन) और एफएआईएमए द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय भूख हड़ताल वापस ले लिया है।

### सभी यूनिवर्सिटी के वीसी-रजिस्ट्रार 22 को सशरीर हों उपस्थित : हाईकोर्ट




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सभी यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार हाईकोर्ट के समक्ष 22 अक्टूबर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। घंटी आधारित शिक्षक प्रसिला सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सोमवार को प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राज्य के सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की एडहॉक नियुक्ति की जाती है। पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। जिसपर अदालत ने कहा कि घंटी आधारित शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तुलना में कम वेतन मिलता है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। इसका असर यह भी होता है कि राज्य के छात्रों और शिक्षको का पलायन दूसरे राज्यों में होता है। वहीं अदालत ने खढरउ से पूछा है कि शिक्षकों के कितने पद खाली हैं, कितने पद भरने के लिए जेपीएससी ने पहल की है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## बंगाल की खाड़ी में समुद्री अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली (हि.स.)।** क्वाड देशों के बीच विशाखापट्टनम तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मालाबार का बंदरगाह समाप्त हो गया है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका की नौसेनाओं ने महत्वपूर्ण समुद्री जुड़ाव के रूप में हिस्सा लिया। अब मंगलवार से बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण शुरू हुआ है, जिसमें चारों नौसेनाओं के युद्धपोत, हेलीकॉप्टर और लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान एक साथ अभ्यास करके उच्च स्तर के सहयोग और परिचालन तालमेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मालाबार के दूसरे और अंतिम समुद्री चरण में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका की नौसेनाएं बंगाल की खाड़ी में पहुंच गई हैं। इस हाई वोल्टेज इवेंट में विध्वंसक, फ्रिगेट, कोरवेट और बेड़े के सहायक जहाजों के साथ-साथ लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान, जेट विमान, इंटीग्रल हेलीकॉप्टर और पनडुब्बी संपत्तियां भाग लेंगी। इसमें हवाई युद्ध क्षेत्रों को कवर करते हुए समुद्री युद्ध संचालन की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगी। ये उन्नत और जटिल अभ्यास आपसी समझ और समन्वय को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिसका उद्देश्य समुद्र में एक संयुक्त टास्क फोर्स के रूप में निर्बाध रूप से संचालन करना है।

## परमेश शिवमणि ने आईसीजी के 26वें कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली (हि.स.)।** परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के 26वें महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। वह 35 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान तटवर्ती और समुद्री क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें उत्कृष्ट सेवा के लिए 2014 में तटरक्षक पदक और 2019 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक से सम्मानित किया गया था। वे 2012 में डीजी कोस्ट गार्ड प्रशस्ति और 2009 में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (पूर्व) प्रशस्ति से भी सम्मानित कि, जा चुके हैं। कोस्ट गार्ड के अनुसार महानिदेशक परमेश शिवमणि नौ-संचालन और दिशा-निर्देशन के विशेषज्ञ हैं और उनकी समुद्री कमान में उन्नत समुद्री गश्ती जहाज 'समर' और 'विश्वस्त' सहित भारतीय तट रक्षक बल के सभी प्रमुख जहाज शामिल हैं। वे तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व), तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम), तटरक्षक कमांडर (पूर्वी समुद्र तट) के शीर्ष पदों पर रहे हैं। वे नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्हें मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महानिदेशक परमेश शिवमणि को सितंबर, 2022 में अपर महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया और फिर उनकी नियुक्ति तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में की गई थी। उन्हें अगस्त, 2024 में तटरक्षक महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस अवधि के दौरान कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन और अभ्यास संपन्न किए गए, जिनमें करोड़ों रुपये की नशीली दवाओं, मादक पदार्थों और सोने की जब्ती, गंभीर चक्रवाती तूफानों के दौरान नाविकों का बचाव, विदेशी तट रक्षकों के साथ संयुक्त अभ्यास, अवैध शिकार विरोधी अभियान, चक्रवातों/प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और तटीय सुरक्षा अभ्यास शामिल हैं।

### 32 हजार करोड़ की डील पर हुए हस्ताक्षर

# यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली (हि.स.)**




भारत और अमेरिका ने मंगलवार को 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है। दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई थी। खासकर, हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को 15 जून, 2023 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर को सीसीएस ने भी मंजूरी दे दी। यह अत्याधुनिक ड्रोन सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में इसे तीनों सेनाओं के लिए 31 ड्रोन खरीदने का फैसला लिया गया। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल को दिए जाएंगे। इसके अलावा, सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन मिलेंगे। सौदे के पहले चरण में छह ड्रोन तत्काल एकमुश्त नगद भुगतान करके खरीदे जाएंगे। मौजूदा जरूरतों को देखते हुए फिलहाल दो-दो ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। बाकी 24 ड्रोन अगले तीन वर्षों में हासिल कर लिए जाएंगे। तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले ड्रोन को लेकर रक्षा मंत्रालय ने आज 31 एमक्यू-9बी स्काई/सी गार्जियन हाई एल्टीट्यूड लांग एंड्योरेंस (एचएएलई) रिमोट पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) के लिए अमेरिकी सरकार के साथ डील फाइनल की। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही खरीदे जाने वाले ड्रोन की भारत में डिपो स्तर के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक और अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियतएमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है। हथियारबंद ड्रोन से भारतीय सेना उस तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है, जिस तरह का ऑपरेशन नाटो बलों ने अफगानिस्तान में किया था। इसका इस्तेमाल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के ठिकाने पर रिमोट कंट्रोल ऑपरेशन, सर्जिकल स्ट्राइक और हिमालय की सीमाओं पर लक्ष्य को टारगेट बनाने में किया जा सकता है। पिछले साल भारतीय नौसेना ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर तनाव के बीच दो शिकारियों को लीज पर लिया था। इससे भारतीय नौसेना दक्षिणी हिंद महासागर में घूमने वाले चीनी युद्धपोतों पर नजर रख रही है।

## टूडो और कनाडा के अधिकारी बार-बार दोहरा रहे निराधार आरोप

**नई दिल्ली (हि.स.)**

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के भारत विरोधी प्रलाप को लेकर कहा है कि वे बिना किसी सबूत और तथ्यों के अपने आरोप दोहरा रहे हैं। ऐसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने टूडो के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने सोमवार को अपनी पत्रकार वार्ता में अपनी पुरानी बातों और तर्कों को दोहराया।

कनाडा के सभी अधिकारी एक ही दावा कर रहे हैं कि हमने विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं और यही बात कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त ने भी लगाए हैं। यह दावे सही नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि कनाडा की पुलिस आरसीएमपी ने प्रेस वार्ता में कुछ व्यक्तियों के भारत से संबंध के बारे में दावे किए थे। किसी भी मामले में उनकी ओर कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। कनाडा के अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं करते कि किस मामले में किसे जवाबदेह बनाया जाए। मंत्रालय सूत्रों ने इस बात पर आश्चर्य जताया है कि पिछले साल उच्चायुक्त (संजय वर्मा) के साथ विस्तार से मामले पर विचार-विमर्श के बाद अब कनाडाई सरकार उन्हें निशाना बना रही है। उल्लेखनीय है कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने दो मंत्रियों के साथ कल एक पत्रकार वार्ता की थी। इसमें भारत के साथ जारी राजनयिक टकराव और कनाडा में भारतीय एजेंसियों के हस्तक्षेप के बारे में आरोपों को दोहराया गया था। प्रेसवार्ता में विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा था कि भारत पर दवाब बनाने के लिए कनाडा जी-7 सहित सभी सहयोगी देशों के साथ विचार-विमर्श करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कनाडा की ओर से भारत पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, उन्होंने कहा कि हमारे लिए सभी विकल्प खुले हैं।

## एससीओ में शामिल होने के लिए पाकिस्तान पहुंचे जयशंकर

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**



विदेश मंत्री जयशंकर एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। वह एससीओ सदस्य देशों के स्वागत के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित डिनर में शामिल होंगे। यह 9 साल में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है। पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज ने अफगानिस्तान पर एक सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2015 में इस्लामाबाद का दौरा किया था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरा। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध केवल आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में ही संभव हो सकते हैं। मंगलवार को जयशंकर के रवाना होने से पहले विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, एससीओ सीएचजी बैठक प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और संगठन के व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर केंद्रित होती है। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ फ्रेमवर्क में सक्रिय रूप से शामिल है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, शरीफ द्वारा आयोजित डिनर मंगलवार को आने वाले नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के लिए एकमात्र आधिकारिक कार्यक्रम है।

### नेतन्याहू का बाइडेन से वादा

## ईरान के परमाणु ऊर्जा केंद्रों को निशाना नहीं बनाएगा इजरायल

**तेलअवीव (हि.स.)**

कुख्यात आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह, हमास और हूती के तीन तरफा आक्रमण का सामना कर रहे इजरायल के रुख में आज कुछ बदलाव दिखा। ईरान, लेबनान और सीरिया को चुनौती देने वाले इजरायल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के आक्रामक तेवरों के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से वादा किया कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के खिलाफ इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गैर-सैन्य साइटें निशाने पर नहीं होंगी। टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार, नेतन्याहू ने बाइडेन से कहा कि इजराइल, ईरान के परमाणु और ऊर्जा स्थलों पर हमला नहीं करेगा। रिपोर्ट के अनुसार इजरायली प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप से बचने के लिए योजनाबद्ध कार्रवाई में कटौती की है। हालांकि, खबर में इस बदलाव का कारक इजरायल को उन्नत एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल वायुरक्षा प्रणाली भेजने के अमेरिकी फैसले को माना जा रहा है।

### कतर के अमीर ने की इजरायल की आलोचना

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने कहा है कि इजरायल ने जानबूझकर वेस्ट बैंक और लेबनान को निशाना बनाया है। यह उसकी पूर्व नियोजित योजनाओं का हिस्सा है। दोहा में कतरी शूरा परिषद के उद्घाटन पर अल-थानी ने कहा कि लेबनान के साथ सीमा पर तनाव को रोकने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका गाजा में युद्ध को रोकना है।

## एजुकेशन/करियर

# इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए झारखंड है बेहतर ऑप्शन

**रजनीश ।** इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए झारखंड भी एक बेहतर ओप्सन है. झारखंड में आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी, बीआईटी मेसरा और जेयूटी जैसे संस्थान है. इन संस्थानों में देश भर के छात्र पढ़ने आते है. पूर्वी भारत का राज्य झारखंड हाल के वर्षों में तकनीकी शिक्षा के केंद्र के रूप में उभरा है. राज्य कई प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों का घर है जो छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं. इस लेख में, हम झारखंड के कुछ शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों के बारे में जानेंगे।

### आईआईटी (आईएसएम), धनबाद


आईआईटी धनबाद, जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएसएम) के रूप में भी जाना जाता है, एक सार्वजनिक इंजीनियरिंग और अनुसंधान संस्थान है. 1926 में स्थापित, यह भारत के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है. संस्थान विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम देता है. सब्जेक्ट इंजीनियरिंग - मिनरल एंड माइनिंग द्वारा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में इसे 41वां स्थान दिया गया है. यह संस्थान अपने अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है और अपने छात्रों के बीच आविष्कार, कल्पना और जिज्ञासा को बढ़ावा देता रहा है। परिसर छात्रों के समग्र विकास के लिए पुस्तकालय, स्वास्थ्य देखभाल, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है। आईआईटी धनबाद में दुनिया भर के छात्रों के साथ एक विविध संकाय और छात्र निकाय है।

| ब्रांच | सीटों की संख्या |
|---|---|
| केमिकल इंजीनियरिंग | 44 |
| सिविल इंजीनियरिंग | 55 |
| कंप्यूटर साइंस | 111 |
| इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग | 98 |
| इसेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन | 99 |
| इंजीनियरिंग फिजिक्स | 25 |
| इनवेरोमेंटल इंजीनियरिंग | 38 |
| मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग इंजीनियरिंग | 44 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 105 |
| माइनिंग इंजीनियरिंग | 105 |
| माइनिग मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 45 |
| पेट्रोलियम इंजीनियरिंग | 72 |
| मिनरल एंड मेटोलॉजिकल इंजीनियरिंग | 36 |
| अप्लाइड जियोलॉजी | 17 |
| अप्लाइड जियोफिक्स | 17 |

### एनआईटी जमशेदपूर

एनआईटी जमशेदपुर भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक है और इसकी स्थापना 1960 में हुई थी. विश्वविद्यालय विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है. परिसर छात्रों के समग्र विकास के लिए पुस्तकालय, स्वास्थ्य देखभाल, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है. संस्थान के पास एक मजबूत उद्योग नेटवर्क और अच्छे प्लेसमेंट रिकॉर्ड हैं. संस्थान अपने अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है और अपने छात्रों के बीच आविष्कार, कल्पना और जिज्ञासा को बढ़ावा देता रहा है।

| ब्रांच | सीटों की संख्या |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 40 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 46 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 45 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 46 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन | 45 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 45 |
| मेट्रोलॉजिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग | 39 |
| प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 25 |
| इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटेशनल | 12 |



### एनआईएमटी

राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएएमची) रांची में स्थित एक सार्वजनिक तकनीकी अनुसंधान संस्थान है. इसकी स्थापना 1966 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज टेक्नोलॉजी के रूप में फाउंड्री और फोर्ज उद्योगों को चलाने के लिए योग्य इंजीनियर और विशेषज्ञ प्रदान करने के लक्ष्य के साथ की गई थी.संस्थान स्नातक स्तर पर पोस्टडॉक्टोरल, डॉक्टरेट और मास्टर कार्यक्रम और स्नातक स्तर पर स्नातक कार्यक्रम और उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एनआईएएमटी विनिर्माण इंजीनियरिंग, औद्योगिक धातुकर्म, और फाउंड्री और फोर्ज क्षेत्रों में परामर्श, दस्तावेज़ीकरण और सूचना पुनर्प्राप्ति सेवाएं भी प्रदान

| ब्रांच | सीटों की संख्या |
|---|---|
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 61 |
| प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 48 |
| कंप्यूटर इंजीनियरिंग | 51 |
| मेटालर्जी एंड मैटेरियल इंजीनियरिंग | 61 |

### ट्रिपल आईटी रांची

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची (ट्रिपल रांची) संस्थान की स्थापना 2016 में एनआईटी जमशेदपुर की तहत की गई थी. ट्रिपल आईटी रांची कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग और अन्य विशेषज्ञता में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम देता है. यह परिसर लड़कों और लड़कियों के लिए पुस्तकालय, स्वास्थ्य देखभाल, खेल, पाठ्येतर गतिविधियों और छात्रावास जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है.

- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग 120
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग 90

### बीआईटी मेसरा

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा एक निजी विज्ञान और इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय है जो रांची में स्थित है. 1955 में परोपकारी और उद्योगपति बी.एम. द्वारा स्थापित। बिड़ला, बीआईटी मेसरा भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक है। विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, वास्तुकला, फार्मेसी और प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है। बीआईटी मेसरा की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान कार्यक्रमों और उद्योग कनेक्शन के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा है। यह परिसर 780 एकड़ में फैला हुआ है और पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं और छात्रावासों सहित अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। बीआईटी मेसरा में विविध संकाय और छात्र निकाय हैं, जिनमें दुनिया भर से छात्र आते हैं। संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड मजबूत है, शीर्ष कंपनियां इसके छात्रों को भर्ती करती हैं। बीआईटी मेसरा को भारत के शीर्ष निजी इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है।

| ब्रांच | सीटों की संख्या |
|---|---|
| बायोटेक्नोलॉजी | 18 |
| केमिकल इंजीनियरिंग | 72 |
| सिविल इंजीनियरिंग | 36 |
| आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग | 32 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 107 |
| इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन | 107 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 72 |
| प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 36 |
| इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | 32 |
| फूड इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी | 18 |
| आर्किटेक्चर | 20 |
| मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग | 38 |
| फिजिक्स क्वानटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डाटा साइंस | 19 |